बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-90, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वैवाहिक रिश्तों को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता 16

मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल 15

एक नजर

दो दिनों के लिए घटाया गया स्कूलों का समय

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग ने अगले दो दिनों के लिए स्कूलों का समय परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 27 और 28 अप्रैल को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। जबकि 28 अप्रैल को रविवार है। आदेश में कहा गया है कि 29 अप्रैल से सभी स्कूलों का समय पहले से जारी समय के अनुसार, सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक विद्यालय खुलेंगे। बता दें कि बीते दिनों गर्मी व लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया था। अब एक बार फिर से समय दो दिनों के लिए परिवर्तित किया गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में हीट वेव का अलर्ट है इसलिए दो दिनों के लिए समय घटाया गया है।

उत्तराखंड में बच्चों को माह में एक दिन बस्ते से छूट

काशीपुर। उत्तराखंड के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार से बस्ता रहित दिवस मनाया जाएगा। माह में एक दिन शनिवार को बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाकर मृदा प्रबंधन, कृषि, बागवानी, मानवीय सेवाएं, वित्तीय प्रबंधन आदि के गुर सीखेंगे। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक वंदना गर्ब्याल ने जिले के हर सीईओ को इस बाबत आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में 12,073 प्राइमरी, 3,434 जूनियर हाईस्कूल व 2,313 इंटरमीडिएट विद्यालय हैं। शिक्षा विभाग ने माह के एक दिन बच्चों को बस्ते से मुक्त रखने की योजना बनाई है ताकि विद्यार्थी पाठ्यक्रम से हटकर व्यावसायिक गतिविधियां, बैंकिंग और हस्तशिल्प हुनर का ज्ञान ले सकें।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम 7 बजे तक प्रदेश में पड़े 54.85 प्रतिशत वोट

उप्र में सबसे कम मतदान, अमरोहा में 64.02% पड़े वोट

56.62% अलीगढ़ | **55.93%** बागपत | **58.70%** मेरठ | **55.79%** बुलंदशहर | **49.65%** गाजियाबाद

नई दिल्ली, एजेंसी/अमृत विचार नेटवर्क

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये। 12 राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा।

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में 64.02 प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.85 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 56.42 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत, असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोस की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है।

बुलंदशहर में ढोल नगाड़े के साथ मतदान केंद्र में जातीं महिलाएं। ● एजेंसी

बेंगलुरू में मतदान के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले।

मथुरा में सबसे कम 49.29 प्रतिशत हुई वोटिंग

लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 54.85 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा सीट पर सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत व सबसे कम मथुरा में 49.29 प्रतिशत मतदान हुआ। कई जगहों पर ईवीएम में खराबी समेत कई शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। इस चरण की अन्य सीटों में मेरठ में 58.70 प्रतिशत, बागपत में 55.93 प्रतिशत, गाजियाबाद में 49.65 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 53.21 प्रतिशत, बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर 55.79 प्रतिशत व अलीगढ़ में 56.62 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर में फर्जी मतदाता की शिकायत आयी थी, पर वह गलत पाई गई। ईवीएम में खराबी समेत विभिन्न शिकायतों का समय रहते निस्तारण कराया गया।

चौथे चरण में 82 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र रद

लखनऊ: प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव में 82 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र रद्द हो गए। 138 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। ददरौल विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध मिले। प्रत्याशियों के नाम वापसी की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में 11, खीरी में एक, धौरहरा में तीन, सीतापुर में नौ, मिश्रिख में एक, उन्नाव में 10, फर्रूखाबाद में आठ, इटावा में सात, कन्नौज में 11, कानपुर में 13, अकबरपुर में पांच व बहराइच में तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गए।

मतों का वीवीपैट से शत प्रतिशत मिलान और मतपत्रों से चुनाव कराने का सुप्रीम कोर्ट से किया गया था अनुरोध

ईवीएम सुरक्षित, हेरफेर का संदेह बेबुनियाद

नई दिल्ली, एजेंसी

ईवीएम में हेरफेर के संदेह को बेबुनियाद करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मतपत्रों से मतदान कराए जाने का निर्देश देने के अनुरोध को शुक्रवार को खारिज कर दिया। कहा कि ईवीएम सुरक्षित है तथा इसने मतदान केंद्रों पर कब्जा एवं फर्जी मतदान होने पर विराम लगा दिया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने चुनावों में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच प्रतिशत ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर चिप के सत्यापन की मांग करने की अनुमति दे दी। इसके लिए इन उम्मीदवारों को आयोग को एक लिखित आवेदन देना होगा तथा इसके लिए शुल्क अदा करना होगा।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं खारिज कर दीं। न्यायालय ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलू पर आंख मूंदकर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है। न्यायालय ने कहा कि मतदाताओं को वीवीपैट पर्चियां देना समस्या पैदा करेगा और यह अव्यावहारिक है तथा यह इसका दुरुपयोग किए जाने एवं विवादों को बढ़ावा देगा। निर्देश दिया कि एक मई से, चिह्न लोड करने की यूनिट को एक कंटेनर में सील व सुरक्षित किया जाए और चुनाव नतीजों की घोषणा के कम से कम 45 दिनों की अवधि तक स्ट्रांग रूम में ईवीएम के साथ रखा जाए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रणाली का फिर से उपयोग करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिकाएं खारिज कर दीं और कहा कि बगैर सबूत के बार-बार तथा लगातार संदेह जताए जाने से अविश्वास पैदा करने के नुकसानदेह प्रभाव पड़ सकते हैं। पीठ ने कहा, मतदान प्रणाली सरल, सुरक्षा, जवाबदेही और सटीकता के सिद्धांतों के अनुरूप होनी चाहिए। एक अत्यधिक जटिल प्रणाली संदेह और अनिश्चितता पैदा कर सकती है, जिससे हेरफेर की गुंजाइश आसान हो जाती है।

न्यायालय ने कहा, हमारा मानना है, ईवीएम सुरक्षित और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल है। मतदाता, उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि तथा निर्वाचन आयोग के अधिकारी ईवीएम प्रणाली की मूलभूत विशेषताओं से अवगत हैं। इसने कहा कि ईवीएम को हैक करने या इसमें हेरफेर करने या नतीजों को बदलने की संभावना नहीं है। न्यायालय ने कहा, इसलिए, ईवीएम में बार-बार एक खास उम्मीदवार को वोट दर्ज करने के लिए इसमें हेरफेर किए जा सकने का संदेह खारिज किया जाना चाहिए। पीठ की ओर से 38 पन्नों का फैसला लिखते हुए न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि वीवीपैट को शामिल कर एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली, जो मतदाताओं को यह जानने में सक्षम बनाती है कि उनके वोट सही ढंग से दर्ज किए गए हैं या नहीं, वोट सत्यापन के सिद्धांत को मजबूत करता है जिससे चुनावी प्रक्रिया की समग्र जवाबदेही बढ़ जाती है।

सभी याचिकाएं खारिज

- **पराजित उम्मीदवार विधानसभा क्षेत्रों में पांच प्रतिशत ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर चिप का सत्यापन करा सकेंगे**
- **चिह्न लोड करने की यूनिट को चुनाव नतीजों की घोषणा के 45 दिनों तक स्ट्रांग रूम में ईवीएम के साथ रखा जाए**

कोर्ट ने कहा – जनहित याचिकाएं दायर करने वालों को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भारत की प्रगति को बदनाम करने, कमतर करने और कमजोर करने का एक समन्वित प्रयास किया जा रहा है और ऐसे किसी भी प्रयास को नाकाम किया जाना चाहिए। किसी भी पहलू पर आंख मूंदकर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है।

ईवीएम पर कोर्ट का फैसला कांग्रेस के लिए करारा तमाचा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह फैसला कांग्रेस नीत विपक्ष के लिए करारा तमाचा है और ईवीएम को लेकर अविश्वास पैदा करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। मोदी ने कहा राजद-कांग्रेस और इंडी गठबंधन को न देश के संविधान और न ही लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना।

नए सिरे से चुनाव कराने की याचिका पर आयोग से जवाब मांगा

नई दिल्ली। आम चुनाव के बीच उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका पर निर्वाचन आयोग से जवाब देने को कहा जिसमें नोटा के विकल्प को अन्य उम्मीदवारों से अधिक वोट मिलने पर चुनाव रद्द करने और नए सिरे से मतदान कराने के लिए नियम बनाने का अनुरोध किया गया है। लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता शिव खेड़ा की एक जनहित याचिका पर निर्वाचन आयोग को ये नोटिस जारी किया। गुजरात के सूरत में हुए घटनाक्रम को देखते हुए यह याचिका महत्वपूर्ण है। सूरत सीट से भाजपा के सुरेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। वहां पर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन खारिज हो गया था और अन्य प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिए थे। निर्वाचन अधिकारी ने नोटा के विकल्प पर कोई ध्यान नहीं दिया।

डबल डेकर बस में मिले 97 बच्चे, बाल तस्करी का शक

अयोध्या, कार्यालय

- **अरुणाचल प्रदेश से सहारनपुर मदरसा लाए जा रहे थे बच्चे**
- **संयुक्त टीम ने हाईवे पर पकड़ा, संरक्षण गृह भेजने की तैयारी**

अमृत विचार : राज्य बाल आयोग के निर्देश पर टीम ने शुक्रवार को लखनऊ- गोरखपुर राजमार्ग से डबल डेकर बस पकड़ी। बस में 97 बच्चे सवार मिले।

दिल्ली की एनजीओ मुक्ति फाउंडेशन ने राज्य बाल आयोग से शिकायत की थी कि बिहार के अररिया जिले से बच्चों को अरुणांचल प्रदेश में बस से गोरखपुर और लखनऊ के रास्ते सहारनपुर ले जाया जा रहा है, जिसके बाद आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने जिले के बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, डीपीओ, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना समेत जिला पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई के लिए कहा।

इसके बाद सक्रिय हुई संयुक्त टीम ने अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में देवकाली स्थित एक होटल के सामने संबंधित डबल डेकर बस को शुक्रवार दोपहर रोक लिया। बस में अन्य सवारियों के साथ चार साल से 12 साल उम्र के कुल 97 बच्चे सवार मिले। इनके साथ सहारनपुर जिला स्थित एक मदरसा के प्रबंधक और शिक्षक भी थे। सभी को पुलिस लाइंस लाकर काउंसिलग और पूछताछ की गई। छानबीन में संयुक्त टीम को केवल दो बच्चों के अभिभावक मौके पर मौजूद मिले हैं। अन्य बच्चों की ओर से काउंसलिंग में स्पष्ट बात न बता पाने और साथ मौजूद लोगों के पास बच्चों के अभिभावकों का सहमति पत्र न होने के चलते संयुक्त टीम की ओर से बच्चों के अभिभावकों को सूचना देकर बुलाया गया है। फ़िलहाल अभी तक की जाँच में बाल तस्करी की बात साबित नहीं हो पाई है। बच्चों के साथ मौजूद सहारनपुर के जामिया रफ़ीकिया तहफीजुल मदरसा के प्रबंधक तौसीफ अली का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वह मदरसे का नया सत्र शुरू होने के बाद बच्चों को उनके माता-पिता की मर्जी से लेकर मदरसे जा रहे थे।

मौजूद लोग बच्चों को अपने साथ ले जाने का कोई अधिकार पत्र नहीं दिखा पाए। जिसके चलते बच्चों का मेडिकल करवा देखेरख के लिए लखनऊ स्थित बाल संरक्षण गृह भेजा जा रहा है। अभिभावकों के आने के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

बरेली में मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

कार्यालय संवाददाता,बरेली

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नाथ नगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

भगवामय माहौल में शंख और डमरू की ध्वनि के बीच राजेंद्रनगर के स्वयंवर बरातघर से शुरू हुए रोड शो पर शुरू से आखिर तक फूल बरसते रहे। हाथ में पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री 45 मिनट में शहीद पंकज अरोरा चौक पहुंचे। इस बीच कई बार लोग नजदीक आने की कोशिश में बेकाबू हो गए।

रोड शो शाम करीब 6:55 बजे शुरू हुआ। सजे-धजे रथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सांसद संतोष गंगवार और छत्रपाल गंगवार के साथ आगे बढ़े तो जन समुदाय में तेज हलचल के साथ उद्घोष शुरू हो गए। हर कोई प्रधानमंत्री को नजदीक से देखने के लिए आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा था। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सभी का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ते रहे। समापन स्थल पहुंचने तक रोड शो में करीब 12 जगह पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया।

रोड शो को भव्य बनाने के लिए रूट पर पड़ने वाले सभी घरों और दुकानों के बाहर जय श्रीराम लिखवाया गया था। इसके अलावा भगवा झंडे और नाथ नगरी के पोस्टर भी लगाए गए थे। रोड शो के दौरान उत्साहित भीड़ लगातार जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाती रही। रथ के आगे और पीछे कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया गया था।

बरेली के राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- **मुख्यमंत्री के साथ रथ पर सवार प्रधानमंत्री लगातार करते रहे भीड़ का अभिवादन**

कांग्रेस के मंसूबों पर वोट के माध्यम से पानी फेरना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्यमंत्री ने मीडिया से साझा बयान में कांग्रेस की सोच को बताया देश के लिए हानिकारक**

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया है। योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी थी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सत्ता से कोसों दूर होने पर भी क्या मानसिकता है, इसपर लगातार जनता का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। इनकी मंशा को सफलता न मिले, इसलिए ये जरूरी हो जाता है कि जनता समय रहते अपने एक-एक वोट के जरिए इसपर पानी फेरने का काम करे।

योगी के मुताबिक, कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। उन्होंने कहा, विरासत की संपत्ति का आधा हिस्सा ले लेने और पर्सनल लॉ जैसे कानून को फिर से लागू करने की बात ये लोग कर रहे हैं। इस देश का विभाजन इन्हीं कारणों से हुआ था।

मुजफ्फरनगर में एमबीबीएस छात्रा की हत्या

मुजफ्फरनगर। एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा की मंसूरपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले में एमबीबीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार औरैया जिले के निवासी राहुल चौहान की बेटी कीर्तिका (22) का शव बृहस्पतिवार देर रात जिले के मंसूरपुर थाने के बेगराज़पुर गांव में रेल पटरी के पास बरामद हुआ। परिजनों ने एमबीबीएस के एक छात्र पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

कार में आग से बच्चे और मां की जलकर मौत

कासगंज। ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। माइल स्टोन से टकराकर कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार सवार ढाई माह का बेटा और उसकी मां जिंदा जल गए। कार चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफियाबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव, 25 वर्षीय पत्नी मीना और ढाई माह के बेटे के साथ गुरुवार की देर रात मथुरा जा रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कैनाल बाइपास से गुजर रही थी कि ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भगवंतपुर के समीप सड़क किनारे मार्ग की दूरी दर्शाने के लिए लगे पत्थर से कार टकरा गई।

केजरीवाल ने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को किताबों नहीं मिलने के मुद्दे पर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को लताड़ लगाई और कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि उन्होंने राजनीतिक हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है।

अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार की सत्ता के समायोजन में रुचि है। दिल्ली सरकार के वकील ने उच्च न्यायालय को बताया कि इस मामले में केजरीवाल से मंजूरी की आवश्यकता है, जिसके बाद अदालत ने यह तल्ख टिप्पणी की। केजरीवाल, 2021 की आबकारी नीति के संबंध में कथित धन शोधन के मामले में हिरासत में हैं। अदालत ने कहा कि अब तक हमने विनम्रतापूर्वक इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है लेकिन मौजूदा मामले ने उजागर कर दिया कि यह गलत है।

अदालत इस मामले में सोमवार को आदेश पारित करेगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा, मुझे यह कहते हुए बेहद दुख हो रहा है कि आपने अपने हित को विद्यार्थियों और पढ़ने वाले बच्चों के हित से ऊपर रखा। यह स्पष्ट है और हम मानते हैं कि आपने अपने राजनीतिक हित को सबसे ऊपर रखा है। यह गलत है और यही बात इस मामले में उजागर हुई है। अदालत ने दिल्ली सरकार के वकील से कहा कि उनका मुवक्किल 'केवल सत्ता के इस्तेमाल में रुचि रखता है। पीठ ने कहा, हमें नहीं पता कि आप कितनी शक्ति चाहते हैं। समस्या यह है कि आप शक्तियां हथियाने की कोशिश कर रहे हैं, यही वजह है कि आपको शक्ति नहीं मिल रही है। अदालत ने कहा कि अगर वह (केजरीवाल) चाहते हैं कि प्रशासन पंगु हो जाए तो यह मुख्यमंत्री का व्यक्तिगत विचार है। पीठ ने कहा कि नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों को सभी को साथ लेकर चलना होगा क्योंकि यह एक व्यक्ति के प्रभुत्व का मामला नहीं हो सकता है। दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि वह मुख्यमंत्री की ओर से पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि निगम की स्थायी समिति की अनुपस्थिति के मद्देनजर अगर एमसीडी आयुक्त वित्तीय मंजूरी के लिए औपचारिक अनुरोध करते हैं तो किताबों की आपूर्ति का मुद्दा हल हो जाएगा।

हाईकोर्ट ने आप सरकार को लगाई लताड़

बच्चों को किताबों नहीं मिलने के मुद्दे पर हाईकोर्ट ने कहा– गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने हुए हैं, जो दर्शाता है कि सत्ता का इस्तेमाल करने में उनकी रूचि है।

दिल्ली सरकार के पास 3 हजार फाइलें लंबित

नई दिल्ली। भाजपा की दिल्ली इकाई ने दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित तीन हजार से अधिक फाइल विभिन्न मंत्रियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री के पास कई वर्षों से लंबित हैं। आप सरकार की ओर से इस आरोप पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया, केजरीवाल सरकार प्रशासन और शासन के लिए नहीं बल्कि प्रचार और भ्रष्टाचार के लिए है। इसके अलावा महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़ी 420 फाइल ऐसी हैं जो मुख्यमंत्री के स्तर पर लंबित हैं।

साल में 2 बार सीबीएसई परीक्षा कराने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे।

सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। सूत्र ने बताया 2025-26 शैक्षणिक सत्र से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है। हालांकि, सेमेस्टर प्रणाली को लागू करने की कोई योजना नहीं है। मंत्रालय की प्रारंभिक योजना 2024-25 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने की थी।

9,746 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से डाला वोट

85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता व दिव्यांगों के घर जाकर टीम ने कराया मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 9,746 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं के घर पर जाकर मतदान दल ने मतदान कराया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान के लिए मतदान दल के साथ एक माइक्रोआब्जर्वर व वीडियोग्राफर की तैनाती की गई थी। प्रत्याशियों को सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखने के लिए स्वयं या उनके अभिकर्ता को भेजने के लिए मतदान दल का शिड्यूल उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा कुल 54,537 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी की ओर से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 12,658 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया।

दूसरे चरण के मतदान की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 12 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। इसके अलावा 1451 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 190 जोनल मजिस्ट्रेट, 222 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1599 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये थे। निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक व एक वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। सभी जगहों पर पर्याप्त मात्रा में अर्धसैनिक व प्रदेश पुलिस बल तैनात किया गया।

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है। उन्होंने बताया कि मॉक पोल के दौरान कुल 24 बैलेट यूनिट, 213 कन्ट्रोल यूनिट व 469 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम तक कुल 48 बैलेट यूनिट, 48 कंट्रोल यूनिट व 208 वीवीपैट बदले गये।

इनका भाग्य ईवीएम में कैद

इस चरण के चुनाव में मथुरा से भाजपा प्रत्याशी अभिनेत्री हेमा मालिनी व मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता अरुण गोविल समेत 91 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। कुल प्रत्याशियों में 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे।

केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 5वें चरण के लिए 3 मई तक होंगे नामांकन

अमृत विचार : प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा व भाजपा सांसद लल्लू सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। तीन मई नामांकन की अंतिम तारीख निर्धारित है। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जालौन (अजा) में भाजपा से केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने नामांकन किया, जबकि हमीरपुर में भाजपा से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह, बाराबंकी (अजा) में भाजपा से राजरानी रावत व फैजाबाद में भाजपा से लल्लू सिंह ने नामांकन किया। पांचवें चरण की अन्य सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए भाजपा से ओम प्रकाश श्रीवास्तव व कांग्रेस से मुकेश सिंह चौहान ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीट पर सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये व अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी।

95 लाख तक खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर-सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम तीन वाहन व प्रत्याशी सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी।

एक नजर

उड़ीसा से यूपी लाए जा रहे 90 लाख के गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने शुक्रवार को उड़ीसा से यूपी के लिए लाए जा रहे करीब 90 लाख कीमत का गांजा पकड़ा है। एसटीएफ ने तीन आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। माल की तौल कराने पर तीन कुंटल 62 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों के मुताबिक समस्त माल यूपी में सप्लाई होनी थी। सूचना पर एएसपी विशाल विक्रम सिंह ने प्रयागराज टीम को सक्रिय किया। फूलपुर के पास टीम पहुंचने पर आयसर ट्रक रोका गया, सूचना सही मिली। इस दौरान तीन आरोपियों गोपीगंज निवासी जगदीश जायसवाल, सराय इनायत निवासी गुलाम हसन और ललित सिंह को मौके पर गिरफ्तार किया गया। एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि अवैध मादक पदार्थों का यह कारोबार उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से लंबे समय से हो रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करके कई अन्य सूचनाएं भी प्राप्त की गई हैं।

अवैध कट बंद करें, चेतावनी बोर्ड लगाएं अगर फिर खुलें तो कराएं एफआईआर

प्रमुख सचिव परिवहन ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रमुख सचिव ने कहा कि एनएचएआई मार्गों पर अवैध कट बंद कर चेतावनी बोर्ड लगाएं। बंद किये गये अवैध कट अगर क्षतिग्रस्त किये गए हैं तो इस पर दंडनीय कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए जिम्मेदार पर एफआईआर कराई जाए।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के बीच ही शुक्रवार को टिहरी कोठी स्थित परिवहन निगम मुख्यालय में समिति से जुड़े सभी स्टेक होल्डर (हितधारक) के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सचिव परिवहन एल.वेंकटेश्वर लू ने की। इसमें परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व), लोनिवि, एनएचएआई, यीडा, यूपीडा, स्थानीय निकाय, पुलिस, बेसिक/माध्यमिक/उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की समीक्षा करते प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू।

प्रमुख सचिव ने कहा कि टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग की सूचना प्रत्येक माह संबंधित जिले के परिवहन अधिकारी को दी जाए। टोल प्लाजा पर स्थापित वे-इन मोशन को क्रियाशील बनाया जाए और इनका अनुश्रवण नियमित रूप से किया जाए। एनएचएआई ने बताया कि संस्था से जुड़े मार्गों पर चिह्नित कुल 3,504 जंक्शन में से 150 जंक्शनों पर व्यवस्था सुचारू करने की बात कही। टैक्टर-ट्रालियों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाया जा रहा है।

प्रमुख सचिव, परिवहन ने कहा कि परिवहन, पुलिस और यातायात विभाग जागरूकता अभियान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए अभियोगों हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्रंकन ड्राइविंग, रांग साइड ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करें।

▸▸ विभिन्न विभागों और संस्थाओं से जुड़े सभी हितधारक बैठक में हुए शामिल

हादसों के प्रभावितों से संवाद कर जानें विचार

उच्च एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि एनसीसी/एनएसएस/स्काउट गाइड के माध्यम से प्रमुख चौराहों/मलिन बस्ती एवं ग्रामों में सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रमुख सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल एवं मृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को आमंत्रित करें और उनके विचारों को छात्रों के मध्य साझा करें। रोड सेफ्टी क्लब एवं वालेंटियर्स के माध्यम से 18 वर्ष से कम आयु के युवाओं को वाहन न दिया जाए। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, स्टंट न करने, रांग साइड ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न किये जाने के बारे में जागरूक किया जाये।

सड़क दुर्घटनाओं में आई गिरावट

हादसों और मौत के आंकड़ों में वर्ष की पहली तिमाही राहत देने वाली

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अरसे बाद राहत देने वाली खबर सामने आई है। पिछले करीब एक दशक से साल-दर-साल लगातार बढ़ रहे हादसे और उनसे होने वाली मौतों की संख्या में वर्ष-2024 की प्रथम तिमाही में ब्रेक लगा है। न केवल हादसे और मौतों की संख्या में कमी दर्ज की गई, बल्कि आंकड़ों का यह ग्राफ माइनस में पहुंच गया है। बीते वर्ष यानी साल 2023 में पहली जनवरी से 31 दिसंबर के बीच सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 6.7 फीसद की बढ़ोतरी हुई थी और मृतकों की संख्या में 4.7 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया था। लेकिन इस साल आए प्रथम तीन माह (जनवरी, फरवरी, मार्च-2024) में दुर्घटनाओं और जनहानि के घटे आंकड़ों ने राहत का अहसास कराया है। आंकड़ों के घटने का यह क्रम स्थायी बना रहे तो सफर और सुरक्षित रहेगा।

जनवरी से मार्च तक के आंकड़े

पिछले वर्ष (2023)

सड़क हादसों की संख्या - 10,782

मृतकों की संख्या - 5,971

इस वर्ष (2024)

सड़क हादसों की संख्या - 10,472

मृतकों की संख्या - 5,698

बीते दो वर्ष का ग्राफ

वर्ष	दुर्घटनाएं	मौत
2022	41,746	22,595
2023	44,534	23,652

नोट - साल 2022 की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2023 तक हादसों में 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ था।

निश्चित तौर पर प्रथम तीन माह के आंकड़े राहत देने वाले हैं। कोशिश होगी कि पहली तिमाही की तरह इनमें लगातार कमी बनी रहे और जनहानि का ग्राफ सिमटता रहे। इस साल भी मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह द्वारा जारी की गई गाइडलाइन पर ठोस पहल करने को कहा गया है। टॉप-20 जिलों में हर हाल में सुरक्षित सड़क तय करने को कहा गया है। साथ ही करीब 40 फीसद हादसों के स्थानों यानी टी-वाई जंक्शन पर कदम उठाने और सख्त निगरानी को कहा गया है।

- पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

पोर्टल चालू आठ हजार शिकायतों के क्लेम गोल

अमृत विचार, लखनऊ : तकनीकी खराबी में फंसा प्रधानमंत्री फसल बीमा का पोर्टल तो चालू हो गया है। लेकिन, बीमा कंपनियों ने रबी फसलों के नुकसान की आठ हजार शिकायतों का आकलन और भुगतान नहीं किया है। इस पर कृषि विभाग ने कंपनियों को पत्र जारी कर चेतावनी दी है। प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं समेत रबी की अन्य फसलें बर्बाद हुईं थीं। उस समय बीमित फसलों की करीब आठ हजार शिकायत टोलफ्री नंबर पर किसानों ने दर्ज कराई थी। यह व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति थी, जो एक माह में आकलन कर किसानों को भुगतान करनी थी। लेकिन, कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाईं। भुगतान की बारी आई तो पोर्टल तकनीकी खराबी से बंद हो गया। यह भी बहाना काफी दिन चला। इस सप्ताह पोर्टल चालू हुआ तो कंपनियों ने गंभीरता नहीं दिखाई है। उपनिदेशक कृषि निदेशालय उमाशंकर सिंह ने बताया कि प्रक्रिया चल रही है। कंपनियों को भुगतान करने के लिए पत्र जारी किया है।

लखनऊ मंडल की 51 ग्राम पंचायतों में बाहर से भुगतान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मंडल के जिलों की 51 ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय के बजाय बाहर से भुगतान किया गया। पकड़े जाने पर उपनिदेशक ने सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक व प्रधान पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का भुगतान ग्राम सचिवालय के कंप्यूटर और गेटवे पोर्टल से करना अनिवार्य है। उपनिदेशक लखनऊ मंडल गिरीश चंद्र रजक ने 1 से 31 मार्च तक गेटवे पोर्टल से भुगतान की समीक्षा की तो लखनऊ मंडल की 51 ग्राम पंचायत में बाहर से भुगतान करना पाया। इनमें हरदोई की दो, लखीमपुर खीरी की 27, लखनऊ की एक, रायबरेली की एक, सीतापुर की 14, उन्नाव की छह ग्राम पंचायत हैं।

शासन के निर्देशों का उल्लंघन पर संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक व प्रधान पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सांसद संघमित्रा मौर्या की याचिका हाईकोर्ट में खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिना तलाक कथित दूसरी शादी का है आरोप

अमृत विचार : कथित रूप से बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने व धोखा देने के आरोप के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्या को राहत देने से इंकार कर दिया है। न्यायालय ने कहा है कि संघमित्रा मौर्या को तलब किए जाने का आदेश पारित कर निचली अदालत ने कोई त्रुटि नहीं की है।

न्यायालय ने यह भी कहा कि इसी मामले में 12 अप्रैल को भाजपा सांसद के पिता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या की याचिका भी खारिज की जा चुकी है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने परिवाद की कार्यवाही को निरस्त किए जाने की मांग वाली संघमित्रा मौर्या की याचिका को खारिज कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। पत्रावली के अनुसार, सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने बताया कि संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक हो गया है। लिहाजा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर ली, हालांकि बाद में जब उसे संघमित्रा के तलाक न होने की बात का पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

उक्त परिवाद को चुनौती देते हुए संघमित्रा की ओर से दलील दी गई कि परिवादी द्वारा लगाए गए आरोपों में काफी विरोधाभास है, जिन पर ध्यान देते हुए निचली अदालत ने याची को तलब किया है। कहा गया कि निचली अदालत ने अपने न्यायिक मस्तिष्क का प्रयोग नहीं किया है। हालांकि न्यायालय ने इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित तलबी आदेश में कोई कमी नहीं है।

रेमंड यादव 'लंदन वाला' बन कर युवती को ठगा

युवती को प्रेमजाल में फंसाने वाला आरोपी निकला नाइजीरिया का नागरिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एसटीएफ ने दिल्ली से किया गिरफ्तार, कई नाइजीरियन ठगी के धंधे में शामिल

▸▸ करोड़ों रुपये के पाउंड व महंगी ज्वेलरी आदि गिफ्ट भेजने के नाम पर की गई ठगी

अमृत विचार : इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स आदि पर रेमंड यादव लंदन के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर आलमबाग की एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर ठगने वाले एक नाइजीरिया के नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी दिल्ली से की है। एसटीएफ द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी क्लिटस ओबियाजी ने बताया कि नाइजीरिया के तमाम युवक इसी तरह से ठगी के काम लगे हुए हैं। नाइजीरियन के पास से 10 मोबाइल, नाइजीरिया का फर्जी पासपोर्ट, आईडी और निर्वाचन कार्ड भी बरामद किया गया है।

मामले को देख रहे एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि मई 2023 से इस मामले को फॉलो किया जा रहा था। आलमबाग की एक युवती से फेसबुक पर रेमंड यादव लन्दन के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर दोस्ती की गई और उसे प्रेमजाल में फंसाकर करोड़ों रुपये के पाउंड व महंगी ज्वेलरी आदि गिफ्ट भेजने की बात बताई गई। अन्य महिला द्वारा कॉल कर खुद को दिल्ली एयरपोर्ट की कस्टम अधिकारी बता कर वीडियो काल पर एक पैकेट दिखाया गया, जिसमें ज्वेलरी व महंगे गिफ्ट आदि थे। गिफ्ट प्राप्त करने के लिए कस्टम चार्ज के रूप में 25,900 जमा करने को कहा गया। युवती द्वारा कथित महिला कस्टम अधिकारी द्वारा बताये गये खाते में गूगल-पे के माध्यम से भेज दिया गया। जिसके बाद बताया गया कि आपके पैकेट में लगभग 10 लाख कीमत के पाउंड हैं, जिसके लिये फाइनेन्स डायरेक्टर का सर्टिफिकेट लेना पड़ेगा, इस सर्टिफिकेट के लिये 10 हजार रुपये जमा करने होंगे। 10 हजार जमा करने के बाद फर्जी अधिकारी द्वारा फाइनेन्स डायरेक्टर के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया एवं बताया गया कि पाउंड को इंडियन करेन्सी में बदलने के लिए 85,000 जमा कर सर्टिफिकेट लेना होगा। युवती द्वारा उक्त 85,000 रुपए जमा करने के पश्चात रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया। फिर टैक्स जमा करने के नाम पर 7,500 रुपये फिर जमा करने की बात कही गई। रुपये जमा करने के बाद एक और कूचरचित दस्तावेज भेजा गया।

आरोपी क्लिटस ओबियाजी

इसके कई दिनों बाद तक पैकेट रिसीव न होने पर युवती द्वारा फर्जी कस्टम अधिकारी से व्हाट्सएप पर बात की गई तो बताया गया कि आपके पैकेट में करोड़ों रुपये के पाउंड निकल आये हैं। आपके ऊपर तो मनी लांड्रिंग का मामला बन रहा है, बताकर रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया का सर्टिफिकेट दिलाकर केस खत्म कराने के लिए 10,000 रुपये और जमा करा लिया। दो दिन तक पैकेट रिसीव न होने पर युवती द्वारा पता किया गया तो पता चला की उसके साथ ठगी हो गई है।

एलडीए उपाध्यक्ष की सास को मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बेनामी संपत्ति मामले में जारी नोटिस हाईकोर्ट ने की खारिज

अमृत विचार : बेनामी सम्पत्ति के आरोप के एक मामले में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी की सास मीरा पांडेय को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय ने उनके खिलाफ बेनामी सम्पत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम (पीबीपीटी एक्ट) के तहत आयकर विभाग द्वारा जारी नोटिस व सम्पत्ति के अस्थाई (प्रोविजनल) अटैचमेंट के आदेश को खारिज कर दिया है। उक्त नोटिस में सम्पत्ति का लाभार्थी इंद्रमणि त्रिपाठी को बताया गया था।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने मीरा पांडेय की याचिका पर पारित किया है। याचिका में 5 जनवरी 2023 को जारी नोटिस व प्रोविजनल अटैचमेंट के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिका में जिस नोटिस व आदेश को चुनौती दी गई थी, वह सृजन विहार कॉलोनी की एक सम्पत्ति के सम्बंध में जारी की गई थी। याचिका का विरोध करते हुए आयकर विभाग की ओर से ठेकेदार मेसर्स विष्णु मित्र बिल्डकॉन के पार्टनर कृष्ण कुमार दूबे के बयान का हवाला दिया गया जिसमें उसने स्वीकार किया था कि उक्त सम्पत्ति के वास्तविक मालिक एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी हैं। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि आयकर विभाग के पास उक्त ठेकेदार के बयान के सिवाय कोई भी ठोस दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है। न्यायालय ने कहा कि बेनामी सम्पत्ति अधिनियम के तहत प्रक्रिया शुरू करने के लिए मात्र ठेकेदार का बयान पर्याप्त आधार नहीं है।

मुद्दा | एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं व समर्थकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप

चुनावी राजनीति में मंगलसूत्र की खींचतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रियंका के बाद डिंपल ने मंगलसूत्र पर दी दुहाई तो एनडीए समर्थित महिलाओं ने इस पर मांगा हिसाब

अमृत विचार : मोदी की गारंटी से लेकर हिंदू-मुसलमान, अयोध्या, घुसपैठिया, जाति जनगणना जैसे गूंज रहे मुद्दों के बीच अचानक चुनाव में 'मंगलसूत्र' हावी हो गया लगता है। कांग्रेस के घोषणा-पत्र से निकले मंगलसूत्र (मुद्दे) को झपटने की मानो एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच खींचतान मची हो। विषय महिलाओं से जुड़ा है नतीजतन, इंडी खेमा जहां मंगलसूत्र की दुहाई दे रहा वहीं, एनडीए समर्थित खेमे की महिलाएं उन्हें इसके लिए जवाबदेह ठहरा रही हैं। कुल मिलाकर देश की करोड़ों महिलाओं का मंगलसूत्र मौजूदा लोकसभा चुनाव के संघर्ष में नया मुद्दा बनकर उभरा है।

दरअसल, सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र में दर्ज विरासत टैक्स पर सवाल खड़े करते हुए आमजन को समझाया कि ये आपका मंगलसूत्र तक बचने नहीं देंगे। फिर क्या था, इस बार मंगलसूत्र को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने लपका। प्रियंका ने कहा, मेरी मां सोनिया गांधी का मंगलसूत्र इस देश पर कुर्बान हो गया। सच्चाई यह है कि ये (भाजपा) लोग महिलाओं के संघर्ष को नहीं समझ सकते। बस इसके बाद तो मुद्दे की छीनाझपटी की तरह दोनों खेमों के नेताओं का मंगलसूत्र पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया। ऐसा लगता है कि इसके आगे सारे मुद्दे भी कहीं गौण हो गए।

अमेठी से चुनाव लड़ रहीं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने भी वहां की एक जनसभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए स्त्रियों के गहनों को लेकर आमजन को कांग्रेस की मंशा बतायी। वहीं, मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने पुलवामा घटना का जिक्र करते हुए सवाल किया कि उन जवानों की पत्नी के मंगलसूत्र किसने छीने?

अब इस तीखी राजनीतिक बयानबाजी के बाद सपा नेत्री डिंपल यादव उन महिलाओं के निशाने पर आ गई हैं, जिनके पतियों की हत्या उस दौरान हुई, जब सपा की सरकार थी। डिंपल के सवाल पर पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय, प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल और वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने पलटवार किया और अपने-अपने मंगलसूत्र का हिसाब डिंपल यादव से मांगा।

अतीक अहमद गैंग का शिकार बने प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा कि मेरी जैसी कई बहनों का मंगलसूत्र सपा पोषित माफियाओं ने छीना है। उस वक्त डिंपल कहां थी, जब मेरे पति और दो पुलिसकर्मियों को गोलियों से छलनी किया जा रहा था। कहा कि हमारे बहादुर जवानों ने पुलवामा हमले का बदला सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए पूरी बहादुरी से ले लिया है।

वहीं, पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय ने भी मीडिया से साझा एक प्रतिक्रिया में कहा कि मेरे पति की हत्या के वक्त सात लोगों की हत्या हुई थी। उस वक्त लाल कृष्ण आडवाणी और राजनाथ सिंह जैसे नेता धरने पर बैठे थे, मगर सपा का कोई नेता हमारे आंसुओं को पोंछने नहीं आया।

इसी कड़ी में वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने भी डिम्पल यादव के बयान पर कहा कि वह पुलवामा मामले में न बोलें तो अच्छा होगा। क्योंकि पुलवामा को लेकर मोदी सरकार बेहतर ढंग से हिसाब किताब कर रही है। स्पष्ट है कि, राष्ट्रीय बहस के बन चुके इस विषय को प्रदेश की खास महिलाओं ने भी पकड़ लिया है।

फर्जी प्रमाणपत्रों पर नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर बीटीसी शिक्षक की नौकरी कर रहे एक व्यक्ति को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि प्रमाणपत्र के आधार पर आधार कार्ड और पैन कार्ड में पिता का परिवर्तित नाम पाया गया। कार्रवाई एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश शाही के नेतृत्व में की गई।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि राजीव शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी मामखोर, गगहा गोरखपुर, के खिलाफ सूचना प्राप्त हुई थी। इस दौरान देवरिया के बीएसए से राजीव शुक्ला से जुड़े अभिलेख मांगे गए। पता चला कि किसी अन्य के आधार कार्ड और पैन कार्ड के आधार पर नाम आदि को परिवर्तित कराकर अभिलेखों के रूप में शामिल कराया गया है। जबकि असल स्थिति दूसरी पाई गई। ऐसी स्थित में राजीव शुक्ला को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

शहर में आज

- गुरुद्वारा श्री गुरसिंहसभा मानसरोवर में गुरु तेग बहादुर जी महाराज का तीन दिवसीय 403वां प्रकाश पर्व का आयोजन - 10 :00 बजे
- उद्यान भवन सप्रू मार्ग में वरिष्ठ नागरिक महासमिति उत्तर प्रदेश का वार्षिक अधिवेशन - 10 :00 बजे।
- एसजीपीजीआई के एचजी खुराना ऑडिटोरियम में पार्किंसंस रोग पर जागरूकता कार्यक्रम - 2 :00 बजे।
- लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में उत्तर प्रदेश कला समागम की ओर से तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी प्रथम सोपान का आयोजन- 5 :00 बजे।

एक नजर

डॉ. अमरजीत को मिला योग वैभव अवॉर्ड

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक एवं कॉर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को योग वैभव अवार्ड मिला है। यह अवार्ड आरके एजुकेशन सोसाइटी की ओर से योग शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को लेकर दिया गया गया है। डॉ. अमरजीत शासन की योग वेलनेस सेंटर तथा हेल्थ वेलनेस सेंटर की कमेटियों में रहकर सहयोग देते रहे हैं। इन्होंने योग वेलनेस सेंटर की स्थापना में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

आरबीआई की करेंसी चेस्ट में मिले नकली नोट

अमृत विचार, लखनऊ : आरबीआई की करेंसी चेस्ट में नकली नोट मिलने का सिलसिला जारी है। बैंक के करेंसी चेस्ट में 68,500 रुपये मूल्य के 70 नकली नोट मिले हैं। बैंक के सहायक प्रबंधक लखविंदर पआर ने महानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सहायक प्रबंधक ने तहरीर में बताया कि मार्च में मुद्रा प्रकोष्ठों से प्राप्त अनिर्गमनीय नोटों के प्रेषण के परीक्षण और पब्लिक काउंटर पर 70 नोट नकली पाए गए हैं। इन नोटों का मूल्य 68,500 रुपये है। इसमें 50 रुपये के 6 नोट, 100 रुपये के 28 नोट, 200 रुपये के 2 नोट, 500 रुपये की 2 नोट और 2000 रुपये के 32 नोट शामिल हैं। हर माह करेंसी चेस्ट से नकली नोट निकलते हैं। इनकी संख्या घटती-बढ़ती रहती है। महानगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र ने कहना है कि आधार पर प्राथमिकी कर ली गई है। बाजार में नकली नोट कहां से खपाए जा रहे हैं, इसकी गहनता से जांच की जा रही है।

कटिया डाल पुलिस सहायता केंद्र में वायरिंग कर रहे इलेक्ट्रीशियन की करंट से मौत

निर्माणाधीन भवन में नहीं है विद्युत कनेक्शन, सबमर्सिबल पंप भी चोरी की बिजली से चलाया जा रहा

संवाददाता, लखनऊ/ बीकेटी

अमृत विचार : बीकेटी इलाके में शुक्रवार को निर्माणाधीन पुलिस सहायता केंद्र में वायरिंग कर रहे इलेक्ट्रीशियन की करंट से मौत हो गई। चौकी में कनेक्शन नहीं था। कटिया डाल कर वायरिंग कराई जा रही थी। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर मजदूरी दिए बिना जबरन काम कराने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस अफसर मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं कर रहे हैं और इलेक्ट्रीशियन के परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

थाना अंतर्गत इंदौरबाग तहसील मोड़ पर तीन माह से पुलिस सहायता केंद्र बन रहा है। भवन का निर्माण पूरा हो चुका था। वायरिंग के लिए

- आसपास के दुकानदारों ने शानू को बेहोशी की हालत में चौकी के अंदर पड़ा देखा था

शुक्रवार को इलाके के देवरई कला गांव निवासी इलेक्ट्रीशियन शानू (22) को पुलिसकर्मियों ने बुलाया था। पिता मोहम्मद यूसुफ ने बताया शानू सुबह करीब 10 बजे पुलिस सहायता केंद्र में वायरिंग करने की बात कहकर घर से निकला था। शाम को करंट से उसकी मौत होने की जानकारी दी गई। जानकारी करने पर पता चला कि शाम करीब चार बजे आसपास के दुकानदारों ने चौकी के अंदर शानू को बेहोशी की हालत में फर्श पर पड़ा देखा था। तार उसके हाथ में था। दुकानदारों की सूचना पर हल्का प्रभारी अशोक कुमार यादव शानू को शाढ़ामऊ स्थित सौ सैय्या अस्पताल ले गये। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत पर रोती-बिलखती महिला को संभालते परिवार के लोग। अमृत विचार

> हादसा कैसे हुआ, उसे किसने काम के लिए बुलाया था, इसकी जांच कराई जाएगी। परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। उनकी तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-सुजीत कुमार दुबे**, एसीपी, बीकेटी

> पुलिस सहायता केंद्र और वहां लगे सबमर्सिबल का विभाग से कोई कनेक्शन नहीं लिया गया है। ऐसे में प्रतीत होता है कि कटिया डाल बिजली चोरी की जा रही थी। कहा मामले की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अशोक मौर्य**, उप खंड अधिकारी, ,शाढ़ामऊ

पिता बोले, वर्दी के रौब में पुलिस बिना पैसे दिए करा रही थी काम

संवाददाता, लखनऊ /बीकेटी

अमृत विचार : इलेक्ट्रीशियन की मौत के मामले में पुलिस की वर्दी का रौब व मनमानी सामने आई है। एक तरफ जहां पिता ने बेटे को बिना मेहनताना दिए वर्दी के रौब में जबरन काम कराने का आरोप लगाया है, वहीं केंद्र में लगा सबमर्सिबल भी चोरी की बिजली से चलाने और उसी से कटिया डाल कर वायरिंग कराने का मामला सामने आया है।

बेटे की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे पिता मोहम्मद यूसुफ का कहना है कि बेटा दो दिन से पुलिस सहायता केंद्र में वायरिंग कर रहा था। उसे मेहनताना नहीं दिया जा रहा था और वर्दी का रौब दिखा जबरन कार्य कराया जा रहा था। शानू के परिवार में मां पिता यूसुफ के अलावा मां रुकसाना व छोटा भाई जान मोहम्मद है, जो कार रिपेयरिंग का कार्य करता है। यह भी पता चला है कि इस पुलिस सहायता केंद्र में सबमर्सिबल भी लगा है जिसके लिए बिजली का कनेक्शन नहीं लिया गया। इसी सबमर्सिबल से शानू को केंद्र की वायरिंग के लिए बिजली सप्लाई दी गई।

जलकल विभाग के अधिशासी और अवर अभियंता समेत तीन निलंबित

खुले मैनहोल में गिरकर बच्चे की मौत के मामले में महाप्रबंधक की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-7 में खुले मैनहोल में गिरकर आठ वर्ष के शाहरुख की मौत होने के मामले में शासन ने अधिशासी अभियंता (जलकल) मनोज कुमार शुक्ला, अवर अभियंता गया प्रसाद सिंह व फिटर अच्छेलाल को निलंबित कर दिया है। तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

हादसा 23 अप्रैल को उस वक्त हुआ था जब जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 6 आश्रयहीन कालोनी में रहने वाले सैफुद्दीन का 8 साल का बेटा शाहरुख हनुमान जयंती के भंडारे से प्रसाद लेकर लौट रहा था। एकेटीयू के सामने खुले मैनहोल में गिरने के बाद तीन घंटे तक राहत कार्य शुरू हुआ, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। बाहर निकालने के बाद उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने नगर आयुक्त से शिकायत की गई मैनहोल तीन महीने से खुला था। इसकी शिकायत करने के बाद भी ढक्कन नहीं लगाया गया। जलकल के जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के लापरवाही के कारण शाहरुख की जान गई। इस मामले का शासन ने तत्काल संज्ञान लिया और नगर आयुक्त को जांच कराने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और महाप्रबंधक जलकल ने इसकी जांच शुरू कराई। जलकल महाप्रबंधक ने सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनाई थी।

कमेटी ने जांच रिपोर्ट में इंजीनियरों अलावा सीवर की सफाई करने वाली कम्पनी को भी दोषी बताया गया है। सीवर की सफाई कराने वाले ठेकेदार ने इसके मैनहोल का ढक्कन नहीं बंद कराया था, जिसके चलते हादसा हुआ है। गुरुवार को जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसके आधार पर शुक्रवार को सचिव नगर विकास ने तीन जिम्मेदारों को निलंबित कर दिया।

- सचिव की अध्यक्षता में बनाई गई थी पांच सदस्यीय जांच कमेटी
- सीवर सफाई कराने वाले ठेकेदार ने ढक्कन बंद नहीं कराया था

नगरीय निकाय निदेशक करेंगे निलंबितों के खिलाफ विभागीय जांच

नगर विकास विभाग के सचिव अजय कुमार शुक्ला ने अधिशासी अभियंता (जलकल) मनोज कुमार शुक्ला, अवर अभियंता (जलकल) गया प्रसाद सिंह और फिटर अच्छेलाल के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए। इसमें अधिशासी अभियंता के खिलाफ विभागीय जांच की जिम्मेदारी नगरीय निकाय के निदेशक को जांच सौंपी। वहीं, अवर अभियंता की विभागीय जांच सहायक निदेशक नगरीय निकाय गिरीश कुमार द्विवेदी और फिटर अच्छे लाल की विभागीय जांच अधिशासी अभियन्ता जोन-2 को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर तीनों के खिलाफ बर्खास्तगी की भी कार्रवाई की जाएगी।

कार्यदायी संस्था ब्लैक लिस्टेड, प्रोफार्मा तैयार

हादसे के लिए दोषी पाए जाने पर कार्यदायी संस्था एसके इंटरप्राइजेज के खिलाफ ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं नगर विकास मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर एक प्रोफार्मा भी तैयार किया गया है जिसमें नगर निगम क्षेत्र के कुल मेनहोल की संख्या, ढके मैनहोल की संख्या, खुले मेनहोल की संख्या के साथ ही खुले मेनहोल को ढकने के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल मांगी गयी है। ताकि, इस प्रकार की घटनाओं पर विराम लगाया जा सके [र

जांच में मिले दोषी

अवर अभियंता गया प्रसाद सिंह और अधिशासी अभियंता मनोज कुमार शुक्ला ने क्षेत्र का नियमित निरीक्षण नहीं किया और पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही व उदासीनता बरती। वहीं, फिटर अच्छे लाल को दायित्वों व पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही और सही तरीके से काम न करने का दोषी पाया गया।

एक दिन पहले हटाए गए थे अपर नगर आयुक्त

एक दिन पहले हटाए गए थे अपर नगर आयुक्तमैनहोल में गिरकर बच्चे की मौत के मामले में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने गंभीरता दिखाते हुए एक दिन पहले अपर नगर आयुक्त ललित कुमार को जलकल के प्रभारी पद से हटा दिया था। उनको सिर्फ जोन एक और जोन सात की जिम्मेदारी सौंपी थी। गुरुवार को जारी आदेश में जलकल के काम को चार अपर आयुक्तों को सौंपा था।

स्वास्थ्य भवन के पास मैनहोल की पटिया वाहन के गुजरने से टूट गई, पटिया में पैर रखने से कार्यकर्ता घायल हो गया, तो लोगों ने पटिया उखाड़कर मैनहोल के खुले होने का संकेतक बना दिया। अमृत विचार

एक दिन भी नहीं टिका निगम का जुगाड़, मैनहोल पर रखी पटिया टूटी, गिरकर कार्यकर्ता घायल

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम में हादसे के बाद नगर निगम ने खुले मैनहोल ढंकने शुरू किए लेकिन उसमें भी कामचलाऊ रवैया अख्तियार किया। नामांकन के दौरान हादसे से बचाव के लिए स्वास्थ्य भवन के पास मैनहोल को पटिया से ढक दिया। नामांकन के दौरान आवाजाही के दौरान पटिया टूट गई और एक भाजपा कार्यकर्ता गिरकर घायल हो गया। उन्हें साथियों ने अस्पताल पहुंचाया।

शहर में खुले मैनहोल जानलेवा बन गए हैं। निगम ने कुछ जगह उन्हें ढकने की बजाय पटिया डालकर छिपाने की कोशिश की। स्वास्थ्य भवन के पास खुले पड़े बड़े मैनहोल पर पटिया डाल दी गई जो वाहनों की आवाजाही से टूट गया। उसी रास्ते से नामांकन के लिए प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं आए तो एक भाजपा कार्यकर्ता का मैनहोल में पैर चला गया और गिरने से घायल हो गए। साथियों ने उन्हें निकाला और अस्पताल ले गए। इस हादसे के बाद भी मैनहोल ढंकने के उचित इंतजाम नहीं किए गए।

पहले दिन सीवर व मैनहोल की 425 शिकायतें दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में नगर निगम ने शहर में सीवर, मैनहोल, बिजली, पानी आदि समस्या का फौरन निस्तारण करने के लिए शुक्रवार को 6390909044 व्हाट्सएप नंबर जारी किया। सुबह से शाम तक कुल 590 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें 425 शिकायतें जलकल विभाग की सीवर और खुले मैनहोल की रहीं। 165 शिकायतें स्ट्रीट लाइट खराब होने की। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि शाम 5 बजे तक स्ट्रीट लाइट की 30, सीवर व पानी की 223 शिकायतें निस्तारित की गईं। सीवर की 202 व स्ट्रीट लाइट की 135 शिकायतें लंबित रहीं।

मुंबई को ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन 4 मई से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुणे के लिए स्पेशल ट्रेन 28 को लखनऊ से होकर गुजरेगी

अमृत विचारः मुंबई आवागमन करने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी की है। ये ट्रेनें लखनऊ से होकर गुजरेंगी।

ट्रेन नंबर 01109 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 28 अप्रैल और 02 मई को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात्रि 11:50 बजे प्रस्थान कर लखनऊ तड़के 2:40 बजे होते हुए गोरखपुर सुबह 8:20 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 01110 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन स्पेशल 30 अप्रैल एवं 04 मई को गोरखपुर से पूर्वान्ह 11:20 बजे रवाना होकर लखनऊ शाम 4:55 बजे छूटकर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस देर रात्रि 11:15 बजे पहुंचेगी।ट्रेन नंबर-01411 पुणे-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 27 अप्रैल को पुणे से सुबह 6:30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ (उत्तर रेलवे) सुबह 9:40 बजे होते हुए गोरखपुर दोपहर 2:50 बजे पहुंचेगी। वापसी में 01412 गोरखपुर-पुणे ग्रीष्मकालीन स्पेशल 28 अप्रैल को गोरखपुर से शाम 6:20 बजे प्रस्थान कर लखनऊ (उत्तर रेलवे) रात्रि 11:55 बजे पुणे सुबह 6:40 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 01015 दादर-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 27 अप्रैल, एक एवं चार मई को दादर से रात्रि 11:30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ (उत्तर रेलवे) तड़के 4:30 बजे, होते हुए गोरखपुर सुबह 9:30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 01016 गोरखपुर-दादर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 29 अप्रैल, 03 एवं 06 मई से दोपहर 3:30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ (उत्तर रेलवे) से शाम 7:55 बजे, दादर मध्यरात्रि 12:25 बजे पहुंचेगी।

कचहरी परिसर में तेज धूप से बचने के लिए महिला वकीलों ने फाइल का सहारा लिया।

पारा 42 डिग्री पार, लू ने झुलसाया

अमृत विचार लखनऊ : लखनऊ में तापमान 24 घण्टे के भीतर एक डिग्री से अधिक बढ़ गया। लू की थपेड़ों से आवाजाही भी संकट भरी रही। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि तापमान में और बढ़ोतरी होगी। लखनऊ में दिन का तापमान 42 डिग्री को पार कर गया। 24 घंटे के भीतर तापमान में एक डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी हुई। उधर, गर्म हवाओं की शुरुआत के साथ दोपहर बाद लू की थपेड़ों ने आमजन का बुरा हाल कर दिया। दोपहर में प्रमुख मार्गों पर रोज की अपेक्षा भीड़ कम रही। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, तापमान में आगे भी बढ़ोतरी हो सकती है। लखनऊ का न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

ट्रेन में खाना खाकर 45 यात्रियों की हालत बिगड़ी

ऐशबाग स्टेशन पर रेलवे चिकित्सकों ने किया इलाज, आगे किए गए रवाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः सफर के दौरान ट्रेन में पैंट्री का खाना मंगा कर खाना यात्रियों को महंगा पड़ गया। इन यात्रियों की हालत बिगड़ने की जानकारी जब रेलवे प्रशासन को मिली तो हड़कंप मच गया। ट्रेन के ऐशबाग पहुंचने से पहले वहां पर चिकित्सकों की टीम दवाओं और अन्य सामान के साथ पहुंच गई। यहां पर यात्रियों को समुचित इलाज कर उन्हें आगे सफर पर रवाना किया गया।

यशवंतपुर-गोरखपुर सुपरफास्ट में यात्रियों ने रसोईयान का खाना बेचने वाले कर्मचारियों से खाना मंगवाया। नागपुर में गुरुवार शाम को खाने का आर्डर दिया गया था। इसके बाद एसी थर्ड बोगी बी-1, बी-3, बी-5, बी-7 के तकरीबन 45 यात्रियों को पेट दर्द के साथ उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। यात्रियों के अस्वस्थ होने की सूचना चेकिंग स्टाफ को मिली। उन्होंने इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दी। डॉ. हैंकी ने कंट्रोल रूम से मिली जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे की ऐशबाग पालीक्लीनिक के डॉ. संजय तिवारी को दी। इसके बाद डा. संजय तिवारी बादशाहनगर अस्पताल के सीएमएस डॉ. बीएन चौधरी और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ दवाएं लेकर ऐशबाग स्टेशन पहुंच गए।

दोपहर तकरीबन डेढ़ बजे ट्रेन यहां पहुंची तो बीमार यात्री चिन्हित किए गए। उनको दवा और ओआरएस देकर ट्रेन से उतरने को कहा गया। लेकिन यात्री लखनऊ नहीं उतरे और दवा लेकर आगे सफर पर आगे रवाना हो गए। इस पर सभी यात्रियों की मानीटरिंग के लिए बादशाहनगर, गोंडा और बस्ती में रेलवे के डाक्टरों को भेजा गया।

पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी महेश कुमार गुप्ता का कहना है कि खाना खाने से 45 यात्री बीमार हुए थे। उनका उपचार कर सफर पर रवाना किया गया।

- यशवंतपुर-गोरखपुर सुपरफास्ट में रसोईयान कर्मी से लिया था खाना
- एसी थर्ड बोगी बी-1, बी-3, बी-5, बी-7 के यात्रियों को हुई दिक्कत

ट्रेन में खाना खाने से बीमार बच्चे और महिला यात्री की रेलवे स्टेशन पर जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

लापरवाही | पांच थाना क्षेत्रों से गुजरते हुए चलती गाड़ी में स्टंट करते रहे युवक

पुलिस की ऐसी ढील, बनाते रहे चलती गाड़ी में रील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी शुक्रवार को गाड़ियों के साथ नामांकन जुलूस लेकर इंदिरानगर से कलेक्ट्रेट रवाना हुये। जुलूस में शामिल कई युवक चलती गाड़ियों की खिड़कियों से लटकर रील बनाते चल रहे थे। जुलूस पांच थानों से गुजरा, कई चौराहा पर पुलिस कर्मी मुस्तैद थे, लेकिन किसी ने इन युवकों को न टोका और न ही रोका।

विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी का जुलूस इंदिरानगर से कलेक्ट्रेट के लिये रवाना हुआ था।

जुलूस इंदिरानगर थाना क्षेत्र से गाजीपुर थाना, महानगर थाना, हजरतगंज कोतवाली की सीमा से होकर कैसरबाग इलाका स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचा। काफिले में शामिल कई चार पहिया वाहनों पर सवार युवक यातायात नियमों को ताक पर रखे नजर आये। यह युवक कार की दोनों तरफ की खिड़कियां खोल बाहर लटक रील बनाते रहे। सभी थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर सिविल व ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी ड्यूटी पर मौजूद थे, लेकिन किसी भी स्थान पर इन युवकों को रोक कर समझाया गया और न ही कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह के स्टंट से अक्सर हादसे होते हैं, तब पुलिस को कार्रवाई की याद आती है।

- इंदिरानगर से कलेक्ट्रेट पहुंचे एक दल के प्रत्याशी के काफिले की गाड़ियों पर थे सवार

> मामला संज्ञान में नहीं है और न ही किसी जुलूस में गाड़ियों की खिड़कियां पर लटक कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने की शिकायत मिली है। यदि शिकायत मिलती है तो मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।
>
> **-उपेंद्र कुमार अग्रवाल**, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था

नामांकन जुलूस में शामिल गाड़ियों की खिड़कियों पर स्टंट करते युवक। अमृत विचार

सुबह 10 से 12 इंस्पेक्टर सुनेंगे फरियाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस आयुक्त ने गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए

अमृत विचारः लखनऊ के सभी थानों में इंस्पेक्टर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करेंगे। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने सभी थाना प्रभारियों को पत्र जारी कर ये निर्देश दिए हैं। इंस्पेक्टर की अनुपस्थिति में प्रभारी सुनवाई करेंगे।

आयुक्त ने पत्र में कहा गया है कि इंस्पेक्टर के थाने पर मौजूद न होने पर दिवस अधिकारी जनसुनवाई करेंगे। सभी प्रभारी को लिखे पत्र में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि शिकायतों का निस्तारण थाना स्तर पर ही होना चाहिए। कई बार थाने स्तर पर शिकायतों का निस्तारण न होने से शिकायतकर्ता को अन्य अधिकारियों के पास जाना पड़ता है।

इससे शिकायतकर्ता को जहां, भटकना पड़ता है तो दूसरी तरफ पुलिस की छवि भी खराब होती है। ऐसे में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि थाने स्तर पर ही शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

पत्र में बताया गया है कि पिछले कुछ मामलों में यह देखा गया है कि थाना स्तर पर शिकायतकर्ता की समस्या का निस्तारण न होने से आला अधिकारियों तक पहुंचे। इससे यह बात सामने आई कि थाना स्तर पर कई प्रभारी जनसुनवाई में लापरवाही बरत रहे हैं। इस पत्र से ऐसे प्रभारी भी लापरवाही बरतने से बचेंगे।

चौकी के मामलों पर करें निगरानी

सामान्यत : शिकायतकर्ता को इंस्पेक्टर कार्य क्षेत्र देख चौकी प्रभारी को शिकायत ट्रांसफर कर देता है। इस प्रकार के मामलों को लेकर भी अधिकारियों ने प्रभारी को निर्देशित किया है। कहा कि मामले की निगरानी प्रभारी स्वयं करें। गंभीर मामला होने पर व्यक्तिगत तौर पर चौकियों पर भेजे मामलों की नियमित रिपोर्ट लें।

एक नजर

पीएचडी के लिए आवेदन अधिक

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शोध (पीएचडी) के लिए आवेदनों की संख्या 439 पहुंच गई है। ऐसे में सबसे अधिक आवेदन शिक्षा शास्त्र और पत्रकारिता विषय में किये गए हैं। इसके अतिरिक्त सामान्य प्रवेश 2024 के लिए समर्थ पोर्टल पर 353 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। विवि की प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी का कहना है कि सीयूईटी का परीक्षाफल घोषित होने के बाद पांच हजार से अधिक छात्रों ने विवि को अपनी प्राथमिकता में रखा है।

सीएमएस में रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित दो-दिवसीय इंटर-स्कूल रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप शुक्रवार को सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के प्रांगण में शुरू हुई। इस अवसर पर निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने दैनिक जीवन में खेलों के महत्व व इसमें निहित जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला।

आईआईसी के लिए सदस्य चयनित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के लिए सदस्य चयनित किये गए हैं। इनमें एके. सिंह, जीशान अली सिद्दीकी, डॉ. हुंमाशु पांडे, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. हुंमाशु पांडे, डॉ. भरत कुमार सहित अन्य शामिल हैं।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में बीकेटी प्रथम

छात्रवृत्ति को लेकर हुई परीक्षा, हर माह मिलेंगे एक हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में राजधानी के बाल होनहारों ने अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है। परीक्षा में हर ब्लॉक में संचालित सरकारी स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया था। इसमें बख्शी का तालाब ब्लॉक से सबसे अधिक 68 बच्चों का चयन हुआ है, ये ब्लॉक पहले स्थान पर है।

सरोजनीनगर ब्लॉक में 66 बच्चों को चयन हुआ है इसलिए वह दूसरे स्थान पर रहा है। हालांकि पूरे जनपद में आयोजित इस परीक्षा में 277 सीटों पर 275 बच्चों का चयन हुआ है। जिसमें सरकारी स्कूल के कुल 99.27 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। अब इन बच्चों को प्रत्येक माह एक हजार रुपये की छात्रावृत्ति मिलेगी जिससे आगे की पढ़ाई का रास्ता आसान हो जायेगा।

इस विद्यालय से चयनित हुए सर्वाधिक बच्चे : राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में शहर के उच्च प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर गोसाईगंज लखनऊ से 11 छात्र चयनित हुए। जो सभी स्कूलों से अधिक है। इनकी रैंक भी अन्य स्कूलों के बच्चों की अपेक्षा बेहतर है। इसी तरह से कम्पोजिट विद्यालय भरोसा काकोरी से तीन बच्चों का चयन हुआ है। जिसमें सोनालिका, आर्यन सिंह और देवेश कुमार का नाम शामिल है।

बता दें कि शहर में 450 से अधिक जूनियर विद्यालयों का संचालन होता है इसमें कक्षा 8 के बच्चे भाग लेते हैं।

परीक्षा में चयनित हुए काकोरी स्थित भरोसा कंपोजिट विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

ब्लॉक व जोनवार इतनी संख्या में चयनित हुए बच्चे

- बक्शी का तालाब से 68 बच्चे
- सरोजिनी नगर से 66 बच्चे
- चिनहट से 10 बच्चे
- गोसाईगंज से 40 बच्चे
- काकोरी से 28 बच्चे
- मलिहाबाद से 12 बच्चे
- मोहनलालगंज से 19 बच्चे
- मॉल ब्लाक से 4 बच्चे
- जोन - चार से 1 बच्चा
- जोन दो से एक 1 बच्चा

> इस परीक्षा में बीते वर्ष पांच नवंबर को अलग-अलग सरकारी विद्यालयों से 277 बच्चे शामिल हुए थे। जिसमें 275 बच्चों का चयन हो गया है। ये विभाग के लिए गर्व का विषय है। अगले साल इससे ज्यादा बच्चों का चयन हो सके इस पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।
>
> -राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी

छात्रवृत्ति के लिए फीस लॉक करने का एक और मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रों के लिए खोला गया छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत संस्थानों को फीस डाटा लॉक करवाने का अवसर दिया है। इस क्रम में छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल खोला जा रहा है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा केन्द्र सरकार से अनुमति प्राप्त कर ली गई है।

निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत ने बताया कि ऐसे विश्वविद्यालय और एफिलिएटेड एजेंसी जिनके द्वारा मास्टर डेटा लॉक नहीं किया गया है, उन्हें 30 अप्रैल से 3 मई 2024 तक फीस लॉक करने का मौका दिया गया है।

वहीं इसके बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा 4 मई से 7 मई तक फीस को लॉक करने की कवायद की जाएगी। जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति स्तर से वेरीफाइड डाटा वाले छात्रों को 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार स्तर से और 60 प्रतिशत धनराशि भारत सरकार स्तर से सीधे आधार सीडेड बैंक खातों में भुगतान किया जाएगा।

लविवि में वैश्विक पर्यावरण पर प्रस्तुतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लविवि के लोक प्रशासन विभाग ने किया आयोजन

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग (डीपीए) के शोधार्थियों की ओर से पृथ्वी शिखर सम्मेलन और जलवायु परिवर्तन सम्मेलन शीर्षक को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

विवि में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. नंद लाल भारती, डॉ. वैशाली सक्सेना, डॉ. सौरभ चौहान और डॉ. सुशील कुमार चौहान ने व्यवहारिक योगदान और वैश्विक पर्यावरण पर विस्तार से चर्चा की। जलवायु वित्तपोषण से लेकर पर्यावरणीय स्थिरता और आर्द्रभूमि संरक्षण में नैतिक विचारों तक के महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुति दी गई। इसमें शोधार्थी सुधांशु चौधरी, गजेंद्र कुमार, ऋषभ जैन, अमित कुमार, विदुषी सिंह, शुभम सुखला, श्रेया यादव, तुषार चौबे, हर्षवर्धन, आइशा जहीर शामिल हुए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र अंशु सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है। मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है। मेरे पुत्र अंशू सविता को जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका फतेहपुर की जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। अतः मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाये। **अखिलेश कुमार पुत्र राम नि0– मोहल्ला– देवीगंज शहर फतेहपुर पर0 तह0 व जिला फतेहपुर।**

सूचना

पहले मेरा नाम SUFIYAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SUFIYAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: AHMAD RASOOL VILL- AKBAR NAGAR NAWABGANJ, BARABANKI**

सूचना

सूचित हो कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata दर्ज है। जबकि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata Srivastava दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम Sanjulata एवं Sanjulata Srivastava दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे Sanjulata Srivastava के नाम से जाना व पहचाना जाये। **Sanjulata Srivastava W/o Abhay Prakash R/o- 170, Sector E Chandralok Colony, Aliganj, Lucknow.**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद शानू व बहू शरीफुन को उसके गलत कृत्यों से परेशान व क्षुब्ध होकर अपनी व अपने पूर्वजों की चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझे वह मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **मोहम्मद रफी पुत्र मोहम्मद सफी निवासी ग्राम जालामऊ सहिजना रहीमाबाद मलिहाबाद लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **अरुण कुमार राय पुत्र स्व. ओम प्रकाश राय, निवासी– ग्राम अमिलिया कला, पो0–रामनगर जिला–सुल्तानपुर** अपने पुत्र आदित्य राय को अपने संरक्षण में ले रहा हूँ। उसकी अब किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी उसके बड़े पापा संतोष कुमार राय एवं टिंकल राय की नहीं होगी।

सूचना

सूचित हो कि मेरा सही नाम बिंदु यादव है, जबकि बेटे निकेतन पुत्र यशवंत कुमार की टीसी में मेरा नाम बिंदु देवी लिखा है, जो गलत है। अतः पुत्र के शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम बिंदु यादव अंकित किया जाय। **–बिंदु यादव पत्नी यशवन्त कुमार निवासी–ग्राम हिसामुद्दीनपुर पिपरा, 307 आलापुर, जिला– अम्बेडकरनगर**

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **17.05.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

निविदा सूचना सं.	03402024 दिनांक 25.04.2024		
निविदा सं.	09-Sr.DEN-VI/LKO/2024-25		
कार्य का नाम	वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–VI, लखनऊ के अधीन सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास पेड़ों के तनों एवं शाखाओं की छंटाई और कटाई का कार्य।		
अनुमानित लागत	₹61,38,576.80	धरोहर राशि	₹1,22,800/-
कार्य समापन की अवधि	स्वीकृत पत्रजारी करने की तिथि से 06 माह		
निविदा डालने का प्रारंभ	03.05.2024	वेबसाइट	www.ireps.gov.in
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	17.05.2024 को 15:00 बजे		

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1245/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या	टीआरडी–9–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24
कार्य का नाम	लखनऊ मंडल पर बैरियर बूम ब्रेकेज के कारण होने वाले ओएचई ब्रेकडाउन को रोकने के लिए समपार फाटकों (56 संख्या) पर अतिरिक्त तार व्यवस्था का प्रावधान।
अनुमानित लागत	रु.54,53,375.33/–
बयाना राशि	रु.109100.00/–
कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 माह
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 23.05.2024 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद
प्रस्ताव की वैधता	निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है।
पात्रता मापदण्ड	निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह

निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करताः 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिएः जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अंतिम दिन तक): "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगीः Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE.

3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. –टीआरडी–9–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 दिनांकः 24.04.2024 1260/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बीबीएयू में प्रॉक्टर और सुरक्षा अधिकारी को हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रों ने पुलिस पर भी लगाया उत्पीड़न का आरोप

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। छात्रों ने इस बार विश्वविद्यालय के अलावा पुलिस प्रशासन पर भी उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

बता दें कि गत सप्ताह विवि में छात्रों के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की थी। इसके बावजूद छात्रों की प्राथमिक दर्ज कराई गई। छात्रों ने प्राथमिकी को झूठा बताते हुए उसे रद कर प्रॉक्टर और सुरक्षा अधिकारी को तत्काल हटाए जाने की मांग करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। जो शुक्रवार को भी जारी रहा। उधर, छात्रों ने पुलिस प्रशासन पर भी उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

लविवि में नए डिप्लोमा कोर्स का उठाएं लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- न्यूट्रीशियन, योग से संबंधित एडवांस डिप्लोमा के लिए सीटों का आवंटन

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय अरेबिक, फ्रेंच और तमिल भाषा में डिप्लोमा कोर्स कराने जा रहा है। विवि प्रशासन ने आवेदन जारी करते हुए अंतिम तिथि 10 जून तय की है।

लविवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव बताते हैं कि अरेबिक, फ्रेंच, तमिल भाषाओं में एडवांस डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स की सुविधा लविवि उपलब्ध कराने जा रहा है। पाठ्यक्रमों के अध्ययन को लेकर सेल्फ फाइनेंस की सीटें भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि पढ़ाई में कोई अवरोध न हो। बताते हैं कि सीटों का आवंटन हो गया है। सबसे अधिक 80 सीटें प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच की हैं, जिसमें 40 सीटें है। अरेबिक को 20, न्यूट्रीशियन एंड डाइटेक्टिस को 30, फ्रेंच रेगुलर को 10, फ्रेंच सेल्फ फाइनेंस को 10 और तमिल की 20 सीटें आवंटित की गई हैं।

जानें थिएटर और गर्भ संस्कार : पीजी डिप्लोमा के सहारे एस्थेटिक्स एंड संस्कृत थिएटर की 20 सीटें आवंटित हुई हैं। गर्भ संस्कार, रिलीफ एंड रिहेबिलेशन, एचआईवी- एड्स एंड फैमिली लाइफ एजुकेशन और लिंग्विस्टिक में 30-30 सीटें निर्धारित की गई हैं।

देश के शीर्ष लॉ विश्वविद्यालय में लविवि का छठां स्थान

अमृत विचार : ग्लोबल ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर (जीएचआरडीसी) की ओर से एक सर्वे कराया गया है। नवीनतम सर्वे- 2024 की रिपोर्ट में लविवि के विधि संकाय को टॉप लॉ विश्वविद्यालय में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नार्थ रीजन की सूची में भी लविवि का प्रथम स्थान है। वहीं देश के टॉप लॉ स्कूल के सुपर एक्सिलेंस श्रेणी में विधि संकाय का छठां स्थान है। कुलपति आलोक कुमार राय ने विधि संकाय के सभी शिक्षकों एवं छात्र - छात्राओं को बधाई दी है।

पानी और सफाई को लेकर छात्र सभा मुखर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केकेसी महाविद्यालय में पानी और परिसर की साफ-सफाई को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने विरोध - प्रदर्शन किया। संगठन की ओर से प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। छात्रों की ओर से परिसर के भीतर नारेबाजी भी की गई। इस दौरान काफी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

जिला उपाध्यक्ष सुमित राजभर (राधे) के नेतृत्व में काफी संख्या में छात्र इकट्ठा हुए। फिर प्राचार्य डॉ. मीता साह से छात्र सभा के बैनर तले सभी ने मिलकर बातचीत की। समस्याओं को इंगित करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान दुर्गेश यादव, आशीष रावत, कमलेश, कौशल, आभास, कुनाल, तुषार, अंश, आकाश, आदित्य सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

केकेसी में प्रदर्शन करते सपा छात्र सभा के सदस्य। अमृत विचार

3,910 सीटों के लिए होंगे आवेदन

केकेसी की प्राचार्य डॉ. मीता साह ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत मेजर और माइनर विषयों के अनुसार सीटों का निर्धारण हुआ है। महाविद्यालय की वेबसाइट पर पूरी जानकारी दी गई है। यूजी और पीजी की करीब 3,910 सीटों पर किये जाने वाले प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। इसमें रेगुलर और सेल्फ फाइनेंस सीटें भी शामिल हैं।

छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य केंद्र एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कुलपति आचार्य संजय सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. पवन कुमार चौरसिया, योग विभाग के डॉ. दीपेश्वर सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। डॉ. नरेंद्र सिंह की ओर से सभी को स्वच्छता ही सेवा की शपथ भी दिलाई गई। सभी को अपने आसपास का कचरा कूड़ेदान में डालने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य एवं विवि के विद्यार्थी मौजूद रहे।

मई में शुरू हो जाएंगे कक्षा 9 और 11 के पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इस बार एनईपी के तहत तैयारियां शुरू

अमत विचार : यूपी बोर्ड कक्षा 9 और 11 के पंजीकरण इस बार मई माह में शुरू हो जायेंगे, जो कि 15 अगस्त तक जारी रहेंगे। यूपी बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि पंजीकरण करते समय आधार संख्या भरना अनिवार्य होगा। रेगुलर छात्रों लिए कॉलेजों की जिम्मेदारी होगी कि वह छात्रों का पंजीकरण करते समय कोई त्रुटि न करें। इसके साथ ही ऑनलाइन पंजीरकण के दौरान जन्म तिथि भी ध्यान से भरना होगा।

बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि मई माह में पंजीकरण शुरू हो जायेंगे। इसकी तिथि औपचारिक तौर पर 30 अप्रैल तक जारी की जायेगी। वहीं दूसरी ओर यूपी बोर्ड से जुड़े 27 हजार से अधिक स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 लागू करने के लिए स्कूल स्तर पर योजना बनाई जा रही है।

शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए 12 अप्रैल को जारी एकेडमिक कैलेंडर में सचिव ने निर्देश दिया है कि एनईपी 2020 के विषय में विद्यालयों में कार्यशाला का आयोजन किया जाए। साथ ही प्रत्येक विद्यालय में एनईपी के क्रियान्वयन के संबंध में स्कूल प्लान विकसित किया जाए, जिसमें स्कूल स्तर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को सम्मलित किया जाए।

विद्यालय में नहीं हैं तो पास के आगंनबाड़ी में कराएं दाखिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश का मामला
- 1,04,235 विद्यालयों के प्रागंण में संचालित हैं आगनबाड़ी केंद्र

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक में प्रवेश के लिए 1 अप्रैल को बच्चे की उम्र सीमा छह वर्ष निर्धारित की गई है। यदि बच्चे की उम्र एक माह बाद भी छह वर्ष पूरी हो रही है तो उसका प्रवेश अगले ही सत्र में होगा। तब तक वह बच्चा आगंनबाड़ी केंद्र में ही पढ़ेगा। इस पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्थिति साफ कर दी गई।

साथ ही ये भी स्पष्ट किया गया कि जिन विद्यालयों के प्रांगण में आगंनबाड़ी केंद्र नहीं संचालित हैं, वहां आस-पास संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर छह वर्ष से कम उम्र के बच्चे का प्रवेश कराना होगा। यहां पढ़ने वाले बच्चों को अगले साल कक्षा एक में प्रवेश लिया जा सकेगा। वर्तमान समय में 1.33 सरकारी विद्यालयों के सापेक्ष 1,04,235 आंगनवाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालयों के प्रागंण में संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे में विभाग का कहना कि शिक्षकों को ज्यादा दिक्कत नहीं आयेगी। जिन विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं वहां पर शिक्षक भी आसानी से बच्चों की मॉनीटरिंग कर सकते हैं।

बता दें कि 1 अप्रैल को छह वर्ष की उम्र बाध्यता को लेकर शिक्षकों का कहना है कि वह उससे कम उम्र के बच्चों का प्रवेश कहां पर करायें क्योंकि कई स्कूल ऐसे हैं जहां आगंनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं है। जिस पर निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने कहा नई शिक्षा नीति के तहत हम आगे बढ़ रहे हैं, जहां आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय के बाहर हैं, वहां भी 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश कराया जा सकता है।

दलितों की शिक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत रहे आंबेडकर : सूर्यभान

अमृत विचार, लखनऊ : अधिवक्ता परिषद उच्च न्यायालय इकाई ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय में समाजिक समरसता में अधिवक्ताओ की भूमिका विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें केन्द्र सरकार के डिप्टी सालीसिटर जनरल सूर्यभान पांडे ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर ने दलितों के उत्थान के लिए दलितों और धार्मिक समुदायों के लिए आरक्षण लागू करने की वकालत की थी।

आम्बेडकर का मानना था कि संविधान के विभिन्न प्रावधानों में से अनुच्छेद 32 सबसे महत्वपूर्ण है। संविधान सभा की बहस में उन्होंने इसे संविधान की हृदय और आत्मा कहा, जिसके बिना संविधान अर्थ हीन होगा। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद अवध की महासचिव मीनाक्षी परिहार ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अम्बरीष वर्मा, मृत्युंजय प्रताप सिंह, पंकज अवस्थी, आनंद द्विवेदी, राहुल सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

एपी सेन कॉलेज में विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान अंतिम वर्ष की छात्राएं। अमृत विचार

कीर्ति को मिला मिस एपी सेन का खिताब

अमृत विचार, लखनऊ : मिलना-बिछड़ना जीवन का एक अहम पहलू है। विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न आयोजनों का उत्साह अनोखा रंग भर देती है। मिलने - बिछड़ने के इस अनुभव की झलक एपी सेन महाविद्यालय के प्रांगण में देखने को मिली। मौका था कॉलेज की अंतिम वर्ष की छात्राओं के विदाई समारोह का, कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव के उद्बोधन से हुई। सीनियर्स के मनोरंजन के लिए छात्रा प्रियंका ने भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक मिस एपी सेन प्रतियोगिता रही। ऐसे में मिस एपी सेन का खिताब कीर्ति सक्सेना को मिला। प्रथम रनरअप एमए की प्रियंका रहीं और द्वितीय रनरअप बीकॉम की दिव्यांशी शर्मा रही। विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार बीए की पिंकी कश्यप को दिया। इस अवसर पर संजना, दिव्यांशी सहित अन्य छात्रों ने प्रस्तुतियां दीं।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल अरविन्द कुमार गुप्ता पुत्र कीर्तन प्रसाद गुप्ता निवासी हसनगंज, थाना, परगना व तहसील हसनगंज, जिला उन्नाव की सम्पत्ति मकान निर्मित प्लॉट नंबर 268/643बी व 268/643ए स्थित न्यू तिलक नगर, वार्ड तिलक नगर, लखनऊ से सम्बन्धित दस्ता. मूल बैनामा (chain deed) जो क्रमांक संख्या 9089 दिनांक 26/11/1998 पर उपनिबंधक लखनऊ में पंजीकृत है। जो कि दिनांक 25.04.2024 को मेरे मुव्वकिल से गायब/ गिर गये हैं। जिस किसी को उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित दस्ता. पर कोई आपत्ति/ क्लेम है तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने की कृपा करें। **बी0 एन0 त्रिपाठी एड0, पता सी–15, नेहरू विहार, कल्यानपुर, लखनऊ। मो0 9336127853**

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

26 लोगों के शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने मातहतों को अपराधियों पर नकेल लगाने के निर्देश दिये हैं। इसके तहत थाना वार अपराधियों का इतिहास खंगाला जा रहा है। अलग-अलग थानों की पुलिस ने आपराधिक इतिहास वाले 26 शस्त्र लाइसेंस धारक चिन्हित किये गये हैं। इनके लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

एक दिन में पकड़ी 127.51 लाख की शराब, 38 लाख की ड्रग

अमृत विचार : निर्वाचन आयोग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए 127 .51 लाख रुपए कीमत की शराब पकड़ी गई ।25 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में जनपद मिर्जापुर की मड़िहान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 38 लाख रुपए अनुमानित कीमत की 152000 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। इसके अलावा 13 .93 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए। इस तरह पहली मार्च से 25 अप्रैल, 2024 तक कुल 32281 .70 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए जा चुके हैं।

कर्मियों को वितरित किए गए सेनेटरी पैड

अमृत विचार, लखनऊ : अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन की रेल महिला कल्याण संघ (आरडब्ल्यूडब्ल्यूए) ने आरडीएसओ अस्पताल में दस्तक प्रोजेक्ट के तहत शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में महिला सफाई कर्मचारियों को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरडब्ल्यूडब्ल्यूए की उपाध्यक्षा अंजु बंसल और श्वेता जैन ने किया गया। कार्यक्रम में आरडब्लूडब्लूए के कार्यकारी सदस्य सरोज सिंह, नमिता वर्मा, रत्ना गुप्ता, प्रज्ञा सिंह और सोनल सोनी उपस्थित रहे।

पूर्वी लखनऊ सीट से मैदान में उतरे ओपी श्रीवास्तव और मुकेश

उपचुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने किया नामांकन, 20 मई को होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ की पूर्वी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने नामांक पत्र जमा किया। उपचुनाव के लिए मतदान 20 मई को होना है।

भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव का नामांकन जुलूस हनुमान सेतु से चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या 21 में ओपी श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र और प्रस्तावकों के साथ पहुंचे। प्रस्तावक महानगर महामंत्री त्रिलोक अधिकारी और राजीव गांधी द्वितीय वार्ड से पार्षद अरुण कुमार तिवारी बने। नामांकन पत्र अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ/रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा 173 सचिन वर्मा को सौंपा। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल और विनय पटेल भी मौजूद रहे।

दोपहर लगभग दो बजे कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी को दो सेट में नामांकन पत्र सौंपा। उनके प्रस्तावक पूर्व विधायक आचार्य रामलाल और आलोक मिश्रा बने। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अंशु अवस्थी, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी मौजूद रहे।

रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव।

रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान।

दोनों लोकसभा सीटों के लिए खरीदे गए 52 नामांकन पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के लिए 41 और मोहनलालगंज क्षेत्र के लिए 11 नामांकन पत्र खरीदे गए

अमृत विचार: नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही विभिन्न दलों के लोग नामांकन पत्र लेने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच रहे हैं।

शुक्रवार को लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के लिए 41 और मोहनलालगंज क्षेत्र के लिए 11 नामांकन पत्र खरीदे गए। पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए कुल 6 नामांकन पत्र लिए गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि नामांकन के पहले दिन निर्वाचन की तैयारियां देखने व्यय पर्यवेक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे। पर्यवेक्षक ने कलेक्ट्रेट स्थित सभी कंट्रोल रूम, लेखा रूम, वीडियो अवलोकन टीम रूम और नामंकन कक्षों का निरीक्षण किया।

चुनाव व्यय निगरानी के लिए कलक्ट्रेट में बने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और सहायक व्यय पर्यवेक्षकों के साथ बैठक भी की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी नामांकन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कंट्रोल रूम में सीसीटीवी फुटेज देखते जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

भाजपा के प्रत्याशी करोड़पति, कांग्रेस के लखपति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में किस्मत आजमाने उतरे भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव गाड़ियों के शौकीन हैं। भाजपा के करोड़पति प्रत्याशी ने दो फर्मों को तीन करोड़ से अधिक का कर्ज दिया है। कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान नौ वर्ष पुरानी स्कार्पियों चलाते हैं। उनके पास कुल 55 लाख की संपत्ति है।

भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने केएडी कॉलेज प्रयागराज से 1977 में स्नातक की डिग्री हासिल की है। इनके पास इनोवा क्रिस्टा, एमजी ग्लास्टर, बलेनो और फारचूनर गाड़ियां हैं। एक पिस्टल भी है। इनके ऊपर 2 करोड़ 79 लाख 66 हजार 168 रुपये का कर्ज है। पत्नी किरन श्रीवास्तव पर 22 लाख 4 हजार 453 रुपये का कर्ज है। ओपी के पास 3 करोड़ 13 लाख रुपये की अचल संपत्ति है। उनकी पत्नी के पास 2 करोड़ 30 लाख रुपये की अचल संपत्ति है। ओपी के पास सात लाख रुपये के सौ ग्राम सोने के जेवरात तो पत्नी के पास 120 ग्राम सोने के करीब आठ लाख चालीस हजार के जेवर और एक लाख आठ हजार रुपये की चांदी है। ओपी की चल संपत्ति की कीमत 8 करोड़ 48 लाख 35 हजार 361 रुपये है। पत्नी के पास 85 लाख 23 हजार 037 रुपये की चल संपत्ति है। इसमें बैंक खाते, एफडीआर, एलआईसी पॉलिसी आदि शामिल है। ओपी के पास 20 हजार तो पत्नी के पास 25 हजार की नकदी है।

कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान की एक बेटी और बेटा है। चौहान ने लखनऊ विश्वविद्यालय से 2003 में विधि में स्नातक की डिग्री हासिल की है। मुकेश की कुल संपत्ति 55 लाख 21 हजार 516 रुपये है। पत्नी अमिता सिंह 11 लाख 19 हजार की मालकिन हैं। मुकेश के पास 50 हजार और पत्नी के पास 20 हजार की नकदी है। मुकेश दूसरी बार इस्माइलगंज प्रथम से पार्षद हैं। पिछले सत्र में इनकी पत्नी अमिता सिंह पार्षद थीं। मुकेश के खिलाफ एक आपराधिक मामला विचाराधीन है।

ओपी स्नातक, मुकेश विधि स्नातक

- गाड़ियों के शौकीन हैं ओपी, दो फर्मों को दिया तीन करोड़ का कर्ज
- नौ वर्ष पुरानी स्कार्पियो में चलते हैं मुकेश, 55 लाख की है कुल संपत्ति

मुकेश की सालाना आय 7 लाख, ओपी की 12 लाख

कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) मुकेश चौहान की सालाना आय सात लाख रुपये है। वहीं, भाजपा के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने 12 लाख रुपये सालाना आय दर्शायी है।

सार-संक्षेप

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

राजनाथ सिंह के नामांकन को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। उनके नामांकन को ऐतिहासिक बनाने में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुट गए हैं। विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और धार्मिक संगठनों के लोग रक्षामंत्री का जगह-जगह स्वागत करेंगे। रक्षा मंत्री के नामांकन को लेकर हलवासिया कोर्ट में भाजपा पदाधिकारियों ने बैठक की। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि विभिन्न संगठनों के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाने के लिए जुटेंगे। एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहां कि 29 फरवरी को प्रदेश मुख्यालय के समक्ष सुबह नौ बजे सभी लोग एकत्रित होंगे। दस बजे राजनाथ सिंह पार्टी रथ पर वरिष्ठ नेताओं के साथ कलेक्ट्रेट नामांकन के लिए रवाना होंगे। प्रदेश कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़े, शंखनाद के साथ स्वागत किया जाएगा। सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना है कि नामांकन के दिन से ही हमारी ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित हो। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा सहसंयोजक पुष्कर शुक्ला, मेयर सुषमा खर्कवाल, रक्षा मंत्री के ओएसडी केपी सिंह, कार्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, राम अवतार कनौजिया, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते भाजपा नेता नीरज सिंह। अमृत विचार

लखनऊ की यही पुकार, अबकी बार पांच लाख पार: नीरज सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विकास कार्य कराएं हैं। उनकी ओर से कराए गए कार्यों के कारण ही मतदाता पांच लाख से अधिक वोटों से विजयी बनाकर भेजेंगे। भाजपा नेता नीरज सिंह ने उत्तर और मध्य विधानसभा में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग की मांग पूरा करने का रक्षामंत्री ने प्रयास किया। 20 मई को भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करके पांच लाख से अधिक मतों से जीत दिलाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व वाली भाजपा सरकार गरीब, युवा, किसान, महिला और वंचित वर्ग को समर्पित है। इसके अलावा पश्चिम विधानसभा और कैंट विधानसभा में भी नुक्कड़ सभाएं की गईं। इस दौरान राम अवतार कनौजिया, रानी कनौजिया, अनुराग मिश्रा, भैया लाल मौर्या, रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

जय श्रीराम के नारों से गूंजा ओपी का काफिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चिलचिलाती धूप और टपकते पसीने के बीच भी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का जोश सातवें आसमान पर था। हनुमान सेतु मंदिर के बाहर जय श्री राम और अबकी बार 400 पार का नारा गुंजायमान हो रहा था। इन्हीं नारों के बीच वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में पूर्वी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव का जुलूस आगे बढ़ा। श्रीवास्तव ने कहा कि मोदी हैं तो मुमकिन और योगी हैं तो यकीन।

भाजपा प्रत्याशी सुबह हनुमान सेतु मंदिर में पूजा कर जीत की कमाना की। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंदिर की पार्किंग में एकत्र हुए। रोड शो के रूप में काफिला आगे बढ़ा। भाजपा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा, उत्साह से नामांकन जुलूस में शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, पूर्वी विधानसभा सीट पर भाजपा पहले से ज्यादा मतों से जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन 400 से ज्यादा सीटें जीतेगा। लखनऊ लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पांच लाख से अधिक वोटों से जीतेंगे। रोड शो में मेयर सुषमा खर्कवाल, लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, शिव शंकर अवस्थी, हेमंत दयाल, राकेश सिंह, प्रभु नाथ राय आदि मौजूद रहे।

लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के बीजेपी प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के नामांकन में उमड़े समर्थक। अमृत विचार

विभिन्न वार्डों में हुआ स्वागत

नामांकन के बाद ओपी श्रीवास्तव ने क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, मोहल्लों का भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। इंदिरानगर ईश्वरधाम मंदिर के सामने स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय पहुंचने पर ओपी ने कार्यकर्ताओं का हालचाल पूछा और चुनाव तैयारियों के बाबत जानकारी ली।

सपा और कांग्रेस का झंडा लेकर पहुंचे मुकेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस और सपा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने शुक्रवार को दोनों दलों का झंडा हाथ में लेकर समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मुकेश सिंह चौहान के साथ पूर्व विधायक आचार्य रामलाल, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी और जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी शामिल रहे।

मुकेश सिंह चौहान सुबह 8 बजे हनुमान सेतु जाकर बाबा बजरंगबली के दर्शन किए। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे इंदिरा नगर चुनाव कार्यालय से जुलूस निकाला। जुलूस बी ब्लॉक, मीना मार्केट, लेखराज चौराहा, बादशाह नगर, निशातगंज, महानगर, छन्नी लाल चौराहा, आईटी चौराहा, हनुमान सेतु, परिवर्तन चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान समर्थक कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे।

नामांकन के दौरान गठबंधन प्रत्याशी मुकेश ने कहा कि पूर्वी विधानसभा की जनता इस बार अपने बेटे, भाई और क्षेत्र के सेवक को चुनने जा रही है। मेरी पहचान सिर्फ मेरा काम है। मुझे पूरा भरोसा है कि क्षेत्र की माताएं, भाई, बहन और बुजुर्ग सभी हमें आशीर्वाद देंगे। जिस तरह से अपने वार्ड ईस्माइल गंज के घर-घर तक विकास की रोशनी पहुंचाई है, उसी तरह विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाउंगा। मुकेश कांग्रेस पार्टी के कैडर हैं और 2002 से कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं।

नामांकन में जुलूस में शहर कांग्रेस अध्यक्ष डा.शाहजाद, प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस कमेटी एवं सेंट्रल बार संगठन प्रदीप सिंह, विशाल राजपूत, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी, शीला मिश्रा, बृजेंद्र सिंह, ओंकार नाथ सिंह, मीडिया कोऑर्डिनेटर विकास श्रीवास्तव, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान, आर्यन मिश्रा, वरिष्ठ नेता देवेंद्र प्रताप सिंह, नरेन्द्र गौतम मोहनलालगंज, प्रमोद सिंह सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट में लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए नामांकन करने जाते इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान। अमृत विचार

एक साल से नहीं खुला वीरपुर का डाक घर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पोस्ट मास्टर ने अपनी मर्जी से डाक घर को बंद कर दिया भटक रहे ग्रामीण

अमृत विचार : माल ब्लॉक के वीरपुर का डाक घर करीब एक साल से बंद है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की है। अधिकारियों ने पोस्ट मास्टर के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

ग्रामीण सुरेश कुमार, राजू, रजनी, दीपू, कंचन आदि ने बताया कि वीरपुर का डाक घर यहां के मजरा गांव हन्नीखेड़ा में खोला गया था। सौरभ गुप्ता यहां पर बतौर ब्रांच पोस्ट मास्टर (बीपीएम) तैनात हैं। आरोप है कि पोस्ट मास्टर सौरभ डाक घर में बैठने के बजाय माल कस्बा स्थित अपनी दुकानों में बैठते हैं। ग्रामीणों को डाक घर से संबंधित काम कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पोस्ट मास्टर से मोबाइल के माध्यम से बात करने पर वह काम के लिए माल आने को कहते है।

> शिकायत मिली है। पोस्ट मास्टर से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। नियमित शाखा खुले इसका ध्यान दिया जाएगा।
>
> –विशाल कुमार पाठक, प्रवर डाक अधीक्षक

कलेक्ट्रेट के पास नामांकन के दौरान बैरिकेडिंग के पास वाहनों को रोकती पुलिस। अमृत विचार

फोटो में छेड़छाड़ कर शिकायत को दिखाया निस्तारित

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व सफाई नायक ने ''311 एप'' पर आई कूड़ा की शिकायतों का उन्हीं फोटो को क्रॉप कर निस्तारण कर दिया। पकड़े जाने पर नगर आयुक्त ने सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है। जबकि सफाई नायक को चेतावनी देकर स्पष्टीकरण मांगा है।

शुक्रवार को नगर निगम के जोन-6 अंतर्गत ''311 एप'' पर नूरबाड़ी से सौरभ साहू, दरगाह हजरत अब्बास रोड से मुकेश कुमार, आलम रोड से छोटे साहब, काजमैन रोड से रंजीत सिंह, शाहगंज से अमित गुप्ता ने गली में एकत्र कूड़ा की फोटो समेत शिकायत की थी। वहीं, बीबीगंज रोड सआदतगंज से बरखा ने नाले से सिल्ट व कूड़ा हटाने की शिकायत फोटो समेत की थी। इन शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक रामजी पांडे व सफाई नायक नूरुल हसन को करना था। लेकिन, मौके पर कोई नहीं गया। बल्कि एप पर शिकायतकर्ताओं द्वारा भेजी गई फोटो क्रॉप कर अपलोड कर दी और फर्जी तरह से निस्तारण दिखा दिया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी को जानकारी हुई तो जांच कर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को अवगत कराया। नगर आयुक्त ने लापरवाही पर रामजी पांडे के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की। साथ ही नूरुल हसन को कार्रवाई की चेतावनी देकर तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

18 विभागों पर 48 लाख बिजली बिल बकाया

बिल चुकाने के लिए विभागों के पास बजट नहीं, जिला विकास अधिकारी ने दिए भुगतान के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विकास भवन में 18 अलग-अलग विभागों के कार्यालय हैं। इन विभागों पर करीब 48 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। इसकी अदायगी के लिए विभागों के पास बजट नहीं है। कार्यालय स्तर से बिजली बिल जमा करने का भी कोई मद नहीं है।

विभाग अपने मुख्यालय से धनराशि की मांग कर बिजली का बिल चुकाते हैं। विभागों को मांग के अनुसार धनराशि नहीं मिल पाती है, इससे बकाया बढ़ता जा रहा है। सबसे ज्यादा बकाया बाल विकास, पंचायती राज, मनरेगा व कृषि विभाग पर है। जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित विभाग के पास बजट नहीं होता है। मुख्यालयों ये मांग कर समय-समय पर जमा करते हैं। सभी विभागाध्यक्ष को बजट की मांग कर बिजली बिल का भुगतान के निर्देश दिए हैं।

22 अप्रैल तक इन विभागों पर यह है बकायेदारी

बाल विकास 13,97,579, पंचायती राज 9,43,674, मनरेगा 6,80,320, कृषि 3,46,988, सहकारिता 2,57,746, अर्थ एवं संख्याधिकारी 1,98,647, लघु सिंचाई 1,80,789, पशु पालन 1,73,559, पिछड़ा वर्ग 1,56,437, समाज कल्याण (विकास) 1,41,518, स्वत: रोजगार 1,31,134, भूगर्भ यांत्रिक 74,261, बैंक ऑफ इंडिया 70,331, उपनिदेशक युवा कल्याण 37,710, मत्स्य 36,224, भूगर्भ 35,018, नेडा 34,485 और जिला युवा कल्याण पर 22,086 रुपये का बकाया है।

रूट डायवर्जन से लगा कई जगह जाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तेज धूप ने जाम में फंसे लोगों का छुड़ाया पसीना

अमृत विचार: चुनाव के चलते कलेक्ट्रेट में विभिन्न दलों के प्रत्याशियों का नामांकन होना है। इसके चलते कलेक्ट्रेट को जाने वाले प्रमुख रास्तों पर डायवर्जन लागू किया गया है। इसके चलते शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के आसपास के कई रास्तों पर जाम की स्थिति बनी रही। इसके चलते तेज धूप ने जाम में फंसे लोगों का पसीना छुड़ा दिया।

प्रत्याशियों के नामांकन प्रक्रिया के चलते कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले प्रमुख रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। वहीं शुक्रवार दोपहर पहले भाजपा प्रत्याशी समर्थकों संग नामांकन करने पहुंचे, इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी करीब ढाई बजे गाड़ियों के काफिले और समर्थकों के हुजूम के संग पहुंचे। इसके चलते शहीद स्मारक रोड पर दोपहर 12 बजे से करीब तीन बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। फिलहाल ट्रैफिक कर्मी लगातार यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने मशक्कत करते नजर आये। फिलहाल कैसरबाग के आसपास के इलाके में भी रोडवेज बसें भी जाम में फंसी नजर आईं। इसके अलावा आटो व ई-रिक्शा के बीच रोड पर सवारियां बिठाने से भी लगातार जाम की स्थिति बनी रही। उधर, कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले रास्तों पर जगह-जगह पुलिस का पहरा रहा। पुलिस कर्मी दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को रोक कर वैकल्पिक रास्तों से निकालते रहे। इससे कई बार वैकल्पिक रास्तों पर भी जाम की स्थित बनती रही। इसके चलते लोग जाम में फंसकर परेशान होते रहे।

एक नजर

किशोरी को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके से बीते रविवार संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक इलाके के एक व्यक्ति ने बीते दिनों रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि क्षेत्र के ही एक निजी इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की पढ़ाई करने वाली उसकी 14 वर्षीया बेटी रविवार को लापता हो गई। पुलिस के मुताबिक देवरिया जिले के भटनी क्षेत्र में रहने वाला सरफराज अंसारी बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी सरफराज अंसारी को पकड़कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि किशोरी को बीती 22 अप्रैल को ही बरामद कर लिया गया था।

13 दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के कटी बगिया, सराय शहजादी निवासी आलोक गुप्ता ने करीब 13 दिन पहले इलेक्ट्रॉनिक दुकान में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आलोक गुप्ता का कहना है की 13 अप्रैल को रोज की तरह वह शाम 7 बजे बंथरा में कानपुर रोड, बनी स्थित अपनी दुकान श्री बालाजी फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक का ताला बंद कर घर चले गए। अगले दिन 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे जब दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान की दीवार कटी मिली। साथ ही दुकान के अंदर रखे तीन नए पंखे और तीन इंडेक्शन के अलावा करीब 3 हजार रुपये की नगदी गायब मिली। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

साइकिल चोरी करते दो युवकों को पकड़ा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर इलाके में शुक्रवार को घर के बाहर खड़ी साइकिल चोरी कर ले जा रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने रंगे हाथों धर दबोचा। बाद में दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। माती स्थित बलवंत खेड़ा निवासी हरीश यादव ने बिजनौर पुलिस को बताया कि शुक्रवार को उसके घर के बाहर खड़ी उसकी साइकिल चुरा कर भाग रहे दो युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों मुकेश उर्फ रिक्की और रजनेश रावत माती गांव के ही निकले। ग्रामीणों ने उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अब्दुल करीम अध्यक्ष व राजेश कुमार मंत्री बने

अमृत विचार, सरोजनीनगर : उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की लखनऊ क्षेत्र चारबाग डिपो ट्रैफिक शाखा का चुनाव शुक्रवार को सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित अमौसी रोडवेज वर्कशॉप में संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर अब्दुल करीम और मंत्री पद पर राजेश कुमार शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष के आदेश और लखनऊ क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर चुनाव पर्यवेक्षक सहदेव सिंह एवं अनिल अवस्थी की मौजूदगी में कराया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर अब्दुल करीम और मंत्री पद पर राजेश कुमार शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं शाखा में प्रमुख रूप से कार्यकारी अध्यक्ष अब्दुल कुद्दूस और सुनील कुमार यादव, मनोज कुमार कश्यप व सौरभ कुमार उपाध्यक्ष पद पर, जबकि उमेश चंद यादव, रंजीत कुमार सुमन और अमित कुमार श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रतिनिधि के अलावा रूसैद अब्बास, अजीज अहमद, तारा शंकर तिवारी संयुक्त मंत्री, राम प्रकाश यादव संगठन मंत्री, महेंद्र यादव कोषाध्यक्ष, मनप्रीत सिंह लेखा परीक्षक और विनीत बाजपेई प्रचार मंत्री व सातुकी कुमार को सांस्कृतिक मंत्री के रूप में चुना गया। इसी तरह सुग्रीव, रामू और मनोज सिंह सहित छह लोगों को वरिष्ठ सदस्य, जबकि सुरेश चंद्र यादव, संतोष कुमार कनौजिया और शिवजी पांडेय सहित 14 लोग सदस्य निर्वाचित हुए।

सेवानिवृत्त मुख्य आयकर आयुक्त से मांगी पांच लाख की रंगदारी

गाड़ी से कुचलने की दी धमकी, तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चार साल से किराये पर रह रहे लोगों ने सेवानिवृत्त मुख्य आयकर आयुक्त से मकान खाली करने के लिए पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। साथ ही गाड़ी से कुचलकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में दंपति समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने साजिशन बिजली विभाग का छापा डलवाने और घर का कीमती सामान चुराने का भी आरोप लगाया है।

बी- ब्लॉक विशालखंड के सेवानिवृत्त मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. सुधाकर तिवारी ने वर्ष 2020 में अपने परिचित दंपति निधि सेतिया और रोहित सेतिया को अपने मकान का भूतल हिस्सा किराए पर दिया था। उनका आरोप है कि मकान कब्जाने की नियत से उन्होंने कई माह से किराया देना भी बंद कर दिया। इस दौरान चोरी-छिपे सिलाई-कढ़ाई आदि मशीनें चलवाईं और बिजली विभाग का छापा भी डलवाया। इसमें 1.90 लाख रुपये का जुर्माना उन पर ठोंका गया। बीते 24 मार्च को जब उन्होंने मकान खाली करने के लिए कहा तोउनसे पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। इनकार करने पर उन्हें गाड़ी से कुचलकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि दंपति ने उनके मकान से लाखों रुपये का सामान भी चोरी कर लिया है। इसमें दो एसी, दो झूमर, सोफा व अन्य कीमती फर्नीचर शामिल है। डॉ. सुधाकर ने निधि सेतिया, रोहित सेतिया और जमीर आलम के खिलाफ गोमतीनगर थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक दीपक पाण्डेय ने बताया कि तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

▸▸ मकान खाली करने के लिए मांगी रकम, बिजली विभाग का छापा डलवाने व घर में रखा लाखों का सामान चुराने का भी लगाया आरोप

पंचायती राज के बर्खास्त कर्मचारी से 28 लाख की धोखाधड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर कोतवाली में पंचायतीराज के बर्खास्त कर्मचारी ने जालसाज पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित कहना है कि कम दर पर जमीन दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने कई मदों में उससे 28 लाख रुपये ऐंठ लिए हैं। रुपये वापस मांगने पर जालसाज जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उसे धमकाया है। पारा थाना अंतर्गत काशीराम कॉलोनी आवास विकास निवासी सुशील कुमार अमेठी जनपद में पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। करीब दस माह पूर्व विभाग ने उन्हें बर्खास्त कर दिया है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2018 में चंद्रशेखर ने 28 लाख रुपये में एक जमीन का एग्रीमेंट किया था। उनका कहना है कि अधिकांश रुपया पीएनबी और एक्सिस बैंक के चेक द्वारा किया गया है। आरोप है कि कई मदों में रुपये देने के बाद भी बैनाम नहीं किया। जनवरी 2024 को जालसाज ने दो अन्य लोगों को जमीन का एग्रीमेंट कर दिया। सच्चाई सामने आने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो जालसाज जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उसे धमकाने लगा। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जालसाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है।

मोहनलालगंज में लाइन का तार टूटने से खेत में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से फसल व पराली राख

कार्यालय संवाददाता, मोहनलालगंज

अमृत विचार: 11 हजार की लाइन का तार टूटने से शुक्रवार को गेहूं की फसल व पराली राख हो गयी। ग्रामीणों व दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सड़क किनारे लगे पोल में ट्रक की टक्कर से खेतों की ओर गयी 11 हजार की लाइन का तार टूटकर खेल में गिरा था, जिससे यह हादसा हुआ।

भसंडा गाँव के खेत बनी मोहनलालगंज मार्ग के पास हैं। शुक्रवार की दोपहर सड़क किनारे लगे पोल में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान खेतों की ओर गयी ग्यारह हजार लाइन में चिंगारी निकली और इन्सुलेटर से तार टूट कर खेत में गिर गया। वहीं कुछ दूरी पर किसान गेंहू काट रहे किसान धुंआ उठता देख उस ओर दौड़ पड़े। तेज हवा के कारण आग फैली। गेंहू के खेत और पराली इसकी चपेट में आ गए। मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की गाड़ी व किसानों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। घटना में विनोद, सुरेंद्र, भवानी, संतू और गयादीन की फसल जली है।

▸▸ सड़क किनारे लगे पोल में ट्रक की टक्कर लगने से टूटकर खेतों में गिरा था तार

नशीली पेय पिलाकर गायिका से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पारा थाने में गायिका ने ब्याज पर रुपया देने वाले युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि रुपया देने के लिए युवक ने उसे बहाने से कार्यालय में बुलाया। फिर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला बेहोशी हालत में उससे दुष्कर्म किया। जिसके बाद आरोपी ने गायिका का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया और वीडियो क्लिप को वायरल करने की धमकी देकर एक माह तक उसका यौन शोषण किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली गायिका ने लिखित शिकायत में बताया कि फरवरी 2023 में उसने अपनी ज्वैलरी बेचकर खुद का स्टूडियो खोलने का मन बनाया। रुपयों के अभाव में उसने सहयोगी से मदद मांगी। सहयोगी ने उसकी मुलाकात ब्याज पर रुपया देने वाले बृजेश यादव से कराई। आरोप है कि मार्च 2023 को बृजेश यादव गायिका को ब्याज पर रुपया देने के लिए अपने कार्यालय में बुलाया।फिर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। गायिका का आरोप है कि वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी एक माह तक उसका यौन शोषण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

▸▸ दुष्कर्म के बाद पीड़िता का बनाया आपत्तिजनक वीडियो

▸▸ पारा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

फंदे से लटकता मिला दो मजदूरों का शव

अमृत विचार, लखनऊ: दुबग्गा और निगोंहा थाना क्षेत्र में दो युवकों ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। दोनों ही मामलों में आत्मघाती कदम उठाए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

दुबग्गा के शाहपुर भमरौली निवासी रमेश (50) बहनोई अमरीश के साथ रहकर मजदूरी करता था। अमरीश ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह कमरे से बाहर निकला तब रमेश आंगन में जाल के सहारे फंदे से लटकता पाया गया। यह देखकर उसकी चीख निकल गई। आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतार नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं निगोहां कस्बा निवासी दिलीप (24) मजदूरी करता था। भाई कुलदीप ने बताया कि दिलीप नशे का आदी था। शुक्रवार सुबह कुलदीप का शव बाग में पेड़ से दुपट्टे के फंदे के सहारे लटकता मिला। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

कर्मी ने अस्पताल प्रबंधक पर किया हमला

कार का शीशा तोड़ प्रबंधक को पीटा, आरोपी व उसके पांच दोस्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नौकरी से बर्खास्त किए जाने पर अस्पताल कर्मी ने प्रबन्धक पर हमला कर दिया। आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ प्रबंधक की कार का शीशा तोड़ उसके साथ मारपीट की।तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी और उसके पांच दोस्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक निजी अस्पताल के प्रबंधक आदिलनगर निवासी आनन्द कुमार ने कुछ माह पूर्व गलत आचरण को लेकर सुनील यादव को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। उनका आरोप है कि 23 अप्रैल की शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपनी कार से आदिल नगर जा रहे थे। वसुंधरा विहार कॉलोनी के पास सुनील यादव ने दोस्तों की मदद से उनकी कार पर रॉड मार शीशा तोड़ दिया था। विरोध करने पर आरोपी उन्हें पीटने लगे। राहगीरों के हस्तक्षेप पर हमलावर उन्हें धमकी देते हुए भाग गए। आनन्द ने बर्खास्त अस्पताल कर्मी सुनील यादव और उसके पांच दोस्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक नितीश श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

रंजिश में दो लोगों पर चाकू और बांके से हमला

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के हरदासी खेड़ा गांव में पड़ोसियों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चीख-पुकार मचने पर हमलावर पीड़ित को धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। वहीं, नगराम में रंजिश को लेकर युवक पर बांके से हमलाकर उसे लहूलुहान कर दिया गया। दोनों ही मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चिनहट प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, हरदासी खेड़ा निवासी विकास यादव ने पड़ोसी अभिषेक गौतम, सचिन यादव, आजाद रावत और आयुष रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि गुरुवार रात करीब 09 .30 वह घर से निकल कर कुछ सामान लेने जा रहा था। रास्ते में खड़े पड़ोसी शराब पी रहे थे। इसी बीच पड़ोसियों ने उस पर अचानक से हमला कर दिया। शोर मचाने पर लाठी-डंडों से पिटाई करने के बाद उस पर चाकू से वार किया, जिसमें उसका हाथ जख्मी हो गया। वहीं,नगराम थाना अंतर्गत अमवामुर्तजापुर गांव निवासी कुन्दन सिंह का आरोप है कि रंजिश को लेकर पड़ोसी झगड़ू ने बेटे मनोज के साथ मिलकर उस पर बांके से हमलाकर घायल कर दिया। इसके बाद पड़ोसी धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। फिलहाल, पुलिस पूरी मामले की जांच कर रही है।

मेड़ बांधने के विवाद में महिला की पिटाई कर फाड़े कपड़े

अमृत विचार, मलिहाबाद : मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत एक गांव में मेड़ बांधने के विवाद में पड़ोसी ने एक महिला की पिटाई कर उसके कपड़े फाड़ दिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पड़ोसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला (35) ने गांव के आकाश मौर्या पर मारपीट, छेड़खानी, गाली-गलौज, धमकी और एससी-एसटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि बीते 21 अप्रैल की सुबह करीब 11:50 पर वह अपने खेत की मेड़ बांधने पहुंची थी। तभी आकाश मेड़ बंधाने से मना करने लगा। इनकार करने पर पड़ोसी ने उसे जमीन पर गिरा दिया। फिर उसकी पिटाई कर कपड़े फाड़ दिए। हालांकि, ग्रामीणों की एकत्र होने पर आकाश जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उसे धमकी देते घटनास्थल से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

निरीक्षण करते डीआरएम एसएम शर्मा। फोटो : अमृत विचार

डीआरएम ने परखी पार्सल कार्यालय की कार्यक्षमता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की डीआरएम एसएम शर्मा ने मंडल के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को लखनऊ- सुलतानपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग करते हुए निरीक्षण किया।

उतरेटिया रेलवे स्टेशन के परिसर का निरीक्षण करने के बाद सुलतानपुर स्टेशन पर पहुंचकर वेटिंग हाल, टिकट वितरण व्यवस्था, सर्कुलेटिंग एरिया, वाहन पार्किंग, खान-पान के स्टाल, पेयजल व्यवस्था, पे एण्ड यूज शौचालय, पावर केबिन का निरीक्षण किया। पार्सल कार्यालय की कार्यक्षमता परखने साथ लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर रनिंग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। इंजीनियरिंग विभाग के पीडब्ल्यूआई और आईओडब्ल्यू के कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए स्टाफ हित के लिए किए जाने वाले डिजिटलीकरण के कार्यों की गहनता से जानकारी ली।

▸▸ उतरेटिया व सुलतानपुर स्टेशन का लिया जायजा

बेटिकट यात्रियों से 96,460 रुपये वसूला जुर्माना

अमृत विचार, लखनऊ : उतरेटिया जंक्शन पर कई ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 248 बिना टिकट यात्रियों से 96,460 रुपये की धनराशि जुर्माने के रूप में वसूली गई। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा के नेतृत्व में मंडल वाणिज्य प्रबंधक सिद्धार्थ वर्मा ने उतरेटिया जंक्शन पर ट्रेन नंबर 14204 लखनऊ - वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस, नंबर 14210 लखनऊ - प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस, नंबर 20401 वाराणसी - लखनऊ सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस, नंबर 12369 कुम्भ एक्सप्रेस, नंबर 13484 फरक्का एक्सप्रेस, नंबर 05325 गोरखपुर - मुम्बई लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन स्पेशल, नंबर 15269 मुजफ्फरपुर -साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 14674 शहीद एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22356 चंडीगढ़ - पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 01420 गोरखपुर- पुणे विशेष किराया ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस की जांच की गई।इस दौरान 248 बिना टिकट यात्रियों से 96,460 जुर्माना वसूला गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक, एक वाणिज्य निरीक्षक, एक मुख्य टिकट निरीक्षक उपस्थित रहे।

पति पर जिंदा जलाने की धमकी देना का मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ताल कटोरा इलाके में पति द्वारा पत्नी को प्रताड़ित कर जिंदा जलाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

राजाजीपुरम सी ब्लॉक निवासी किरण वर्मा ने पति कुशल कुमार वर्मा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और जिंदा जलाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। बताया पति गैस सिलेंडर से जिंदा जलाकर मारने की धमकी दे रहा है। कहा कि माता-पिता को बोल देगा कि तुम्हारी बेटी ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली है। पीड़िता ने बताया कि पुलिस विभाग से सेवानिवृत माता-पिता काफी बुजुर्ग हैं। पति, सास, ससुर सरोजनीनगर इलाके में किराए के मकान में रहते थे। वहां उसे अकेला छोड़ सभी लापता हो गये। अब मकान मालिक किराया देने पर सामान ले जाने की बात कह रहे हैं। इसके चलते वह दो बच्चों संग मायके में रहने को मजबूर है। थाना प्रभारी कैलाश चंद दुबे ने बताया पति व सास ससुर के खिलाफ प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

ताला तोड़कर प्राथमिक विद्यालय में चोरी

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय इंदौराबाग 2 में गुरुवार की रात चोरों ने विद्यालय के कार्यालय व कक्षा का ताला तोड़कर वहां रखा सामान उठा ले गए।प्रधानाचार्य संध्या कश्यप के मुताबिक शुक्रवार की सुबह जब वह विद्यालय में पहुंची तो ताला टूटा था।उन्होंने बताया कि चोर सैमसंग कम्पनी के टैबलेट और उनका एक निजी लेपटॉप समेत कक्षा में लगा प्रोजेक्टर व साउंड और विद्यालय के दस्तावेज भी उठा ले गए। थाने पर मामले की लिखित तहरीर दी है।

मेट्रो कर्मचारियों ने लौटाए यात्री के 20 हजार रुपये

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ मेट्रो की लॉस्ट एंड फाउंड सेल यात्रियों का खोया कीमती सामान लौटाने पर तेजी से काम कर रहा है। शुक्रवार को एक मेट्रो यात्री मुंशीपुलिया से सुबह 10:07 बजे दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन पहुंचे। वह मेट्रो में अपना बैग भूल गए। स्टेशन पर नीचे आते ही उन्हें याद आया कि 20 हजार रुपयों से भरा बैग वह मेट्रो में ही भूल आए।

यात्री ने तुरंत दुर्गापुरी स्टेशन कंट्रोलर को इसकी जानकारी दी जिसके बाद ट्रेन की लाइव लोकेशन लेकर कंट्रोलर ने मवैया स्टेशन कंट्रोलर को ट्रेन में बैग होने की सूचना दे दी। यात्री 10:22 बजे मवैया मेट्रो स्टेशन पहुंचा, जहां जांच-पड़ताल कर मात्र 15 मिनट में उनका खोया बैग सुरक्षित लौटा दिया गया। लखनऊ मेट्रो के लॉस्ट एंड फाउंड सेल ने पिछले एक सप्ताह में यात्रियों के खोए 46 हजार नगद एवं एक स्मार्ट फोन सुरक्षित लौटाया है।

खुलासा सुनसान जगहों पर पैदल आने-जाने वाली महिलाओं को बनाते थे निशाना

बरेली से लखनऊ आकर लूटते थे चेन, दो गिरफ्तार

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

अमृत विचार : सुनसान जगहों पर पैदल आने-जाने वाली महिलाओं के गले से चेन छीनने वाले दो बदमाशों को बिजनौर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बरेली जिले के रहने वाले दोनों बदमाशों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि लूटपाट में बरेली में फायदा नहीं हो रहा था, इसलिए अधिक कमाई के चक्कर में वे लखनऊ आए।

20 अप्रैल को मॉर्निंग वॉक पर निकलीं बिजनौर के गोमती इन्क्लेव में रहने वाले प्रमोद गुप्ता की पत्नी की चेन लूट ली गई थी। खुलासे के लिए थाना व सर्विलांस की टीम लगाई गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने बरेली जिले के इज्जत नगर थाना अंतर्गत बैसपुर गुलड़िया निवासी विशाल पटेल और खजुरिया घाट, मयूर विहार कॉलोनी निवासी अरुण यादव को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने गोमतीनगर में महिला से चेन लूटने की वारदात भी कबूली। विशाल पर विभिन्न थानों में 16 मामले दर्ज हैं। इसमें से ज्यादातर बरेली में दर्ज हैं। वहीं अरुण यादव पर तीन मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान विशाल ने बताया कि उसका मित्र ज्यादातर लखनऊ आता था, उसी ने बरेली से अधिक लखनऊ में कमाई होने की बात कही थी। इसके चलते साथी अरुण संग लखनऊ में लूट करने आया था।

पुलिस की गिरफ्त में चेन स्नैचर।

टीमों ने खंगाली 350 कैमरों की फुटेज

इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक लुटेरों का पता लगाने के लिए करीब 350 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। एक फुटेज में बदमाश शहीद पथ से रायबरेली की ओर जाते दिखे। इसके बाद ट्रेस करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बताया बदमाशों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

दो चेन व 4500 रुपये बरामद

बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने दो चेन, 4500 रुपये नकदी और एक बाइक बरामद की है। बाइक हल्द्वानी स्थित एक अस्पताल से चुराई गई थी। डीसीपी दक्षिण ने बदमाशों को पकड़ने वाली टीम को 25000 रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

ई- रिक्शे पर सवार महिलाओं ने छात्रा के गले से पार की चेन

अमृत विचार, कृष्णानगर : ई-रिक्शे में सवार महिलाओं ने एक छात्रा के गले से सोने की चेन पार कर दी। कृष्णानगर के विमल विहार रामदास खेड़ा निवासी एलएलबी की छात्रा राजलक्ष्मी बुधवार को परीक्षा देकर ई-रिक्शा से घर लौट रहीं थी। बल्दी खेड़ा मोड़ से चार महिलाएं ई-रिक्शे पर सवार हुईं। तभी एक महिला बार-बार उल्टी करने की हरकत करने लगी। इसी दौरान एक महिला ने छात्रा का पैर अपने पैरों से दबा दिया, फिर माफी मांगने लगी। घर पहुंचने पर ध्यान गले पर पड़ी चेन पर गयी। छात्रा के गले से चेन गायब थी। आरोप है कि ई-रिक्शा पर बैठी महिलाओं ने ही उसकी चेन बहाने से उड़ा दी है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

डॉक्टर पर पीड़ित को धमकाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए वसूली करने के आरोपी डॉक्टर पर पीड़ित को धमकाने का आरोप लगा है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी डॉक्टर ने अपने लोगों को उसके घर और ऑफिस भेजकर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर धमकी दी गई। इस संबंध में पीड़ित ने शुक्रवार को जांच समिति को लिखित बयान दिया है।

उन्नाव हसनगंज निवासी सुशील सिंह की मां रामरानी का मोतियाबिंद का ऑपरेशन आठ अप्रैल को बलरामपुर अस्पताल में संविदा पर तैनात डॉ. अजय वैद्या ने किया था। सुशील ने डॉ. वैद्या द्वारा ऑपरेशन के नाम पर 4300 रुपये वसूलने का आरोप लगाते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व एनएचएम की मिशन निदेशक से शिकायत की थी, जिसकी जांच 16 अप्रैल से शुरू हुई।

शुक्रवार को हुए बयान में सुशील ने स्टांप पेपर पर लिखित आरोप लगाया है कि 23 अप्रैल की रात कुछ अज्ञात लोग चार पहिया वाहन से उसके घर पहुंचे और शिकायत वापस लेने के लिए जानमाल की धमकी दी। उसके बाद 24 अप्रैल की दोपहर 3:30 बजे कानपुर रोड स्थित सुशील के कार्यालय पहुंचकर उसे कार सवार चार लोगों ने धमकाया।

उससे कहा कि डॉ. अजय वैद्या के खिलाफ की गई शिकायत वापस ले लो, अन्यथा तुम्हें यहीं से उठाकर थाने ले जाकर समझौता पेपर पर हस्ताक्षर करवा लूंगा। पीड़ित सुशील ने बताया कि डॉ. अजय वैद्या ने ऑनलाइन चार हजार रुपये उसे वापस भेजा है।

▸▸ बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के एवज में डॉक्टर ने की थी वसूली

> मोतियाबिंद वसूली मामले की जांच चल रही है। पीड़ित सुशील ने शुक्रवार को बयान दर्ज करवाए हैं। उसने धमकाने की बात कही है। इस मामले में उससे कहा गया है कि वह एफआईआर करवाए। पीड़ित और आरोपी डॉक्टर के बयान दर्ज हो गए हैं। जल्द ही कमेटी अपनी रिपोर्ट दे देगी।
>
> -डॉ. पवन कुमार, निदेशक बलरामपुर अस्पताल

एक नजर

रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की ओर से रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता संबंधी जानकारियां साझा की गईं। भाषा विवि रोवर्स – रेंजर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का जगह–जगह आयोजन कर रहा है। इसी श्रृंखला में विवि के प्रो. एनबी सिंह के नेतृत्व में छात्रों की ओर से आपातकालीन टेंट समेत अन्य जरूरी सुविधाओं के आयोजन किये गए। इस दौरान डॉ. मो. शरीक, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. जहां आरा जैदी, डॉ. ताहिर फातिमा, डॉ. राजेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. शान ए फातिमा सहित विभिन्न संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को बताया सुरक्षा के गुर

अमृत विचार, लखनऊ : एलपीजी सुरक्षा जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कार्यकारी निदेशक यूपीएसओ राजेश सिंह तथा सीजीएम केएम ठाकुर ने लखनऊ मंडल कार्यालय द्वारा तकरोही में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में स्थानीय निवासियों को एलपीजी सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। इसमें सरकारी स्कूल के छात्रों ने भी भाग लिया। राजेश सिंह ने सुरक्षित एलपीजी उपयोग के सर्वोपरि महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से घरेलू सुरक्षा को मजबूत करने में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा प्रशासित बुनियादी सुरक्षा जांच द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

तनाव भी बन सकता है एलर्जी की वजह : डॉ. सूर्यकांत

अमृत विचार, लखनऊ : एलर्जी से घबराने की जरूरत नहीं होती है। यह किसी भी सामान्य व्यक्ति को हो सकती है। तनाव भी एलर्जी की वजह बन सकता है। यह जानकारी केजीएमयू रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा एंड एप्लाइड इम्यूनोलॉजी (आईसीएएआई) एवं विश्व एलर्जी संगठन की ओर से शुक्रवार को एलर्जी पर जागरूकता कार्यक्रम में दी। उन्होंने बताया एलर्जी के मरीज के शरीर में छोटे–छोटे दाने निकल आते हैं। इसकी वजह से मरीज को खुजली होती है। समय पर जांच व दवाओं से बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। वहीं, डॉ. अजय कुमार वर्मा ने कहा कि खाने–पीने की वस्तु से एलर्जी हो सकती है। मरीज को लगातार खांसी, छीकने जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। डॉ. राजीव गर्ग ने पित्ती और एंजियोएडेमा के पैथोफिजियोलॉजी और इलाज पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में डॉ. आरएएस कुशवाहा, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. आनंद श्रीवास्तव, डॉ. दर्शन बजाज, डॉ. ज्योति बाजपेयी, डॉ. अंकित कुमार एवं विभाग के सभी रेजिडेंट्स उपस्थित रहे।

घर में जीत का चौका लगाने के साथ हिसाब बराबर करने का मौका

दोनों टीमों के मध्य मुकाबला आज इकाना स्टेडियम में शाम 7:30 बजे

संजीव पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : इकाना स्टेडियम में शनिवार को होने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और राजस्थान रॉयल्स ने शुक्रवार को अभ्यास किया। इस मुकाबले में एलएसजी के सामने जहां घर में जीत का चौका लगाने का मौका होगा, वहीं आईपीएल के पहले मैच में राजस्थान के हाथों मिली हार का हिसाब भी बराबर करने का सुनहरा अवसर है। एलएसजी अपने होम ग्राउंड पर धमाकेदार प्रदर्शन कर रही लेकिन राजस्थान रॉयल्स से पार पाना भी उसके लिए आसान नहीं होगा। अंकतालिका में टॉप पर मौजूद राजस्थान रॉयल्य ने 8 में 7 मुकाबलों में जीत दर्ज की है। ऐसे में इस टीम को शिकस्त देना एलएसजी के लिए आसान नहीं होगा।

आईपीएल के आज होने वाले 44वें मुकाबले में एलएसजी टीम को प्लेऑफ में पहुंचने को हर हाल में धमाकेदार प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों को भी परिणाम देनें होंगे। एलएसजी की टीम ने अब तक आठ मुकाबले खेलें हैं। इन मुकाबलों में बल्लेबाज ही छाये रहे। डिकॉक, पूरन, स्टॉयनिस के साथ ही कप्तान केएल राहुल ने अपने धमाकेदार प्रदर्शन से दर्शकों के दिल के साथ मैच भी जीता। गेंदबाजों में रवि बिश्नोई के साथ क्रुणाल पांडया को 100 प्रतिशत देना ही होगा। बताते चले कि आईपीएल में राजस्थान और एलएसजी अब तक चार मैच खेले चुकी है, जिसमें राजस्थान ने तीन व लखनऊ ने एक मैच जीता है।

मयंक ने किया अभ्यास, खेलने पर संशय : स्पीड स्टॉर मयंक यादव ने अब तक तीन मुकाबले खेले हैं और अपनी रफ्तार का लोहा मनवाया। लेकिन अभी उनके खेलने पर संशय हैं। एलएसजी के कोच श्रीराम ने बताया कि मयंक ने आज अभ्यास के दौरान गेंदबाजी की है, लेकिन अभी उनके खेलने की तस्वीर साफ नहीं है। इस पर फैसला कल होगा। यदि वह कल के मुकाबले में खेलते हैं तो राजस्थान रॉयल्स की दिक्कतें बढ़ जाएंगी।

जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा एलएसजी : राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी में रियान पराग ने धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं और 63.60 के औसत ने 318 रन बना चुके हैं। एलएसजी को जीत के लिए इस बल्लेबाज के लिए खास प्लानिंग करनी होगी। फार्म में चल रहे कप्तान सैमसन को रोकना भी जरूरी होगा। उन्होंने अबतक 62.80 की औसत से 314 रन बनाए हैं। जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल भी टीम को जीत दिलाने में सक्षम है। जोस बटलर ने मैच में 57 की औसत ने 285 रन और शतकवीर यशस्वी जायसवाल ने 8 मैच में 32.14 की औसत से 225 रन बनाए हैं। गेंदबाज लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट एलएसजी के बल्लेबाजों को मुसीबत में डाल सकते हैं। दोनों का प्रदर्शन शानदार रहा है।

इकाना स्टेडियम में अभ्यास करते राजस्थान व एलएसजी के खिलाड़ी। अमृत विचार

> आईपीएल में ग्राउंड को लेकर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। कोई भी टीम चौंकाने वाला प्रदर्शन कर सकती है। फिलहाल एलएसजी शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और आगे भी यही प्रयास जारी रहेगा।
> –श्रीराम, कोच, एलएसजी

> मैं विकेट के पीछे रहूं या कहीं और, मेरा प्रयास रहता है कि टीम जीते, तो उसमें मेरा योगादान जरूर होना चाहिए। टीम में जहां मौका दिया जाता है, वहां पर बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास रहता है। मैच पर फोकस करता हूं। पहले से कोई प्लानिंग नहीं रहती है।
> –ध्रुव जुरैल, खिलाड़ी, राजस्थान रॉयल्स

राहुल, पूरन और स्टॉयनिस पर होगी जिम्मेदारी

- चेन्नई के खिलाफ विस्फोटक पारी खेलने वाले राहुल से टीम प्रबंधन को अब खासी उम्मीदे हैं। इकाना में चेन्नई के खिलाफ उन्होंने सूझबूझ भरी पारी खेली। कप्तान केएल राहुल ने 8 मैच में 37.75 की औसत से 302 रन बना लिए है।
- विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन तकरीबन हर मैच में संकट मोचक बन कर सामने आए हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी वह अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखेंगे तो एलएसजी का जीतना तय है। उन्होंने अब तक आठ मैच में 70 की औसत से 280 रन बना कर दर्शकों का दिल जीत लिया है।
- चेन्नई के खिलाफ जिस तरह से मार्कस स्टॉयनिस ने बल्लेबाजी की है, वह प्रदर्शन यहां पर उन्हें दोहराना होगा। पिछले मैच में उन्होंने महज 63 गेंदों पर नाबाद 124 रन की आतिशी पारी खेली है।

गेंदबाजों को करना होगा करिश्माई प्रदर्शन

- अभी तक खेलें गए मैचों में लेग स्पिनर रवि बिश्नोई का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। गेंदबाज ने आठ मैच में 41.80 की औसत से 6 विकेट लिए हैं। टीम प्रबंधन को उनसे खासी उम्मीदे हैं।
- एक मैच में पांच विकेट झटकने वाले यश ठाकुर को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सधी हुई गेंदबाजी करनी होगी। सात मैचों में उन्होंने 28.77 की औसत से 9 विकेट लिए है। मयंक के ना खेलने पर उन पर खासा दारोमदार होगा।
- 5 मैचों में 7 विकेट लेने वाले मोहिसन खान ने राजस्थान के खिलाफ जरा भी चुकी की तो इसका खामियाजा टीम को भुगतना होगा। तेज गेंदबाज मोहसिन 9.75 रन प्रति ओवर देकर अब तक खासे महंगे साबित हुए हैं।

अनिकेत, सानिध्य, सौरभ व यश सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहले क्वार्टर फाइनल में अनिकेत ने राहुल को 7-4 से हराया

अमृत विचार : अनिकेत श्रीवास्तव, सानिध्य द्विवेदी, सौरभ सिंह और यश वर्मा ने लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन खेले गए पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

लामाटीर्नियन एसडीएस टेनिस अकादमी के क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल में अनिकेत श्रीवास्तव ने राहुल प्रजापति को 7-4 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में सानिध्य द्विवेदी ने प्रणव मिश्रा को 7-4 से पराजित किया। इसके अलावा तीसरे क्वार्टर फाइनल में सौरभ सिंह ने मेहर खोसला को 7-4 से और यश वर्मा ने आदित्य साहू को 7-3 से हराया।

इससे पूर्व पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। जिसमें राहुल प्रजापति ने राज कुमार को 6-0 से, अनिकेत श्रीवास्तव ने शोभित टंडन को 6-2 से, प्रणव मिश्रा ने तन्मय को 7-4 से, सौरभ सिंह ने साहर को 7-0 से, मेहर खोसला ने दिव्यांश को 7-5 से, यश वर्मा ने अनुज कुमार को 7-1 से और आदित्य साहू ने अमोघ बाजपेयी को 7-1 से हराया। वहीं सानिध्य द्विवेदी को अगस्त्य के खिलाफ वॉकओवर मिला।

दूसरी ओर पुरुष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में सानिध्य द्विवेदी व प्रणव मिश्रा, अनुज कुमार व यश वर्मा, शोभित टंडन व सुमित, शनीष मणि मिश्रा व सौरभ सिंह, गोविंद व समित, अनिकेत श्रीवास्तव व तन्मय, उदय व अमोघ बाजपेयी, अभिषेक व अमर ने जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीए दीपक पाठक ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत टूर्नामेंट डायरेक्टर गोपाल सिंह बिष्ट ने किया।

लघु उद्योग भारती की जिला इकाई का होगा विस्तार

अमृत विचार, लखनऊ : लघु उद्योग भारती ने शुक्रवार को हजरतगंज के एक होटल में अपना 30वां स्थापना दिवस मनाया। संगठन की स्थापना 1994 में आज के दिन की गई थी। यह सूक्ष्म लघु उद्योगों राष्ट्रीय स्तर का संगठन है। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए औद्योगिक क्षेत्र सरोजनीनगर, अमौसी नादरगंज, चिनहट और तालकटोर में नई इकाईयों का गठन किया जाएगा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अवध प्रान्त सहप्रचारक सुनित खरे व पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया उपस्थित रहीं। वहीं, अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य रवींद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री भरत थरड, अवध संभाग अध्यक्ष रीता मित्तल, मंडल अध्यक्ष विपिन गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील गुप्ता, प्रशांत भाटिया, सुरेंद्र मेहता, अनुज तिवारी, अशोक अग्रवाल, अवधेश वर्मा, अश्वनी श्रीवास्तव, अजय अग्निहोत्री, पुनीत अरोड़ा, अमित मोहन श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

आतिफ और विश्वजीत की बल्लेबाजी से जीता यूपी टिंबर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 84 रनों से द क्रिएटर्स क्लब को हराया

अमृत विचार : आतिफ साजिद और विश्वजीत की बल्लेबाजी की बदौलत यूपी टिंबर ने सीएएल डेकाथलन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में द क्रिएटर्स क्लब को 84 रन से हरा दिया। यूपी टिंबर के 193 रनों के जवाब में क्रिएटर्स क्लब की टीम 110 रनों के योग पर सिमट गई।

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी टिंबर क्लब ने 19 ओवर में छह विकेट खोकर 193 का स्कोर बोर्ड पर टांगा। आतिफ साजिद ने 57 और विश्वजीत ने 48 रन बनाए। शिवांश और सतीश ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में द क्रिएटर्स क्लब की टीम 110 रन पर सिमट गई। फिरोज अहमद ने सबसे अधिक 26 रन बनाए। यासिर ने तीन विकेट चटकाए। एक अन्य लीग मैच में यूथ क्लब और एनडीबीजी क्लब के बीच खेला गया मुकाबला बराबरी पर छूटा।सुपरओवर में यूथ क्लब ने जीत दर्ज की।

अन्य लीग मुकाबलों में टूर्नामेंट के अन्य लीग मुकाबलों में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने गुलमोहर अकादमी को 184 रन से, कल्पना फाउंडेशन ने आरकेबी क्लब को 10 विकेट से, पार्थ अकादमी ने सीएसडी सहारा अकादमी गोमतीनगर को 24 रन से, ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने इकाना रेंजर्स को 33 रन से, डिवाइन क्लब ने भारत क्लब को नौ विकेट से, यार्कर क्लब ने पैंथर्स अकादमी को 152 रन से, आस्का ने लखनऊ क्रिकेटर्स को आठ विकेट से, कुहू स्पोर्ट्स ने लखनऊ क्रिकेट नर्सरी 216 रन से, सीएसडी सहारा बीकेटी ने चैंपियंस लीग क्लब को 9 विकेट से, स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्लब ने आर्या अकादमी को 12 रन से,जिज्ञासा क्लब ने नकवी स्पोर्टिंग को 48 रन से और सेंट्रल क्लब ने ट्रम्फ क्लब को 132 रन से हराकर पूरे अंक हासिल किए।

अखिल भारतीय ब्रह्म समाज ने कराया 85 बटुकों का यज्ञोपवीत

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज के हनुमान मंदिर में अखिल भारतीय ब्रह्म समाज का 22वां सामूहिक यज्ञोपवीत समारोह शुक्रवार को हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में काशी, चित्रकूट एवं नैमिषारण्य के विद्वान आचार्यों ने 85 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया। अवध क्षेत्र के कई जिलों से बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। प्रात: आठ बजे बरुआ खिलाया गया। इसके बाद मुण्डन, यज्ञ, वेदी पूजा, भिक्षा कार्यक्रम हुआ। शाम पांच बजे बैंडबाजे के साथ बटुक काशी पढ़ने निकले, उन्हें मामाजी ने मनाकर लौटाया। सनातन महासभा अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने कहा कि आज से ही इन बटुकों को वेद की मुख्य शिक्षा प्रारम्भ की जायेगी। अब यह सभी विद्यार्थी नित्य त्रिकाल संध्या करेंगे व गुरुकुल में रहते हुए वेद की शिक्षा प्राप्त करेंगे जिससे आगे चलकर सम्पूर्ण समाज को अपने ज्ञान के माध्यम से धर्म व वेद का ज्ञान दे सकें। इस अवसर पर विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधियों सहित अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी अवस्थी, कार्यवाहक अध्यक्ष कोमल द्विवेदी, महामंत्री देवेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष दया शंकर पाण्डेय, राम कुमार चौबे, उपमहामंत्री राम कृष्ण त्रिपाठी, संजीव गिरि, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी अर्जुन द्विवेदी, हरिश्चंद्र तिवारी प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी अर्जुन द्विवेदी, हरिश्चंद्र तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, महासचिव कौशिक बनर्जी, कोषाध्यक्ष गोविन्द मिश्र, धारा नाथ मिश्र, शिव कुमार शुक्ल, शैलेन्द्र शुक्ल, रमा शंकर वाजपेयी और राजीव शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

क्षितिज श्रृंखला कार्यक्रम के दौरान कथक करतीं कलाकार। अमृत विचार

क्षितिज में बिखरा कथक का आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रंजना शर्मा और प्रेरणा राना ने दीं कथक की प्रस्तुतियां

अमृत विचार : भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्षितिज श्रृंखला के तहत शुक्रवार को रंजना शर्मा और प्रेरणा राना ने कथक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। यह आयोजन संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में किया गया।

डॉ. कुमकुम धर की शिष्याओं रंजना शर्मा व प्रेरणा राना ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंचों पर कथक नृत्य प्रस्तुत कर सराहना हासिल की है। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण स्तुति कस्तूरी तिलकम ललाट पटले वक्ष स्थले कौस्तुभम से हुई। इसके बाद दोनों नृत्यांगनाओं ने शुद्ध नृत्य तीन ताल विलंबित लय में उपज, उठान, आमद एवं मध्य लय में गणेश परन, परमेलू, टुकड़े व तिहाइयां प्रस्तुत कीं।

ठुमरी बोल सखी री सावन भावत नाहीं को राग मिश्र पीलू व ताल कहरवा में प्रस्तुत करने के बाद तीन ताल द्रुत लय में तोड़े, टुकड़े, परन, जातियां और लड़ी पेश की। तराना निरर्थक बोलो की रचना जिसमें नोम, तोम, नादिर त न न आदि पेश किया गया। अंत में पं. बिरजू महाराज की रचना कृष्ण निरतत युग युगा त्राम दिग दिग तक थरी को अनन्या तिवारी, शिवांगी बडवाल और पार्थी राय ने प्रस्तुत किया।

रंजना शर्मा और प्रेरणा राना के साथ गायन व हारमोनियम में इलियास खां, तबला वादन में इलियास हुसैन खां, सारंगी वादन में ज़ीशान अब्बास और पढंत पर अदिति थपलियाल ने संगत की। नृत्य निर्देशन व परिकल्पना डॉ. कुमकुम धर की रही। कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद के क्षेत्रीय निदेशक अरविन्द भी मौजूद रहे।

भंडारे के दौरान लोगों को प्रसाद बांटते सचिवालय कर्मी। अमृत विचार

सचिवालय में हुआ सुंदर कांड का पाठ

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सचिवालय श्री राम–कृष्ण जन्मोत्सव आयोजन समिति की ओर से शुक्रवार को सचिवालय में राम जन्मोत्सव व हनुमान जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सुंदर कांड का पाठ और विशाल भंडारा आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने पूजा–अर्चना कर भंडारे की शुरुआत की। कार्यक्रम में सचिवालय कर्मियों ने सुंदरकांड का पाठ किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा सीधी भर्ती संघ के अध्यक्ष आशुतोष चन्द्र पाण्डेय, सचिवालय संघ के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सौरभ सिंह, संजीव सिन्हा, अरुण कुमार श्रीवास्तव, राजेश यादव, पद्मश्री शुक्ला, राजश्री दुबे, मयंक मिश्रा, धीरज पान्डेय, संजीव पांडेय, मानस मुकुल त्रिपाठी, विमला यादव, कुलदीप भदौरिया आदि शामिल हुए।

11 बटुकों का कराया यज्ञोपवीत संस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : महर्षि पाराशर ज्योतिष संस्थान ट्रस्ट की ओर से देवा रोड स्थित मटियारी चिनहट में संचालित महर्षि पाराशर गुरुकुलम दयाल फार्म में हुए सामूहिक कार्यक्रम में 11 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया।

महर्षि पाराशर गुरुकुलम के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पं. राकेश पाण्डेय ने बताया कि मेरे द्वारा संचालित गुरुकुल के विद्यार्थियों सहित अन्य बटुकों का यज्ञोपवीत कराया गया है। यज्ञोपवीत के बाद ही विद्यार्थियों को वेद की सम्पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। आज से ही बटुकों को वेद की मुख्य शिक्षा शुरू हो जायेगी। कार्यक्रम में आदित्य पति त्रिपाठी, हिमांशु पाठक, राम सिंह वर्मा, आलोक तिवारी और बाबू तिवारी आदि मौजूद रहे।

थायरॉइड मरीजों को भी फैटी लिवर का खतरा : डॉ. रोहित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 30 प्रतिशत आबादी फैटी लिवर से प्रभावित

अमृत विचार : अक्सर लोग एल्कोहलिक और डायबिटीज के मरीजों में फैटी लिवर होने की बात कहते हैं लेकिन अनियमित जीवन शैली के कारण गैर एल्कोहलिक और थायरॉइड के मरीजों में भी इसका खतरा है। देश में करीब 30 प्रतिशत आबादी नॉन एल्काहोलिक फैटी लिवर से प्रभावित है।

एसजीपीजीआई में इंडोक्राइनोलॉजी विभाग के डॉ. रोहित सिन्हा ने बताया कि थायरॉइड के मरीजों को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि थायरॉइड और लिवर के बीच गहरा नाता है। थायरॉइड हार्मोन लिवर में वसा संबंधी मेटाबोलिज्म को नियंत्रित करने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि चूहों पर अध्ययन किया गया। पता चला है कि थॉयराइड हार्मोन चीनी और वसा से भरपूर आहार लेते हैं। ऐसे चूहों का लिवर बढ़ने से रोक सकते हैं। नॉन फैटी लिवर व डायबिटीज मरीजों में कम खुराक में दिए गए थॉयराइड हार्मोन के लाभकारी प्रभाव दिखे हैं। उन्होंने बताया कि गत मार्च महीने में थायरॉइड हार्मोन एनालॉग, रेस्मिटिरॉम एडवांस स्टेज एनएएफएलडी का इलाज करने वाली पहली यूएस-एफडीए दवा बन गई। अभी तक इसकी कोई दवा उपलब्ध नहीं थी।

29 से शुरू होगा नया धारावाहिक मैं हूं साथ तेरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जीटीवी पर 29 अप्रैल से एक नया धारावाहिक मैं हूं साथ तेरे शुरू होने जा रहा है। यह धारावाहिक एक अकेली मां की कहानी है। इसमें बच्चा अपनी मां के लिए जीवन साथी की तलाश करता दिखाई देता है। ऐसा नहीं है कि बच्चे को पिता की कमी महसूस होती है बल्कि इसलिए वह अपनी मां को जिंदगी के मुश्किल सफर में अकेले गुजरते हुए और सारी जिम्मेदारियों से जूझते हुए नहीं देखना चाहता।

धारावाहिक मैं हूं साथ तेरे के मुख्य कलाकार उल्का गुप्ता और करण वोहरा अपने धारावाहिक के प्रमोशन के लिए लखनऊ आये और इस बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। उल्का गुप्ता इस धारावाहिक में अकेली मां जानवी की भूमिका में हैं। उल्का इससे पहले सात फेरे और झांसी की रानी धारावाहिक में काम कर चुकी हैं।

अभिनेता करण वोहरा ने कहा कि जब उन्होंने कहानी सुनी तो वह इतनी खूबसूरत लगी कि वह अपने आप को रोक नहीं पाए। उन्होंने कहा कि अपने शो के प्रमोशन के लिए लखनऊ आये हैं तो अमीनाबाद घूमने और टुंडे के कवाब खाने का मन है।

प्रेसवार्ता में नए शो के बारे में जानकारी देते कलाकार उल्का गुप्ता और करण वोहरा।

कला समागम की प्रदर्शनी में 62 कलाकारों की कला प्रदर्शित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कला समागम ने प्रथम सोपान नाम से कला प्रदर्शनी शुरू की। इस प्रदर्शनी में 62 कलाकारों की 75 पेंटिंग प्रदर्शित की गई हैं।

प्रदर्शनी का उद्घाटन कला विद्यालय के वर्ष 1951 के छात्र और मीनाकारी कला में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गौरी शंकर वर्मा, वरिष्ठ कलाकार राजीव मिश्रा, अजीत सिंह और किरण राठौर ने किया। पूर्व कला आचार्य बद्रीनाथ आर्या को समर्पित यह प्रदर्शनी 28 अप्रैल तक चलेगी।

प्रदर्शनी में गौरी शंकर वर्मा, पृथ्वी राज सिंह, श्याम वर्मा, सीताराम कश्यप, एमके कदम, राजीव मिश्र, अजीत सिंह, सुशील फ्रेंक, नीरा निगम, प्रेम कुमार शर्मा, विभावरी सिंह, मनीषा सिंह, अंजू पाण्डेय, रविकांत पाण्डेय, सरोज सिंह, दिनेश गुप्ता, तूलिका कश्यप, शेफाली कपूर, रितिका बुद्धिराजा, तान्या सिंह, श्रुति कौशिक, शिवांगी सिंह, संजय प्रजापति, कौशिकी द्विवेदी, संजय प्रजापति, प्रदीप सिंह, पूनम नाग, सुनील वर्मा, अमन दीप, प्रांजलि मदनलाल,ऋषभ, मदन, शालिनी, श्रुति, अनुज गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप, बरीजा नाजिम, वंदना प्रजापति, हर्शिका सिंह, कल्पना वर्मा, वर्तिका त्रिपाठी, जय गुप्ता, निहारिका सिंह, अंकित प्रजापति, आकाश दुबे, अनिकेत पटेल, धीरज मध्यानी, अमर पाल समेत अन्य के चित्र प्रदर्शित किये गए हैं।

- पूर्व कला आचार्य बद्रीनाथ आर्या को समर्पित रही प्रदर्शनी

राज्य ललित कला अकादमी लालबरादरी में कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते लोग। अमृत विचार

एक नजर

एटीएम मशीन हैंग करने का प्रयास, युवक को पकड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज इलाके में शुक्रवार को एटीएम बूथ में घुस मशीन में प्लास्टिक की स्ट्रिप फंसा हैंग करने का प्रयास कर रहे एक युवक को पकड़ लिया जबकि उसका साथी फरार हो गया। थाना अंतर्गत कैंपबेल रोड पर इंडियावन बैंक का एटीएम है। शुक्रवार रात करीब आठ बजे एक युवक एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर रहा था। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान मलिहाबाद निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है।

सुपरवाइजर के घर में लूट की पुष्टि नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : गुड़म्बा इलाके के पैकरामऊ में रियल एस्टेट कम्पनी के सुपरवाइजर रंजीत मिश्र के घर में लूट के मामले में शुक्रवार को एसीपी गाजीपुर विकास राय के समक्ष पीड़ित परिवार के बयान दर्ज किए गए। उनका कहना है कि अब तक की जांच में चोरी का मामला ही सामने आया है, लूट की पुष्टि नहीं हुई है। डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि अभी तक की जांच में सामने आया कि आहट सुनकर रंजीत जागे लेकिन जांच में पता चला कि उन्होंने विरोध नहीं किया था।

निजी कंपनी के मैनेजर के घर से लाखों का सामान चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : नरपतखेड़ा निवासी आशुतोष द्विवेदी निजी कंपनी में सेल्स मैनेजर हैं। 22 अप्रैल को वह परिवार संग अंबेडकरनगर स्थित पैतृक गांव गए थे। इस बीच चोर दीवार फांद कर मकान में घुसे और खिड़की की ग्रिल टेढ़ी कर अंदर पहुंचे। इसके बाद सामान समेट ले गये। गुरुवार को पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा देख आशुतोष को फोन पर घटना की जानकारी दी। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में करीब एक लाख की नकदी और लाखों के गहने व सामान चोरी होने की बात कही है। पूरी घटना आसपास लगे कैमरे में कैद हुई है। फुटेज में दो आरोपी मकान की दीवार फांद कर अंदर जाते दिख रहे हैं।

नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों का समागम कल

अमृत विचार, लखनऊ : जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों का द्वितीय समागम 28 अप्रैल को अम्बेडकर स्मारक के बगल स्थित भागीदारी भवन, गोमती नगर में होगा। कार्यक्रम आयोजन समिति से जुड़े जिम्मेदार डॉ. राम चन्द्र (पूर्व छात्र, जवाहर नवोदय विद्यालय फैजाबाद / अयोध्या बैच-1986-1993) ने बताया कि इस बार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय, नोएडा, संजय शुक्ला होंगे। शैक्षणिक कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें 4 एलुमनी के सम्बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गतवर्ष यह समागम बाबा भीमराव अम्बेडकर विवि के ऑडिटोरियम में किया गया।

छेड़खानी से आहत छात्रा ने खाया जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

▸▸ शिकायत करने पर परिजनों के साथ अभद्रता, दी तहरीर

अमृत विचार : इंटर में फर्स्ट डिवीजन आई छात्रा ने आए दिन छेड़खानी से आहत होकर घर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के पिता ने कोतवाली में छात्रा को प्रताड़ित करने वाले युवक के खिलाफ तहरीर दी है।

शहर के एक मोहल्ला निवासी छात्रा (17) ने इस साल इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। बेटी की इस कामयाबी से परिवार के लोग खासा खुश थे, लेकिन यह खुशियां ज्यादा दिन तक ठहर नहीं सकी। शहर के मोहल्ला इमलीबरा निवासी एक युवक छात्रा को काफी दिनों से परेशान कर रहा था। कोचिंग और स्कूल आते-जाते समय तंज कसना, अश्लील हरकतें करना रोज का रवैया बना था। गुरुवार को बाजार से लौटते समय युवक उसके पीछे पड़ गया और रास्ते में सरेआम उसके साथ छेड़खानी कर दी। उसने विरोध जताया तो युवक ने छात्रा को धमकी दी कि वह उसका ऐसा हाल करेगा कि वह मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। इस धमकी से बुरी तरह सहमी छात्रा ने घर में अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन युवक के घर गुरुवार की शाम शिकायत करने पहुंचे तो युवक ने छात्रा के परिजनों के साथ अभद्रता करते हुए भगा दिया। इससे आहत छात्रा ने रात में घर पर जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

ट्रॉमा सेंटर : समय 8 का, 10 बजे शुरू होती है ओपीडी

▸▸ डॉक्टर के पास जाते समय मरीजों से अभद्रता, की गई धक्कामुक्की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

ट्रॉमा सेंटर आए दंपति मेडिकल स्टोर पर दवा लेते हुए। अमृत विचार

जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

अमृत विचार : जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में एक रुपये के पर्चे पर चौबीस घंटे इलाज का दावा है। ओपीडी का समय सुबह 8 बजे है लेकिन डॉक्टर 10 बजे के पहले मरीज देखना शुरू नहीं करते। रात को मुख्य गेट बंद होने पर मरीजों को निजी अस्पताल ले जाना पड़ता है। कमीशन के लिए डॉक्टर मेडिकल स्टोर के पर्चे पर ही बाहर की दवाएं लिख देते हैं। मरीज या तीमारदार को उसी मेडिकल स्टोर पर भेजा जाता है, जिसके पर्चे पर दवा लिखी होती है।

आईआईएम रोड निवासी आरके शुक्ला के पेट में दर्द था। वह बुधवार सुबह करीब 8:45 बजे ट्रॉमा पहुंचे। उन्होंने बताया पर्चा बनवाने के अन्य मरीजों के साथ वोटिंग एरिया में बैठा दिया गया। आरोप लगाया कि डॉक्टर मरीज देखने के बजाय आपस में हंसी ठहाके लगा रहे थे। दर्द से परेशान शुक्ला काफी देर इंतजार के बाद डॉक्टर के पास जाने लगे तो कर्मचारी ने उनसे अभद्रता की और धक्का देकर पीछे कर दिया। कर्मचारी ने कहा कि डॉक्टर 10 बजे से पहले मरीज नहीं देखते। पेट दर्द से बेहाल आरके शुक्ला डॉक्टर को दिखाए बगैर ही लौट गए। उन्होंने पास के एक निजी अस्पताल जाकर दवा ली।

इस संबंध में जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. सुशांत ने कहा कि ट्रॉमा में चौबीस घंटे इलाज मिलने की व्यवस्था है। ओपीडी में यदि डॉक्टर समय से नहीं बैठ रहे तो जांच कराकर सुधार कराया जाएगा। इसके अलावा बाहर की दवाएं लिखने पर रोक लगाई जाएगी। यदि अंदर दवाएं कम है तो सभी जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी जाएगी। रात में यदि गेट खुलने में लापरवाही हो रही है तो जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

मेडिकल स्टोर के पर्चे पर लिख रहे बाहर की दवा

बीकेटी बरगदी निवासी नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि पेट व सिर दर्द और खांसी की परेशानी है। इसके इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर आकर पर्चा बनवाया। उनका पंजीकरण संख्या 6485 है। नीलम ने बताया कि डॉक्टर ने पर्चे पर दवा लिखी। दो इंजेक्शन पास के एक मेडिकल स्टोर से लेने के लिए कहा गया। इसी तरह एयरफोर्स बीकेटी निवासी विजेन्द्र कुमार का पंजीकरण संख्या 6485 है। उन्हें भी दो दवाइयां बहार की लिखी गईं। सीतापुर रोड निवासी पंकज का पंजीकरण नंबर 6624 और जानकीपुरम विस्तार निवासी निधि यादव का पंजीकरण नंबर 6502 है। इन्हें भी बाहर की दवाइयां लिखी गईं।

रात में बंद रहता है ट्रॉमा सेंटर का गेट

जानकीपुरम विस्तार निवासी प्रमोद यादव ने बताया कि तीन दिन पहले करीब 11 :30 बजे तबियत बिगड़ गई थी। ट्रॉमा सेंटर लाया गया, लेकिन वहां मुख्य गेट में ताला लगा था। कई आवाजें देने के बावजूद कोई अंदर से नहीं आया। जिसके बाद रिंग रोड स्थित एक निजी अस्पताल जाकर इलाज कराया। स्थानीय निवासी सुनीता ने बताया कि तबियत बिगड़ने पर देर रात बेटी को ट्रॉमा ले गईं थी। किसी ने गेट नहीं खोला। हताश होकर निजी अस्पताल जाना पड़ा। ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. सुशांत का कहना है कि रात में सुरक्षा की लिहाज से मुख्य गेट अंदर से बंद किया जाता है। ट्रॉमा एकांत जगह पर होने के कारण यहां अराजकतत्व जुटते हैं। अंदर नाइट शिफ्ट के डॉक्टर व अन्य मेडिकल स्टाफ रहता है। जो भी मरीज आते हैं उनको इलाज मुहैया कराया जा रहा है। पुलिस पिकेट की मांग की गई। पिकेट मिलने के बाद चौबीस घंटे गेट खुला रहेगा।

रायबरेली-सुलतानपुर हाईवे पर बोलेरो पलटी, 4 लोगों की मौत

मिल एरिया थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, बराती थे सवार, तीन घायल

अमावां, रायबरेली

अमृत विचार : मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुलतानपुर हाईवे पर शुक्रवार तड़के बरात से लौट रही एक बोलेरो मालिनपुरवा के पास पुलिया से टकराकर सड़क पर पलट गई। घटना में बोलेरो सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

लालगंज थाना क्षेत्र के कटहरियन का पुरवा गांव से सर्वेश की बरात गुरुवार की शाम फुरसतगंज थाना क्षेत्र के गांव में आई थी। सभी कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद एक बोलेरो आठ बरातियों को लेकर लालगंज के लिए रवाना हो गई। रायबरेली-सुलतानपुर हाईवे पर मालिनपुरवा के पास तड़के साढ़े तीन बजे बोलेरो नैया नाला के पुल की रेलिंग से टकराकर पलट गई। बोलेरो में सवार 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

राघवेन्द्र यादव उर्फ रामबाबू (फाइल फोटो)

पंकज (फाइल फोटो)

दीपक (फाइल फोटो)

अवधेश (फाइल फोटो)

दुर्घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त बोलेरो। अमृत विचार

मौके पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां बोलेरो सवार लालगंज थाना क्षेत्र के कटरियन का पुरवा निवासी पंकज पाल (26) पुत्र राजाराम पाल, दीपक पाल (25) पुत्र बभन कुमार, अवधेश पाल (32) पुत्र प्यारे पाल व लालगंज थाना क्षेत्र के ही ऐहार निवासी राघवेंद्र यादव (35) पुत्र रामखेलावन सहित चारों लोगों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल बबलू पांडेय, अंकुश, मुकेश का अस्पताल में उपचार जारी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

रेलकोच में गई थी जमीन तब मिली थी नौकरी

कोच फैक्ट्री के बनने के कारण आसपास के किसानों की बड़ी तादाद में जमीने रेलवे ने खरीदी थी उसमें इन सभी मृतकों की भी जमीने गई थी, जिसके बदले इन्हें पैसा और नौकरी मिली थी। हादसे में मौत के गाल में समाए ऐहार निवासी राघवेंद्र उर्फ रामबाबू लखनऊ में इंजीनियरिंग वर्क्स में तैनात थे। जबकि पंकज और दीपक रायबरेली में सिंग्नल विभाग में कार्यरत था। जबकि अवधेश बछरांवा स्टेशन में सिंग्नल विभाग में था। लगभग दस पूर्व सभी को रेलवे विभाग में नौकरी मिली थी।

मरीज से अभद्रता मामले में सफाई कर्मी बर्खास्त

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल में आईसीयू में भर्ती महिला मरीज से अभद्रता करने के आरोपी आउटसोर्स सफाई कर्मी की सेवा समाप्त कर दी गई है। यह कार्रवाई अस्पताल प्रशासन ने शिकायत के आधार पर जांच के बाद संबंधित कंपनी के माध्यम से कराई है।

बलरामपुर अस्पताल में सन फैसिलिटी सर्विसेज कंपनी के जरिए सफाई कर्मचारियों की तैनाती आउटसोर्सिंग पर की जाती है। इस कंपनी के जरिए सफाई कर्मी अंकुर बलरामपुर के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) स्थित आईसीयू में अप्रैल माह रात की ड्यूटी में लगाया गया था। मामला नौ अप्रैल की रात का है। आईसीयू में भर्ती एक महिला मरीज के तीमारदारों ने बलरामपुर अस्पताल के प्रशासनिक अफसरों से अभद्रता की शिकायत की। तीमारदारों ने आरोप लगाया कि आरोपी सफाईकर्मी ने नौ अप्रैल की रात को मरीज के शौचालय जाने पर अभद्रता की। इससे पहले भी महिला मरीज के स्नान करने के दौरान वह दरवाजे के बाहर जाकर खड़ा हो गया। महिला मरीज ने विरोध जताया तो आरोपी ने धमकाया।

इलेक्ट्रॉनिक कैलिपर से उड़ान भरेंगे दिव्यांग

पोलियोग्रस्त लोगों के लिए तैयार किया कृत्रिम अंग

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : जरा सोचिये, शरीर के अंग पोलियो ग्रस्त हो जाएं तो उनको काम लायक बनाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में तैयार कृत्रिम अंग इस दर्द से छुटकारा दिलाएंगे। इन कृत्रिम अंगों को डिवाइस के जरिये मोबाइल एप से जोड़कर दिव्यांग खेलकूद गतिविधियां भी पूरी करेंगे। वैज्ञानिक का दावा है कि यह इलेक्ट्रॉनिक कैलिपर पहली बार देश में दिव्यांगों को मिलने जा रहे हैं।

विवि के कृत्रिम संस्थान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि अक्सर पोलियोग्रस्त बच्चों और युवाओं को कृत्रिम अंग पहनते समय असहनीय पीड़ा होती है। हाथ और पैर को मोड़कर इन्हें पहनने में दिव्यांगों को हल्के घाव भी हो जाते हैं। इन तकलीफों से निजात के लिए ही इलेक्ट्रॉनिक कैलिपर तैयार किए गए हैं। विशेष विधियों से तैयार इन अंगों में इलेक्ट्रानिक डिवाइस और सेंसर लगा है। इलेक्ट्रानिक डिवाइस और सेंसर को दिव्यांग के मोबाइल पर रिमोट एप से जोड़ दिया जाएगा। मोबाइल में लोड एप में क्लिक करते ही कृत्रिम अंग खुल जाएंगे। इस्तेमाल होने के बाद अंगों के सांचे और खांचे दोबारा बंद हो जाएंगे। अंगों को मोटा, पतला करने के लिए बटन भी लगाए गए हैं।

डॉ. रंजीत ने बताया कि कृत्रिम अंग में पैरों के सोल व अन्य सामान तैयार करने में विशेषज्ञों की टीम को 11 माह से अधिक का समय लगा। वैज्ञानिकों ने कई दिव्यांगों की मदद से परीक्षण किये। कृत्रिम अंग मुलायम और विशेष कैमिकल के सहारे तैयार किये गए हैं।

3 हजार बच्चों का इलाज

छोटे बच्चों में जब रीढ़ की हड्डी टेढ़ी होने लगती है, तो शुरुआत में इसे ठीक किया जा सकता है। डॉ. रंजीत कुमार बताते हैं कि करीब तीन हजार बच्चों की समस्या को वे अलग-अलग संस्थानों में रहकर ठीक कर चुके हैं।

सुविधाएं बिल्कुल मुफ्त

कृत्रिम अंगों की तैयार नई खेप दिव्यांगों के लिए संजीवनी बनने जा रही है। कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा बताते हैं कि कृत्रिम अंगों में घुटने के नीच और ऊपर का पैर, कोहनी के नीचे और पूरे हाथ की दी जाने वाली ये सहूलियत पूरी तरह से निशुल्क है।

ज्यादा पसीना आना लिम्फोमा कैंसर के संकेत : डॉ. वर्मा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लोहिया संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : यदि सामान्य से ज्यादा पसीना आ रहा है। वजन में गिरावट हो रही है। बार-बार बुखार आ रहा है तो यह लिम्फोमा कैंसर के संकेत हो सकते हैं। इन लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय डॉक्टर से मिलकर जांच करानी चाहिए। समय से कैंसर की पुष्टि होने पर इलाज से ठीक किया जा सकता है।

यह जानकारी केजीएमयू हीमैटोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसपी वर्मा ने दी। वह शुक्रवार को लोहिया संस्थान में अंडरस्टैंडिंग लिम्फोमा डायग्नोसिस-लाइव माइक्रोस्कोपी सेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कहा कि गर्दन, बगल, छाती व पेट में गांठ महसूस होने पर भी डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

शरीर में होती हैं 70 फीसदी गांठ सामान्य

डॉ. एसपी ने कहा कि शरीर में होने वाली महज 25 से 30 फीसदी गांठे ही कैंसर होती हैं। इनमें से 80 फीसदी मरीज इलाज से ठीक हो जाते हैं। कार्य मे लोहिया संस्थान की पूर्व निदेशक व पैथोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. नुजहत हुसैन ने कहा कि आधुनिक जांच से कैंसर की सटीक पहचान संभव हो गई है। इलाज की दिशा तय करने में भी मदद मिल रही है। कार्यक्रम में डीन डॉ. प्रद्युन सिंह समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

कर्मचारियों को बताए गए मलेरिया के लक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : आरडीएसओ अस्पताल में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया जिसमें कर्मचारियों और रेलवे लाभार्थियों को मलेरिया के बारे में शिक्षित किया गया। डॉ. अनुज कुमार सिंह सीनियर डीएमओ ने मरीजों को मलेरिया के कारण, इसके उपचार और रोकथाम के बारे में बताया। डॉ. कमल किशोर पीसीएमओ ने लोगों को स्वच्छता उपायों के महत्व के बारे में भी बताया और नलों या किसी भी स्थान के आसपास पानी जमा न होने देने का सुझाव दिया। उन्होंने मच्छरदानी का उपयोग करने और जब भी रोगी को विशेष रूप से तेज बुखार हो तो डॉ. से परामर्श लेने पर भी जोर दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. कमल किशोर पीसीएमओ, डॉ. ज्योत्सना एसीएमएस, डॉ. मेराज अहमद, डॉ. अनुज कुमार सिंह, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. पंकज श्रीवास्तव और आरडीएसओ अस्पताल के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

डिजी लॉकर से जुड़े संस्थानों के छात्रों को ही मिलेगी छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ छात्रवृत्ति में फर्जीवाड़ा रोकने को इस सत्र से यूडाइस और आइस लागू करने की कवायद

अमृत विचार: छात्रवृत्ति योजना में फर्जीवाड़ा को रोकने के लिए इस सत्र से यूडाइस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) और आइस (इंफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) को लागू करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लागू होने के बाद डिजी लॉकर से जुड़े कॉलेजों और विद्यालयों को ही अब से छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सकेगा।

यूडाइस पोर्टल पर कक्षा नौ से बारह तक के छात्र-छात्राएं और आइस पोर्टल पर इंटरमीडिएट कर चुके छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करेंगे। इस पोर्टल पर उसी विद्यालय के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे, जिन विद्यालयों के पास आईडी/प्रमाणपत्र में मुद्रित कोड के साथ नवीनतम मान्यता प्रमाण पत्र होगा। आवेदन करते समय विद्यालय और कॉलेजों को आईडी का ब्योरा देना होगा। इस प्रक्रिया के लागू होने के बाद परीक्षा परिणाम ऑटोफेच (स्वाचलित रूप से मिल जाएगा) कर लेगा।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि डिजी लॉकर से न जुड़ने वाले कॉलेजों-विद्यालयों के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति में व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए चार नोडल अधिकारी बनाए जा रहे हैं।

नैमिषारण्य के धार्मिक महत्व को दर्शाने वाली प्रतिमा देखते मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी। अमृत विचार

कलाकारों ने बनाए नैमिषारण्य के चित्र

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य ललित कला अकादमी और उत्तर प्रदेश के धर्मार्थ कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय चित्रकला शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतरराष्ट्रीय वैदिक विज्ञान केंद्र नैमिषारण्य के प्रारूप एवं विकास की रूपरेखा विषय पर यहां संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कलाकारों ने नैमिषारण्य के धार्मिक महत्व को दर्शाने वाले चित्र बनाए। इस शिविर का गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम ने शुरुआत की थी और आज शुक्रवार को समापन के अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी यहां मौजूद रहे। अवनीश अवस्थी और लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने इस मौके पर लगाई गई चित्र व मूर्ति प्रदर्शनी भी देखी। राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने अतिथियों को कलाकृतियों की विशेषता और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी।

शौचालय का नल खराब होने से ट्रेन के कोच में भरा पानी

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रेन में यात्रियों को सफर में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पूर्व हम सफर की छत से पानी टपकने की शिकायत मिली थी। इसके बाद सिकंदराबाद गोरखपुर एक्सप्रेस की एसी में छत से टपकते पानी का मामला सामने आया। यात्रियों की शिकायत के बाद इसे ठीक कराया गया और एक कर्मचारी को चार्जशीट दी गई।

इसी तरह काठगोदाम से लखनऊ जंक्शन आ रही ट्रेन में शौचालय का नल खराब हो गया। इसका पानी बोगी के अंदर तक पहुंचने लगा। इससे यात्रियों को दिक्कत हुई। ट्रेन नंबर 15044 काठगोदाम लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस की सेकेंड एसी बोगी ए-वन के शौचालय का नल खराब होने से कोच में गंदा पानी भर गया।

दांतों के इलाज में लेजर तकनीक कारगर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केजीएमयू में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

अमृत विचार : लेजर तकनीक ने दांतों के छोटे या बड़े ऑपरेशन को आसान कर दिया है। इससे कम समय लगने के साथ ही लोगों को डर भी नहीं लगता। उदाहरण के लिए रूट कैनाल करते समय कैविटीज को हटाने के लिए जिस मशीन का इस्तेमाल किया जाता है। उस मशीन की आवाज बहुत होती है। जिससे मरीज काफी डर जाते हैं, लेकिन, लेजर के द्वारा रूट कैनाल में न तो अधिक समय लगता है और न ही मरीज को डर लगता है। यह बातें केजीएमयू के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडॉन्टिक्स विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. प्रोमिला वर्मा ने कहीं।

दरअसल, कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडॉन्टिक्स विभाग ने डेन्टप्लाई सिरोना के सहयोग से शुक्रवार को केजीएमयू के दंत चिकित्सा में ''वर्सेटिलिटी ऑफ लेजर इन डेन्टिस्ट्री'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने किया। कुलपति ने कहा डेंटल सर्जन लेजर के सावधानी पूर्वक उपयोग करें। उन्होंने डेंटल डिपार्टमेंट में दंत चिकित्सा लेजर को स्थापित पर जोर दिया। उन्होंने बताया वर्कशॉप के जरिए मेडिकल स्टूडेंट्स को लेजर द्वारा दंत चिकित्सा में ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के साथ रोगियों को बेहतर इलाज का अवसर उपलब्ध कराना है। प्रो. राकेश कुमार यादव ने बताया कि लेजर विधि द्वारा दांतों की सफाई से लेकर दांतों के ऑपरेशन तक का काम होता है। अब लेजर विधि द्वारा अधिक संख्या में मरीजों को इलाज मिल रहा है।

लेजर का उपयोग होना किसी क्रांति से कम नहीं

प्रो. रमेश भारती ने कहा कि लेजर तकनीक का इस्तेमाल पहले भी किया जाता था। लेकिन, अब इसका इस्तेमाल अधिक होने लगा है और कहीं न कहीं यह लेजर दंत विभाग के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। बिना दर्द, बिना चिरा और बिना खून के मरीज का दांत बिल्कुल सही हो रहा है। डॉ. प्रज्ञा पांडेय ने बताया कि चिकित्सा में लेजर का उपयोग होना किसी क्रांति से कम नहीं है। बशर्ते दांतों के इलाज में लेजर विधि के दौरान विशेषज्ञ के हाथ में सफाई होनी चाहिए। दिल्ली के व्यख्यात लेजर विशेषज्ञ डॉ. यश बहादुर ने दांतो मे होने वाली विभिन्न समस्याएं जैसे दांतों मे ठंडा व गरम लगना, दांतो की ब्लीचिंग को लेजर विधी द्वारा दर्द रहित इलाज के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही लेजर तकनीकि का मरीज पर लाइव डेमॉन्सट्रेसन भी किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिनमें विभिन्न कॉलेजों के स्नातकोत्तर और लखनऊ के निजी चिकित्सक शामिल रहे।

रेल संरक्षा में समझौता स्वीकार नहीं : मेहरोत्रा

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में संरक्षा महासम्मेलन का समापन शुक्रवार को हो गया। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा ने कहा कि हमें संरक्षा को अपने जीवन की दिनचर्या और कार्यशैली में शामिल करना होगा। अनुशासन, कर्मठता, सजगता एवं तत्परता संरक्षा के प्रमुख कारक है। रेल संरक्षा में किसी भी प्रकार का समझौता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं है। संरक्षित ट्रेन परिचालन के लिये कोड व मैनुअल नियमों का गंभीरता से पालन करना होगा। इस मौके पर एनईआर के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक आशीष भाटिया, डीआरएम आदित्य कुमार की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्पेशल रेल सेवाओं का हो रहा संचालन

नई दिल्ली

अमृत विचार : रेलवे द्वारा आगामी गर्मियों की छुटिटयों में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट-भावनगर टर्मिनस व काचीगुडा-हिसार-काचीगुडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 09557/09558, भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल गाड़ी संख्या 09557, भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 3 मई से 28 जून तक (9 ट्रिप) भावनगर टर्मिनस से शुक्रवार को 15 .15 बजे रवाना होकर शनिवार को 13 .10 बजे दिल्ली कैंट पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09558, दिल्ली कैंट-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 4 मई से 29 जून तक 9 ट्रिप दिल्ली कैंट से शनिवार को 15 .25 बजे रवाना होकर रविवार को 12 .25 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में भावनगर पारा, सिहोर गुजरात, धोला, बोटाद, सुरेन्द्रनगर, वीरमगांव, चन्दोलिया बी केबिन, मेहसाना, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड ज., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाडी व गुडगांव स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 02 सैकण्ड एसी, 04 थर्ड एसी, 08 द्वितीय शयनयान, 02 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 18 डिब्बे होगे। 07055/07056, काचीगुडा-हिसार-काचीगुडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा गाडी संख्या 07055, काचीगुडा-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 2 मई से 27 जून तक (9 ट्रिप) काचीगुडा से गुरूवार को 15 .15 बजे रवाना होकर शनिवार को 11 .15 बजे हिसार पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 07056, हिसार-काचीगुडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 5 मई से 30 जून तक (9 ट्रिप) हिसार से रविवार को 12 .35 बजे रवाना होकर मंगलवार को 07 .30 बजे काचीगुडा पहुँचेगी।

यह रेलसेवा मार्ग में मडचेल, वाडियाराम, कामारेड्डी, निज़ामाबाद, बसर, मुदखेड, नांदेड, पूर्ना, बसमत, हिंगाली, वाशिम, अकोला, षेहगांव, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, अमालनेर, नंदुरबार, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, मेहसाना, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड ज., पाली मारवाड, लूनी, जोधपुर, मेडता रोड, नागौर, नोखा, बीकानेर, श्रीडूंगरगढ, राजलदेसर, रतनगढ, चूरू व सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 5 सैकण्ड एसी, 05 थर्ड एसी, 07 थर्ड एसी इकोनोमी, 03 द्वितीय शयनयान व 02 पावर कार डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होगे।

भाजपा नेता तेजस्वी सूर्या पर मामला दर्ज

बेंगलुरु : चुनाव आयोग ने कथित तौर पर चुनाव कानूनों का उल्लंघन करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं बेंगलुरु दक्षिण से उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के खिलाफ कार्रवाई की है।

आयोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कथित तौर पर एक वीडियो पोस्ट करने और धार्मिक आधार पर वोट मांगने के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटनाक्रम की घोषणा कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स पर एक बयान में शुक्रवार को की। बयान के मुताबिक सूर्या के खिलाफ मामला 25 अप्रैल को बेंगलुरु के जयनगर थाना में दर्ज किया गया था।

मुस्लिम लीग के एजेंडे पर चल रही कांग्रेस : शाह

बेमेतरा (छत्तीसगढ़), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर मुस्लिम लीग के एजेंडे पर चलने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी कह रही है कि वह अल्पसंख्यकों के लिए एक अलग कानून बनाएगी।

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिला मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिन्होंने वोट बैंक की राजनीति के कारण अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया, उन्हें देश पर शासन करने का अधिकार नहीं है। बेमेतरा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में आता है जहां सात मई को मतदान होगा।

छत्तीसगढ़ : जनसभा को संबोधित करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह जनता का अभिवादन करते हुए। : एजेंसी

शाह ने कहा कि उन्होंने (कांग्रेस) कहा है कि वे अल्पसंख्यकों के लिए अलग कानून बनाएंगे। मुझे बताओ, क्या देश को 'शरिया' के आधार पर चलना चाहिए? क्या तीन तलाक दोबारा लागू होना चाहिए? कांग्रेस पार्टी मुस्लिम लीग के एजेंडे के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा, न तो जनता आपको चुनेगी और न ही तीन तलाक दोबारा लागू होगा। मैं आज कह रहा हूं कि हम किसी को भी सीएए, तीन तलाक और अनुच्छेद 370 को छूने की इजाजत नहीं देंगे। शाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने वोट बैंक के लालच में कश्मीर में धारा 370 को अनेक साल बरकरार रखा। आप सभी ने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर दिया और कश्मीर हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बन गया।

वोट बैंक की नाराजगी के डर से अयोध्या नहीं गए राहुल

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट ने राहुल बाबा को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया था, लेकिन वह इसमें शामिल नहीं हुए क्योंकि उन्हें अपने वोट-बैंक का डर है। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने वोट बैंक की राजनीति के कारण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया, उन्हें देश पर शासन करने का अधिकार नहीं है।

हमने दिया पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब

उन्होंने कहा कि देश में यूपीए की सरकार थी, सोनिया-मनमोहन की सरकार थी। आए दिन पाकिस्तान से आतंकवादी घुस जाते थे, बम धमाके करते थे। आपने मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया। पाकिस्तान को आदत लगी थी, उसने उरी और पुलवामा में हमला किया, लेकिन इस बार मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री नहीं थे, नरेन्द्र मोदी थे। नरेन्द्र मोदी सरकार ने 10 ही दिन में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने का काम किया।

निर्दलीय चुनाव लड़ेगा चरमपंथी अमृतपाल

अमृतसर, एजेंसी

▸▸ खालिस्तान समर्थक की मां ने किया दावा

जेल में बंद चरमपंथी अमृतपाल सिंह की मां ने शुक्रवार को बताया कि उनका बेटा पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से बतौर निर्दलीय संसदीय चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले बुधवार को अमृतपाल सिंह के कानूनी सलाहकार राजदेव सिंह खालसा ने भी दावा किया था कि 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख चुनाव लड़ेंगे।

बलविंदर कौर ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि उनका बेटा चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार हो गया है। अमृतपाल सिंह को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया है। वह अपने नौ सहयोगियों के साथ वर्तमान में असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। एक महीने से अधिक समय तक चली तलाश के बाद उसे पिछले साल 23 अप्रैल को मोगा जिले के रोडे गांव से गिरफ्तार किया गया था। खालिस्तान समर्थक पिछले साल मार्च में वाहन बदलकर और हुलिया बदलकर जालंधर जिले में पुलिस की गिरफ्त से बच निकला था।

संविधान बचाने का है चुनाव : अखिलेश

संवाददाता, सोरोंजी (कासगंज)

▸▸ कासगंज में सपा प्रमुख ने स्वामी प्रसाद मौर्य पर कसा तंज कहा- उनके घटिया डायलॉग कोई सुनना नहीं चाहता

अमृत विचार : प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि देश के सामने संविधान बचाने की चुनौती है। भाजपा संविधान की भक्षक बन रही है। उसके सहयोगी दल भी संविधान को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। संविधान खतरे में आया तो देश खतरे में आ जाएगा और हम सबका अधिकार चला जाएगा। इसलिए यह चुनाव संविधान बचाने का है उन्होंने कई मुद्दों पर सरकार और भाजपा को एक साथ घेरा। जमकर सियासी तीर छोड़े।

सपा मुखिया अखिलेश यादव

शुक्रवार को तीर्थ नगरी सोरों के मेला ग्राउंड में एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संबोधन से पहले तीर्थ नगरी को नमन किया। कहा, यहां आकर धन्य हो गए। उन्होंने कहा कि आज भाजपा दावा कर रही है कि सब कुछ डिजिटल कर दिया गया है, लेकिन देश के लोगों के सामने कठिनाइयां कितनी हैं यह दिखाई नहीं दे रहा। नौजवानों को रोजगार, किसानों की आय दोगुना करने का सवाल है और सबसे बड़ा सवाल है कि संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग वे-वजह की बहस करते हैं।

स्वामी प्रसाद मौर्य पर उन्होंने तंज कसा, कहा- उनके घटिया डायलॉग कोई सुनना नहीं चाहता। बोले, सपा सरकार ने अच्छी गुणवत्ता के लैपटॉप नौजवानों को दिए, लेकिन भाजपा ने घटिया किस्म के मोबाइल थमाए हैं। इलेक्टोरल बांड पर तो भाजपा बात ही नहीं करती। इस पर बात करो को उन्हें इलेक्ट्रोल पाउडर याद आता है।

शाहजहांपुर से सपा प्रत्याशी राजेश का नामांकन खारिज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: सपा (गठबंधन) के घोषित उम्मीदवार राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया और हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड सपा की अधिकृत उम्मीदवार हो गईं।

18 फरवरी को सपा ने राजेश कश्यप को शाहजहांपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। राजेश ने जोरशोर से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच चर्चा होने लगी कि भाजपा की एक कद्दावर महिला नेता सपा में आ रही है और राजेश की जगह उन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा। वहीं सपा आलाकमान के आदेश पर हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड़ का नामांकन अंतिम तिथि से एक दिन पहले 24 अप्रैल को करा दिया गया।

राजेश कश्यप ज्योत्सना गौड़

● अब हरदोई की ज्योत्सना गौंड होंगी सपा प्रत्याशी

समाजवादी पार्टी ने ज्योत्सना गौंड के पक्ष में पत्र जारी कर दिया था कि वह सपा की अधिकृत प्रत्याशी हैं। जिसके बाद राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया। - प्रवेंद्र कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट

निजी कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी वकालत नहीं : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ पूर्णकालिक सेवा के दौरान वकालतनामा लगाना बार काउंसिल की शर्तों का उल्लंघन

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने विधिक अधिकारी की नौकरी को जोड़ते हुए बनवाए गए प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को ना मानते हुए अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि निजी कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी वकालत नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने शशिकांत तिवारी की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

दरअसल याची ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा, 2016 के लिए फॉर्म भरा था। प्रारंभिक और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 22 अप्रैल 2017 को उसे साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। 18 अगस्त 2017 को परिणाम घोषित हुआ, जिसमें याची का नाम नहीं था। परिणाम अपलोड होने के बाद याची को पता चला कि सामान्य वर्ग के अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार ने केवल 455 अंक प्राप्त किए हैं जबकि याची ने 471 अंक प्राप्त किए थे। अंतिम चयनित सूची में शामिल न किए जाने पर उसने एक अभ्यावेदन दिया, जिसे संबंधित अधिकारी द्वारा खारिज कर दिया गया। उक्त आदेश को चुनौती देते हुए याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याची का तर्क है कि वर्ष 1998 से वह बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में एक अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत है, तब से वह बरेली में नियमित रूप से वकालत कर रहा था। विधिक अधिकारी के रूप में बरेली में कार्यरत था। कंपनी से इस्तीफा देने के बाद उसकी वकालत की अवधि 7 वर्ष से कम है जबकि न्यायिक सेवा के लिए 7 वर्ष की निरंतर प्रैक्टिस आवश्यक है। अंत में कोर्ट ने चयन एवं नियुक्ति में कोई विसंगति ना देखकर कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी को वकालत ना मानते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी।

पेंशन की गणना का आधार दैनिक वेतनभोगी के रूप में दी गई सेवाएं नहीं

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पेंशन भोगियों के संबंध में अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि किसी कर्मचारी द्वारा दैनिक वेतन भोगी के रूप में प्रदान की गई सेवाओं को पेंशन के उद्देश्य के लिए अर्हक सेवाओं के रूप में गिना जा सकता है, लेकिन ऐसी सेवा के आधार पर पेंशन राशि की गणना नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने यह माना है कि जब कर्मचारी दैनिक वेतनभोगी के रूप में सेवाएं दे रहा था और बाद में उसे नियमित कर दिया गया तो दैनिक कर्मचारी के रूप में दी गई अवधि को पेंशन के लिए अर्हक सेवाओं के रूप में गिना जाना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने राज्य सरकार की विशेष अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया।

चारधाम : श्रद्धालुओं के लिए करें बेहतर व्यवस्था

ब्यूरो, देहरादून

● मुख्यमंत्री धामी ने समीक्षा बैठक में मातहतों को दिए निर्देश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा रूटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य सचिव को साप्ताहिक समीक्षा बैठक, यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिवों को रूटों का स्थलीय निरीक्षण और पुलिस महानिदेश को यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई को केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे जबकि 12 मई 2024 को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। अभी तक चारधाम यात्रा के लिये 15 लाख से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। चारधाम यात्रा देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केन्द्र हैं इसलिए देवभूमि का अच्छा संदेश देश और दुनिया तक जाए यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

ईडी का ड्रग तस्कर के ठिकानों पर छापा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● देहरादून से आई सात सदस्यीय ईडी की टीम ने छह बजे हल्द्वानी स्थित आवास पर की छापेमारी

● वर्ष 2012 से 2017 के बीच बनमीत सिंह ने पूरे अमेरिका में फैलाया था धंधा

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की देहरादून से आई टीम ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्कर बनमीत सिंह के हल्द्वानी स्थित आवास और रुद्रपुर स्थित फार्मा फैक्ट्री पर छापेमारी की। टीम सुबह करीब 6 बजे बनमीत के तिकोनिया स्थित घर पहुंची तो परिवार सो रहा था। लगभग पूरे दिन चली कार्रवाई के दौरान टीम ने यहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं।

कई साल पहले बनमीत सिंह तिकोनिया स्थित गुरुतेग बहादुर गली में परिवार के साथ रहता था। हल्द्वानी छोड़ने के बाद बनमीत अमेरिका चला गया। वर्ष 2012 से 2017 के बीच उसने नशीली दवाओं की तस्करी की। अप्रैल 2019 में बनमीत को लंदन में गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2023 में लंदन ने उसे अमेरिका के सुपुर्द कर दिया। अमेरिकी अदालत से उसे सजा हुई और वह मनी लॉड्रिंग में भी लिप्त पाया गया। इसकी पुष्टि के लिए शुक्रवार की सुबह ईडी की टीम ने पुलिस बल के साथ अचानक छापेमारी की। परिजनों के सारे मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए और एक तरह से परिवार घर में ही कैद कर लिया गया। ईडी की टीम पूरे दिन घरवालों से उनकी चल-अचल संपत्ति, बैंक खातों के बारे में जानकारी और दस्तावेज खंगाले। वहीं, ईडी की दूसरी टीम ने बनमीत की रुद्रपुर के सिडकुल स्थित फार्मा फैक्ट्री पर छापा मारा, लेकिन टीम को यहां ताला मिला। बताया जा रहा है कि बनमीत की यह फार्मा फैक्ट्री कई सालों से बंद है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों ने हमें छापे की सूचना नहीं दी है।

राहत : वायु सेना बुझाएगी धधकते जंगलों की आग

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ एमआई-17 हेलीकॉप्टर नैनीताल, भीमताल या सातताल झील से पानी भर बुझाएगा आग

अमृत विचार : कम बारिश के चलते इस वर्ष फायर सीजन की शुरुवात में ही जंगलों में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। जनपद में चारों ओर जंगलों में धधक रही आग के चलते अब तक सैकड़ों हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए हैं, जिसके चलते वन संपदा सहित जानवरों के आशियाने उजड़ चुके हैं। अब नैनीताल के जंगलों में लगी आग पर नियंत्रण पाने के लिए भारतीय वायु सेना का सहारा लेना पड़ रहा है।

नैनीताल के जंगलों में लगी आग सड़क तक पहुंची। ● अमृत विचार

शुक्रवार को भारतीय वायु सेना के एमआई -17 हेलीकॉप्टर ने नैनीताल, भीमताल और सातताल झील का हवाई निरीक्षण कर हेलीकॉप्टर की बकेट में पानी भरने का स्थान चिन्हित किया। बताते चलें कि नैनीताल के वायु सेना केंद्र लडियाकाटा क्षेत्र में गुरुवार रात से तेज आग लगी है।

वहीं अब धीरे-धीरे आग रिहायशी क्षेत्र की ओर बढ़ने लगी है, लेकिन उसके बावजूद वन विभाग व आपदा प्रबंधन इस पर काबू पाने में नाकामयाब दिखाई दे रहा है, जबकि पूर्व अंदेशे को देखते हुए वन विभाग ने जनवरी फरवरी माह में ही आग पर काबू पाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी थीं। आग नैनीताल के गुट, पाइंस, खुर्पाताल, मंगोली, ज्योलिकोट सहित दर्जनों जंगलों के बाद अब शहर के समीप तक पहुंच चुकी है तो वहीं भवाली एयर फोर्स स्टेशन के समीप तक पहुंच चुकी आग से केंद्र पर भी खतरा मंडराने लगा है। वहीं दूसरी ओर जंगलों में लगी आग वातावरण के साथ-साथ इंसानों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है। जंगलों की आग से निकलने वाले धुएं से हवा जहरीली हो रही है। धुएं से नैनीताल में हवा की गुणवत्ता 54 पीएम तक पहुंच गई है।

वर्ग पहेली-52

बाएं से दाएं

4. 1. किसी कला विशेष का विशेषज्ञ 2. कलापूर्ण ढंग से काम करने वाला व्यक्ति 3. विधिवत शिक्षा प्राप्त गायक, गवैया 4. गाने-बजाने का काम करने वाली एक प्राचीन जाति।

5. 1. पैदल चलने से या बैलगाड़ी आदि के पहिए से भूमि पर बनी रेख, पगडंडी 2. लकीर, रेखा 3. मर्यादा 4. लोकरीति, पुरानी परंपरा, रूढ़ि। (मु.)-पीटना : किसी पुरानी चली आई हुई प्रथा या रीति का बिना सोचे-समझे अनुकरण करते चलना।

7. 1. वन में विचरण करने और रहने वाला 2. जंगली पशु।

8. पुराने विचारों वाला, रूढ़िवादी।

ऊपर से नीचे

1. शराब, दारू, मद्य।

2. 1. भूतकाल या बीते हुए समय से संबंधित 2. ऐतिहासिक, अतीत का 3. गत, गुज़रा हुआ 4. पौराणिक 5. पिछला 6. प्राचीन, विगत।

3. सर्पराज, शेषनाग।

4. कुरान शरीफ़, कलामे मजीद।

6. एक तरह का नमक, काला नमक।

वर्ग पहेली-51 का हल

1 झु	टुं	ग	■	2 ख	रों	3 ट
र	■	■	4 अं	■	■	क
मु	■	■	ध	■	■	टो
ट	■	5 दु	का	न	दा	र
■	6 लाँ	ग	र	■	■	ना
■	■	ना	■	■	■	■
7 लै	ला	■	8 भा	र	शि	व

सुडोकू-131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6							2
9		1				8		
		2			1			
		5			6		3	
	7				8		2	
	1		6			6		
1						9		
8						2		6
4					2		7	

सुडोकू-130 का हल

1	9	3	8	5	6	7	4	2
6	5	8	4	7	2	9	1	3
2	4	7	9	1	3	5	6	8
9	1	4	3	8	5	2	7	6
8	2	6	7	4	1	3	9	5
7	3	5	2	6	9	1	8	4
5	6	9	1	3	8	4	2	7
3	7	1	6	2	4	8	5	9
4	8	2	5	9	7	6	3	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 08.17 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 28 अप्रैल 04.28 तक तत्पश्चात मूल।

मेष — आज नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। यात्रा के दौरान थकान महसूस होगी। अपने काम को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। व्यापार में आपको नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। परिवार के लोग आपसे अपेक्षा रखेंगे। इस कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

वृष — आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। आपकी कला की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार में बड़ी डील हो सकती है। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंध का आनंद उठायेंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे।

मिथुन — आज आप दूसरों की समस्याओं को सुलझाने में काफी प्रभावी हो सकते हैं। मन में कुछ नया करने का विचार बनेगा। आपके बातचीत करने के तरीके से लोग प्रभावित रहेंगे। कठिन कार्य के पूरा होने से आप उत्साहित रहेंगे। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

कर्क — आज संतान को शिक्षा और करियर में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पढ़ाई में आ रहे अवरोध दूर होंगे। बच्चों की जरूरतों का सामान खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। आमतौर पर आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

सिंह — आज पुरानी समस्या आपको सुलझती हुई नजर आयेंगी। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग मिलेगा।

कन्या — आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपके काम में स्थिरता आयेगी। व्यापार में लाभ होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बेहद सक्रिय रहेंगे। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। दिन आपके लिए नई संभावनाओं को जन्म देगा।

तुला — आज आपको कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा। धन का ज्यादा लालच न करें। बैंकिंग से जुड़े कार्यों में व्यवधान आ सकता है। आय से अधिक खर्च होने से आपको नुकसान होगा। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। दुष्टजन आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

वृश्चिक — आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का भरपूर आनंद लेंगे। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण अवश्य करें। नई परियोजनाओं में आप धन निवेश कर सकते हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी।

धनु — आज परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। अपनी भावनाओं को संयमित रखें। आज कर्ज बिल्कुल भी न लें। आपकी बातें लोगों को बुरी लग सकती है। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

मकर — आज कार्यक्षेत्र के महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। परिवार में सुख-शान्ति बनी रहेगी। पुराने स्वास्थ्य विकार दूर होंगे। उच्च अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। यात्रा से बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

कुंभ — आज आपके कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यापार को लेकर नए विचार मस्तिष्क में आयेंगे। प्रेम संबंधों को आप काफी महत्व देंगे। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

मीन — आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से कुछ उचट सकता है। एसिडिटी और गैस के कारण समस्या होगी। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पिता की सलाह से आपको लाभ मिलेगा। अपने काम के प्रति उदासीन न रहें। फोन पर रिश्तेदारों के साथ बात हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुर्म — सुबह : 08.39
- सिंबा — शाम : 06.11

&pictures
- तारा रम पम — सुबह : 09.36
- बेल बॉटम — रात : 09.08

SONY PIX
- स्पाइडर-मैन 2 — सुबह : 09.55
- रैमपेज — शाम : 05.00

ZEE CINEMA
- ये साली आशिकी — सुबह : 08.40
- ऊंचाई — रात : 09.30

colors CINEPLEX
- रंगून — सुबह : 09.23
- ओएमजी 2 — रात : 09.31

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :09.08 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दो आदमी शराब के नशे में धुत्त होकर रेल की पटरियों के बीचों-बीच जा रहे थे।

पहला - हे भगवान, मैंने इतनी सीढ़ियां पहले कभी नहीं चढ़ीं

दूसरा - अरे सीढ़ियां तो ठीक हैं, मैं तो इस बात को लेकर हैरान हूं कि हाथ से पकड़ने के लिए रेलिंग कितने नीचे लगी हुई हैं।

टीचर- मैं जो पूछूं उसका जवाब फटाफट देना।
छात्र- जी सर
टीचर- भारत की राजधानी बताओ?
छात्र- फटाफट
टीचर अभी तक संजू को पीट रहा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः ।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति सरदी-गरमी, अमीरी-गरीबी, प्रेम-धृणा इत्यादि विषय परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और तटस्थ भाव से अपना राजधर्म निभाता है, वही सच्चा ज्ञानी है ।

संपादकीय

चीन पर दबाव

अमेरिका रूस की मदद रोकने के लिए लगातार चीन पर दबाव बना रहा है। इसके चलते दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग से चीन द्वारा रूस को की जा रही आपूर्ति को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। चीन मशीन और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति कर रहा है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस रक्षा पंक्ति को मजबूत करने में कर रहा है। चिनफिंग से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा अगर चीन मदद न करे तो रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने में मुश्किल का सामना करेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चीन और रूस ने आर्थिक और व्यापार सहयोग को बढ़ाने का फैसला लिया है। इस पर अमेरिका ने एतराज जताते हुए कहा रूस के रक्षा उद्योग को आपूर्ति करना न केवल यूक्रेन की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। परंतु अमेरिका के एतराज को चीन ने सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने कहा था कि अगर रूस को यूक्रेन में बढ़त मिलती है तो वह चीन को जिम्मेदार ठहराएगा।

इस पर चीन ने कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों पर आलोचना या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति व अमेरिका के विदेशमंत्री की मुलाकात खास अहमियत रखती है। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। फिर भी दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। उधर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन की मांग सुसंगत है और वह हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करने की वकालत करता है। अमेरिका को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, चीन के विकास को दबाना नहीं चाहिए, और जब चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की बात आती है तो चीन की लाल रेखाओं पर कदम नहीं उठाना चाहिए। यानि दोनों देशों के बीच मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन और अमेरिका को द्वेषपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय साझा आधार तलाशना चाहिए।

जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

हमारी महान संस्कृति की तरह हमारा जनतंत्र भी महान और उदार है। परंपरावादी, अतीतजीवी, भविष्यदर्शी, सर्व-समावेशी सब कुछ एक साथ है। कितने एहतियात से उसने राजतंत्र, सामंतवाद, पूंजीवाद, बुर्जुआ जनतंत्र और जनता के जनतंत्र सबको अपने सीने से लगा रखा है। मिलेगी कहीं ऐसी मिसाल?

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला। यह अपने पूर्ववर्ती राजतंत्र के गुणों-अवगुणों से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता था, नहीं हुआ।

राजतंत्र में सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए इस देश में षड्गुणों की अहम भूमिका होती थी-संधि, विग्रह (नुक़सान पहुंचाना), यान (आक्रमण करना), आसन (उपेक्षा करना), संश्रय (आत्म-समर्पण करना) और द्वैधीभाव (संधि और विग्रह के छद्म भाव में बने रहना)। जनतंत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल चुनावों के पूर्व घोषणा-पत्र (एक बड़ा दल अंग्रेजी के मैनीफ़ेस्टो शब्द का 'राष्ट्रवादी' तरजुमा कर उसी को 'संकल्प-पत्र' कहता है) जारी करते हैं। उसमें बहुत उदात्त, कभी-कभी यथार्थ और संभाव्य के बंधनों से मुक्त लोक-लुभावन कार्यक्रमों का सुमधुर समावेश होता है। घोषणा-पत्र / संकल्पपत्र जारी करने की रिवायत है, इसलिए जारी किया जाता है। कोई भी चलते पुर्जे वाला दल उसके भरोसे नहीं बैठा रहता। वे तो सत्ता-प्राप्ति/ सत्ता-संरक्षण के उपरोक्त षड्गुणवादी उपायों में निरंतर, अहर्निश लीन रहते हैं। माने, जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार है।

जनतंत्र का जन्म उस समय हुआ जब उद्योग-व्यापार से अर्जित संपत्ति के चलते अस्तित्व में आया एक ऐसा 'मध्य वर्ग' (आज का मध्यवर्ग नहीं) विकसित हो गया था जो उच्च (सामंत) वर्ग से सत्ता छीनना चाहता था। इस बुर्जुआ मध्य वर्ग के वर्चस्व से भी जनतंत्र कभी मुक्त नहीं हो सका। होता क्या है कि राजनीतिक दल बुर्जुआ मध्यवर्ग से प्रकट या गुप्त चंदा वसूलते हैं और उसी के सहारे सामान्य जनता का वोट बटोरने की जुगत भिड़ाते हैं। यह समीकरण चल गया तो सरकारी ख़ज़ाने से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ चंदे को काइंड में लौटा देते हैं। फिर सामान्य जनता के कल्याण लिए भी कुछ करना ही पड़ता है। इसके लिए वे काम करने का एक विकल्प निकाल लेते हैं। बातें करने की कला का नाम ही (बुर्जुआ) जनतंत्र है। कभी-कभी बाय डिफ़ॉल्ट कुछ काम भी हो जाता है, बाक़ी रिक्ति पूर्ति बातों से ही करनी पड़ती है। लिहाज़ा, व्यवहार में जनतंत्र के धनतंत्र में अंतरित होने की संभावना लगातार बनी रहती है।

इसी के समाहार के लिए साम्यवादी व्यवस्था प्रकाश में आई जिसका लक्ष्य बुर्जुआ जनतंत्र की जगह जनता का जनतंत्र लागू करना था। किंतु दुरूह और अकाट्य मानव स्वभाव की सीमाओं से टकराकर वह चूर-चूर हो गई।

जैसे किसी धर्म या वाद को जिस तरह के अनुयायी मिलते हैं, व्यवहार में वह वैसे ही हो जाता है, उसी तरह किसी संविधान को अमल में लाने के लिए जिस तरह के लोग मिलते हैं, संविधान भी वैसा ही हो जाता है। भारतीय संविधान की प्रारूप-समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर को संविधान-सभा की समापन बहस में इस रहस्य का खुलासा करना पड़ा था। तो जनतंत्र के विचलन के विरुद्ध संविधानवाद भी बहुत असरदार कवच साबित नहीं होता, मानव-स्वभाव की बाध्यकारी सीमाओं के सामने वह भी हाथ जोड़ लेता है।

गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी की जो लड़ाई लड़ी गई थी, उसके बाद आजाद भारत संसदीय लोकतंत्र की आवश्यकता भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए एक सशक्त विकल्प के रूप में महसूस की गई थी। आजादी के रजत जयंती वर्ष तक आते आते जनसामान्य यह स्पष्टतः महसूस करने लगा था कि जिस व्यवस्था में वह जीने के उपक्रम में है, क्या वह लोकतांत्रिक है? क्या संसद और विधानसभा लोकतंत्र के वाहक रह गए हैं? आम आदमी की रोटी और आजादी राजनीती की शिकार होती चली गई। जो राजनीति आम आदमी की भाषा हो सकती थी वह मात्र एक तरकीब बन कर रह गई। इस व्यवस्था के बदलाव के लिए एक नायक की तलाश थी।

जनतंत्र के संचालन में पुराने यूनान के प्रत्यक्ष जनतांत्रिक युग की परंपरा-सॉफ़िज़्म-का भी कुछ तत्व हमेशा बना रहा। सॉफ़िस्ट्स का एक दार्शनिक स्कूल था। बाद में वह दर्शन के उद्देश्य-ज्ञान से प्रेम-से फिसलकर सत्ता की युक्ति बन गया। सॉफ़िज़्म का प्रशिक्षण देने के स्कूल खुल गए। सॉफ़िज़्म का केंद्रीय तत्व वाक्चातुर्य से सही को ग़लत और ग़लत को सही की प्रतीति उत्पन्न करने की कला बन गया। यूनान के प्रत्यक्ष जनतंत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक नवयुवक इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे। राजनीतिक दलों के नेता आज भी उन स्कूलों में दी गई शिक्षा का समुचित पालन कर रहे हैं। बिना स्कूल का मुंह देखे। नेतागण सॉफ़िज़्म में जितने माहिर होते हैं चुनाव-प्रचार में उतना ही उनका सिक्का चलता है। बस उन्हें एक नई संज्ञा से सुशोभित कर दिया गया है-स्टार प्रचारक। राजनीतिक दलों में एक अजूबा देखने में आता है। वे अपनी गलतियों के लिए तो परिस्थितियों को ज़िम्मेदार बताते हैं और दूसरों की ग़लतियों के लिए उन्हें धूर्त, मक्कार और बदमाश कहते हैं। कोई भी पैमाना पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए न? यह तो सीधे-सीधे दोमुंहापन हुआ।

अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के साथ उसके इस भीड़तंत्री या भेड़तंत्री संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली बताया था। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध कर देना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर अपने अपने क्षेत्र में रहे। घर पर दरबार लगाने या डाक बंगले में आराम करने नहीं, लगातार भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने के लिए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

प्रसंगवश

अद्वैत दर्शन के प्रणेता

आद्य शंकराचार्य सनातन धर्म की विश्व व्यापी महानता के उदार प्रवक्ता थे। उन्होंने वैदिक धर्म को अनंत युगों का स्थायित्व देकर उसे अत्यंत सुदृढ़ नींव प्रदान की। हिंदू धर्म का दर्शन चिरस्थायी है और सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी है।

वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने वाले महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य आचार्य शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब सनातन हिंदू धर्म बलहीन, विध्वंश और विच्छिन्न हो गया था तथा विदेशी आक्रमण हो रहे थे। उन्होंने अपनी विद्वता एवं तप बल से बौद्ध विद्वानों को पराजित किया। श्री मंडन मिश्र जैसे विद्वानों को भी उन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित कर शिष्य बनाया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में महान कार्यों को संपादित किया।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

वे 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में भारत वर्ष के सुदूर जनपदों का भ्रमण कर सुप्त प्राय समाज को जागृत किया। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे तथा मंदिरों का जीर्णोद्वार कराया। धर्म की सत्ता निरंतर बनी रहे और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्कर्ष होता रहे इस दृष्टि से महान भविष्य दृष्टा ने भारत वर्ष के चार धार्मिक केंद्रों में मठों की स्थापना की। अल्पायु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बख़ूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भांति समझ पाए।

वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा, परमात्मा एवं संपूर्ण ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं। जड़-चेतन, चर-अचर सभी प्राणियों में एक ही परम तत्व को देखने और पाने की दृष्टि भारतवर्ष में सदा से रही है।

आद्य शंकराचार्य ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था। इस ज्ञान, अनुभव एवं साधना के बल पर ही वे समय की धारा में स्वाभाविक रूप से आए भ्रम एवं भटकाव तथा भेद एवं संघर्ष आदि को पहचानकर, उसे दूर कर पाए। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रह्म तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने मनुष्य को छोटे-छोटे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठाया तथा उसकी संवेदना को विस्तार दिया। उन्होंने बताया और समझाया कि मनुष्य यदि स्वार्थ एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठ जाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के साथ गहरा आत्मिक संबंध स्थापित कर सकता है। उनके विचारों ने मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाकर उसे उदार एवं श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया। उनके अनुसार बाहरी संसार में जो भेद या अलगाव दिखाई देता है, वह अज्ञानता के कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान जान लेने पर यह भेद-बुद्धि अपने-आप समाप्त हो जाती है और सारा संसार उसी परम ब्रह्म का अभिव्यक्त स्वरूप जान पड़ता है, जिसे आध्यात्मिक भाषा में नाम रूपात्मक जगत कहते हैं। सही मायने में उनका अद्वैत दर्शन देश, काल, परिस्थिति आदि सब प्रकार की मानव निर्मित सीमाओं से परे एक विश्व-दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है।

आद्य शंकर के समन्वयकारी दर्शन ने उस समय प्रचलित भिन्न-भिन्न वैचारिक एवं धार्मिक धाराओं को भी सनातन धारा में सम्मिलित कर लिया। बौद्ध एवं जैन मतावलंबियों को भी वे सनातन के साथ लाने में लगभग सफल रहे। उन्होंने ऐसा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक बोध दिया कि दक्षिण के कांची-कालड़ी-कन्याकुमारी-श्रृंगेरी आदि में पैदा हुआ व्यक्ति कम-से-कम एक बार अपने जीवन में उत्तर के काशी-केदार-प्रयाग-बद्रीनाथ की यात्रा करने की इच्छा रखता है तो वहीं पूरब के जगन्नाथपुरी का रहने वाला पश्चिम के द्वारकाधीश-सोमनाथ की यात्रा कर स्वयं को धन्य समझता है। देश के चार कोनों पर चार मठों एवं धामों की स्थापना कर उन्होंने एक ओर देश को एकता एवं अखंडता के मजबूत सूत्रों में पिरोया तो दूसरी ओर विघटनकारी शक्तियों एवं प्रवृत्तियों पर लगाम लगाया।

जेल में मुलाकात का एक दिन

अमिता शरीन
प्रयागराज

खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

आज एक बार फिर से जेल जाना हुआ। लखनऊ सेंट्रल जेल। बिंदा, अनिता, कृपा शंकर और बृजेश से मिलने। सुबह 8 बजे से लाइन में लगे लगे साढ़े 9 बजे मुलाकात की पर्ची कटी। जेल का सर्वर डाउन था। मोबाइल से कनेक्शन लेकर काम चल रहा था। खैर, पर्ची कटी किसी तरह। हमारे ठीक आगे एक महिला खड़ी थी। उन्होंने आधार को दोनो तरफ फोटोकॉपी नहीं कराया था। उसकी पर्ची नहीं कटी वह मिन्नतें करती रह गई कि वह बहुत दूर से आई है। लेकिन नहीं सुनना था तो नहीं सुना। क्या आधार नंबर से उसका वेरिफिकेशन नहीं किया जा सकता।

फिर शुरू हुआ अपनी बारी का इंतज़ार। मुलाकात की पहली पर्ची आई 11.30 पर। हमारा नाम उसमें नहीं था। विडंबना यह कि पर्ची में जो नाम पुकारे जा रहे थे उनमें बहुतायत मुस्लिमों का था। दलित ओबीसी भी थे। चंद नाम शुक्ला तिवारी के भी थे। इंतज़ार जारी रहा। पहली मुलाकात कर के लोग वापस आ गए। पर्ची फिर भी नहीं आई। 5 साल का एक बच्चा बार बार अपनी मां से पूछ रहा था कि पापा कब मिलेंगे? वहां एक तरफ ऑनलाइन पर्चियां कट रही थी वहीं मुलाकातियों से अंगूठा लगवाया जा रहा था। एक साथ सौ साल आगे और सौ साल पीछे। कन्फ्यूज्ड भारत का एक और नमूना। 42 डिग्री तापमान। गरमागरम लू के थपेड़े गाल, आंख और दिमाग तीनों को जला रहे थे। अपनों से पलभर मिलने का तनाव अलग से था।

आखिर इंतज़ार ख़त्म हुआ। तकरीबन 12.40 दोपहर में हमारी पर्ची आई। मुलाकात कक्ष में पहुंची तो अनिता और बिंदा आ चुकी थीं। उधर पुरुषों की गैलरी में कृपा और बृजेश भी थे। जब हम जेल में थे तो पहले मुलाकात कक्ष में जेल की भाषा में अडगड़े लगे थे। हम हाथ बढ़ा कर अपनों से हाथ मिला सकते थे। यह स्पर्श अगली मुलाकात तक बना रहता। हमारे रहने के दौरान ही उस पर एक जाली लगा दी गई। फिर भी हम एक उंगली निकाल कर अपनों को छूने की कोशिश करते और उंगलियों के पोरों पर स्पर्श ले कर जाते। अब जब इनसे मिलने आए तो देखा कि उस जाली के एक फीट बाद एक और जाली लगा दी जेल प्रशासन ने। आलम ये कि गला फाड़ कर चिल्ला चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। पुरुषों की गैलरी में इतना शोर होता है कि सारी आवाज़ें आपस में टकरा कर वहीं फैल जाती। कोई बात करना संभव नहीं। जेल में सुधार का मतलब होता है बंदियों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा देना। ये स्टेट का सेडिस्ट एप्रोच है। अनिता और बिंदा की तकलीफें भी बढ़ गई हैं। पहले दोनों सहेलियां साथ में एक बैरक में थीं। अब उन्हें अलग-अलग हातों में डाल दिया गया है। और अब दोनों हातो के लोग एक दूसरे से नहीं मिल सकते। दोनो ही वहां स्वास्थ्य की परेशानियों से जूझ रही हैं। कृपा शंकर और बृजेश दोनो को अतिसंवेदनशील वार्ड में तन्हाई में रखा गया है। ऐसा उन्हें किसी से मिलने की इजाज़त नहीं है। ऐसा क्यों है इसका जवाबदेह कोई नहीं। शायद एटीएस के निर्देश पर ऐसा किया गया होगा। कोर्ट कचहरी की अपनी तकलीफें अलग है। अव्वल तो वकील तय करना मुसीबत का काम है। वकील है तो डेट नहीं, डेट है तो सुनवाई नहीं, सुनवाई है तो भी हमारी कोई सुनवाई नहीं।

इसी बीच 15 मिनट बीत गए। न जी भर के देख पाए, न ही सुकून से बात हुई। चलो चलो का शोर मचने लगा। हम भारी मन से वहां से चल दिए। बाहर निकलते वक्त कुछ औरतें ज़ार ज़ार रो रही थीं। एक युवती की आंखें नम थी। गोद में बच्ची थी। मैंने उससे पूछा कौन है आपका जिससे आप मिलने आई थी तो कहा ' मानो तो बहुत कुछ है न मानो तो कुछ भी नहीं'। दुख की सियाही उसके चेहरे पर पुत गई। न जाने क्या बात हुई होगी दोनों में। मैंने आगे पूछना उचित नहीं समझा। हमारे ये चारों साथी इंसानियत को प्यार करने वाले राजनीतिक सामाजिक बंदे हैं, जेल में उन्हें महज एक बंदी में रिड्यूस कर दिया गया है, जिनके कोई अधिकार नहीं। फिर उनके सामानों का झोला जमा करने की एक और लाइन।

धधकती लू में फाइनली हम ढाई बजे बाहर निकले। 15 मिनट की मुख्तसर सी मुलाकात के लिए सुबह 8 बजे से 3 बजे तक जेल कैंपस में रहे। मन कसैला हो गया। पिछली बार बिंदा ने पोस्ट से किताब भेजने को कहा था। होली के दो तीन दिन पहले हमने 3 किताबें मय डिक्शनरी स्पीड पोस्ट की थी जो आज तक डिलीवर नहीं हुई। दूसरे राउंड की पोलिंग है हो चुकी है। खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

सोशल फोरम

बेचने की कला

बेचने की कला हो तो आप गाय का मूत्र बेच दें। बाबा बेच ही रहे हैं। पर सब इतने कलाकार नहीं होते। सब इतने चतुर होते तो दुनिया कैसे चलती। बाज़ारों में रौनक कहां से आती। दुकानदारी में दो पक्ष होते हैं। एक बेचने वाला एक खरीदने वाला। सौदा हो जाए इसलिए इनमें से एक का गधा होना ज़रूरी है और वो निश्चित रूप से ख़रीदार ही होता है। बेचने वाला लच्छेदार बाते बनाता है। यकीन दिलाता है खरीदने वाले को कि वो जो बेच रहा है वो उसके ज़िंदा रहने के लिए कितना ज़रूरी है। बेची जाने वाली चीज उसकी रूखी सूखी ज़िंदगी को कितना तर कर सकती है। वो जो बेच रहा है वो कितनी आरामदायक है और उसकी उपस्थिति ग्राहक की साख इज़्ज़त में कितना इज़ाफ़ा कर सकती है। जादूगर होता है बेचने वाला। सम्मोहन जानता है। ग्राहक जान ही नहीं पाता कि उसने अपना क्रेडिट कार्ड कब बेचने वाले के हाथ मे थमा दिया है। वो बस खरीदता है। खरीदी चीज को ढो कर लाता है घर और फिर यह सोचता है कि इसका क्या किया जाए। बाते बनाने में ,बेचने में उस्तादी हासिल हैं गुजरातियों को। अब बताइए, अहमदाबाद का एक चतुर आदमी गधी का दूध सात हज़ार रूपये लीटर बेच रहा है और लोग लाइन लगा कर खरीद भी रहे हैं। वही बातों की जलेबियां। बातें भी कैसी कैसी। गधी के दूध मे फलाने विटामिन है, एलर्जी दूर होती है इससे। बच्चों के लिए फायदेमंद है। मुमकिन है इनमें से कुछ बातें सही भी हों। यह भी पता है हमें कि क्लियोपेट्रा नहाती थी गधी के दूध से। पर गधी का दूध यदि गौ माता के दूध से महंगा बिकने लगे तो हम दुनिया को क्या मुंह दिखाएंगे। और फिर हमारे यहां कायदा यह कि जिसका दूध पिया जाता है वो हमारे लिए अम्मा जितनी सम्माननीय होती है। ऐसे मे हमें गधी और उसके सबसे नज़दीकी रिश्तेदार गधे को देखने का नज़रिया भी बदलना होगा। हालांकि मुश्किल वक्त में गधे को बाप बनाने का रिवाज है हमारे यहां, पर अब बाजार चाहता है कि हम यह बात सार्वजनिक रूप से भी मान लें। हमें जो बताना था बता चुके आपको। जहां तक हमारी बात है, राम राम कहिए।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

-फेसबुक वॉल से

विश्व के सबसे बड़े सांप का जीवाश्म

भारतीय सर्पविदों ने गुजरात के एक कोयले के खदान से ऐसे सांप का जीवाश्म खोज निकाला है जो विश्व में अब तक के सबसे बड़े सांप होने की दावेदारी में आ गया है। इसका वैज्ञानिक नाम भी पुराकथाओं के वासुकि सर्प पर रखा गया है जो शिव के गले का हार है और जिसके बारे में कहा गया है कि समुद्र मंथन के वक्त मंदराचल पर्वत को मथानी बनाने के लिए वासुकि को ही रस्सी के रुप में इस्तेमाल किया गया था। श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि, "सर्पाणामस्मि वासुकिः।(श्रीमद्भगवद्गीता 10.28)। जाहिर है कि हमारी लोकस्मृति में ऐसे ही विशाल सांपों की छवि रची बसी हुई है जो कभी भारत भूमि पर विचरण करते थे। और इसलिए ही अनेक पुराकथाओं में उनका उल्लेख हुआ है। शोधकर्ताओं ने अभी पिछले हफ्ते ही पता लगाया कि भारत में यह प्राचीन बड़ा सांप एक टन वजन का रहा होगा जो एक स्कूल बस से भी लंबा रहा होगा। कोयला खदान के पास मिले जीवाश्मों के अनुसार इसकी लंबाई 36 फीट (11 मीटर) से लेकर 50 फीट (15 मीटर) तक है। यह सबसे बड़े ज्ञात उस सांप के समान है, जो मूल रूप से कोलंबिया में पाया गया था और लगभग 42 फीट (13 मीटर) लंबा था। यानि वासुकि से लंबाई में कम। कथित वासुकि भारतीय धरती पर यही कोई 4.7 करोड़ वर्ष पहले विचरता था। वैज्ञानिकों ने उचित ही इसका नामकरण वासुकि इंडिकस किया है। इसकी रीढ़ की हड्डी से पता चलता है कि यह 15 मीटर तक लंबा हो रहा होगा। हालांकि इसकी केवल कुछ रीढ़ की हड्डी ही बरामद की गई थी, लेकिन शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह निश्चय ही 15 मीटर तक लंबा रहा होगा।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वर्ष 2005 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के सुनील बाजपेयी सहित जीवाश्म विज्ञानी पश्चिमी भारत के गुजरात में एक कोयला खदान में जीवाश्मों की खोज कर रहे थे। बाजपेयी कहते हैं, 'हम वास्तव में इस इलाके में शुरुआती व्हेल के जीवाश्मों की खोज कर रहे थे, लेकिन हमें न केवल व्हेल बल्कि सांपों सहित कई अन्य कशेरुकी जीवाश्म मिले।' खोजे गये जीवाश्मों में 27 कशेरुकाओं का एक संग्रह था, जिनकी लंबाई 6 सेंटीमीटर और चौड़ाई 11 सेंटीमीटर थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के देबाजी दत्ता कहते हैं कि उनके बड़े आकार और इस तथ्य के कारण कि उनकी शारीरिक रचना कुछ हद तक खदान की तलछट से अस्पष्ट थी, पहले माना जाता था कि ये किसी प्रकार के विलुप्त मगरमच्छ के हैं। किंतु करीब से विश्लेषण करने के बाद, दत्ता और बाजपेयी अब मानते हैं कि कशेरुकाएं मैड्सोइडे नामक एक विलुप्त परिवार के एक बहुत बड़े सांप की ही है। अब विलुप्त हो गयी एक अन्य प्रजाति टाइटेनोबोआ सेरेजोनेंसिस से इसकी कशेरुकाएं थोड़ी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह संभवतः एक घात लगाने वाला शिकारी रहा होगा जो स्थलीय या अर्ध-जलीय वातावरण में रहता था, जैसे कि दलदलों में।

आज के कई बड़ी प्रजातियों के अजगरों की लंबाई भी 15 फीट पाई जाती है। आधुनिक समय के सांपों के डेटा का उपयोग करते हुए, जो उनके कशेरुकाओं के आकार की तुलना समग्र लंबाई से करते हैं, दत्ता और बाजपेयी का अनुमान है कि वासुकि इंडिकस 10.9 से 15.2 मीटर के बीच था। हालांकि यह संभावित रूप से टाइटेनोबोआ से अधिक लंबा है, लेकिन शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि हमारे पास किसी भी मैड्सोईड सांप का पूरा कंकाल नहीं है, इसलिए यह जानना असंभव है कि उनकी लंबाई और कशेरुकाओं का आकार जीवित प्रजातियों के समान ही सहसंबंधित होगा या नहीं। न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में नाज़रेथ विश्वविद्यालय में जैकब मैककार्टनी कहते हैं, 'जब भी आप उपलब्ध डेटा सेट से परे अनुमान लगा रहे हों, तो हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।' लेकिन इस नई प्रजाति की कशेरुकाएं अपेक्षाकृत बहुत बड़ी हैं। चलिए, भारत ने अब सांपों के मामले में भी अपना सिक्का दुनिया में जमा दिया है।

मां की सीख

केन्या के सुप्रसिद्ध धावक अबेल मुताई ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतिम राउंड मे दौड़ते वक्त अंतिम लाइन से एक मीटर ही दूर थे और उनके सभी प्रतिस्पर्धी पीछे थे। अबेल ने स्वर्ण पदक लगभग जीत ही लिया था, इतने में कुछ गलतफहमी के कारण वे अंतिम रेखा समझकर एक मीटर पहले ही रुक गए। उनके पीछे आने वाले स्पेन के इव्हान फर्नांडिस के ध्यान में आया कि अंतिम रेखा समझ नहीं आने की वजह से वह पहले ही रुक गए। उसने चिल्लाकर अबेल को आगे जाने के लिए कहा लेकिन स्पेनिश नहीं समझने की वजह से वह नहीं हिला। आखिर में इव्हान ने उसे धकेलकर अंतिम रेखा तक पहुंचा दिया। इस कारण अबेल का प्रथम तथा इव्हान का दूसरा स्थान आया। पत्रकारों ने इव्हान से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया? मौका मिलने के बावजूद तुमने प्रथम क्रमांक क्यों गंवाया?" इव्हान ने कहा "मेरा सपना है कि हम एक दिन ऐसी मानवजाति बनाएंगे जो एक दूसरे को मदद करेगी ना कि उसकी भूल से फायदा उठाएगी। और मैंने प्रथम स्थान नहीं गंवाया। पत्रकार ने फिर कहा "लेकिन तुमने केनियन प्रतिस्पर्धी को धकेलकर आगे लाया। इसपर इव्हान ने कहा "वह प्रथम था ही। यह प्रतियोगिता उसी की थी।"

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पत्रकार ने फिर कहा, "लेकिन तुम स्वर्ण पदक जीत सकते थे।" इव्हान ने कहा, "उस जीतने का क्या अर्थ होता। मेरे पदक को सम्मान मिलता? मेरी मां ने मुझे क्या कहा होता?

संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे जाते रहते हैं। मैंने अगली पीढ़ी को क्या दिया होता? दूसरों की दुर्बलता या अज्ञान का फायदा न उठाते हुए उनको मदद करने की सीख मेरी मां ने मुझे दी है।"

2009 में दलों का मत प्रतिशत



2014 में दलों का वोट शेयर



2019 में दलों का वोट शेयर



फतेहपुर सीकरी 2019 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	राजकुमार चाहर	6,67,147
कांग्रेस	राज बब्बर	1,72,082
बसपा	श्रीभगवान शर्मा	1,68,043

10 प्रत्याशी इस बार चुनाव में ताल ठोक रहे हैं

फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। फतेहपुर सीकरी का नाम आते ही बुलंद दरवाजा याद आता है। 2008 में हुए परिसीमन के बाद आगरा से निकल कर बना फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र प्रमुख पर्यटक स्थल है। यहां स्थित बुलंद दरवाजा, जामा मस्जिद, सलीम चिश्ती का मकबरा और जोधा बाई के महल को देखने हर रोज देश -दुनिया से तमाम सैलानी आते हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर की जीत भी बुलंद दरवाजे जैसी ही बड़ी थी। वह 4.95 लाख वोटों से जीते थे। इससे पहले 2009 में यहां हुए पहले चुनाव में जाटव और मुस्लिम मतों के साथ ब्राह्मण मतदाताओं का समीकरण बनकर बसपा की सीमा उपाध्याय सांसद बनी थीं। उनके मुकाबले में उतरे सिने स्टार रहे कांग्रेस प्रत्याशी को हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि राजबब्बर बहुत कम वोटों से हारे थे। इस बार के चुनाव में भाजपा ने अपने सासंद राजकुमार चाहर पर ही फिर से भरोसा जताया है। बसपा ने एक बार फिर 2009 वाला दांव चला है। पार्टी ने जीत का आजमाया फार्मूला दोहराते हुए ब्राह्मण प्रत्याशी राम निवास शर्मा को मैदान में उतारा है। ऐसे में क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता बाहुल्य मानी जाने वाली इस सीट पर कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी के रूप में रामनाथ सिकरवार को उतारकर यहां लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। अब भाजपा से जाट, बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी के बीच जातीय समीकरणों के हिसाब से गोलबंदी और सेंधमारी की कोशिशें तेज हो गई हैं।

फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर अभी तक दो बार ही लोकसभा चुनाव वर्ष 2009 और 2014 में हुए हैं। इनमें पहली बार बहुजन समाज पार्टी और दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारी थी। लेकिन पिछली बार रिकार्ड मतों से जीतने वाले भाजपा सांसद और किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार चाहर के सामने इस बार सबसे बड़ी चुनौती अपने जाट समुदाय को ही एकजुट रखने की आ रही है। इसकी वजह यह है कि उनके खिलाफ जाट समुदाय के ही भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र रामेश्वर सिंह ने पहले मोर्चा खोला फिर भाजपा विद्रोही के रूप में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन करा दिया। पहले माना जा रहा था कि आखिरी वक्त तक रामेश्वर का नामांकन वापस करा लिया जाएगा लेकिन जब इसमें सफलता नहीं मिल पाई तो भाजपा के बड़े नेताओं का दबाव पड़ा। बताते हैं चौधरी बाबूलाल को नेतृत्व ने दिल्ली तलब किया था। अब कहा जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ बगावत के बाद विधायक और उनके पुत्र को मना लिया गया है। अब इस बगावत और मान-मन्नौवल में बात कितनी बनी है, इसका पता तो अगले दो-तीन दिन में चलेगा, लेकिन इतना जरूर है कि इस घटनाक्रम से भाजपा प्रत्याशी के चुनावी अभियान में ऐसा डेंट लग गया है, जिससे फतेहपुर सीकरी का चुनावी संग्राम रोचक हो गया है।

यहां जीत का मंत्र
वोट बैंक बुलंद

- पिछली बार करीब पांच लाख वोटों से जीतने वाले भाजपा सांसद के सामने इस बार सजातीय मतों और समर्थकों को साधने की कठिन चुनौती
- बसपा ने ब्राह्मण और कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारकर मुकाबला बनाया रोचक, भाजपा विधायक के पुत्र ने बागी के रूप में ठोंकी रखी है ताल

मतदाताओं का अनुमानित जातीय आंकड़ा

ब्राह्मण	2.90 लाख
जाट	2.40 लाख
क्षत्रिय	2.95 लाख
जाटव	2.0 लाख
लोधी	1.40 लाख
मुस्लिम	85 हजार
वैश्य	90 हजार
निषाद	1.20 लाख
कुशवाहा	1.15 लाख

जीत के जातीय समीकरण में सेंधमारी बचाने के लिए चाहर बहा रहे पसीना

पहले बारतीय जनता पार्टी के लिए आसान मानी जा रही फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट तेजी से बदले हालात में कड़ी टक्कर में फंसने की तरफ मुड़ गई है। राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि अगर बाजपा के पाले से जाट समुदाय के थोड़े भी वोट कटते हैं, तो ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि राजकुमार चाहर के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। हालांकि जाट मतदाता बंटेंगे, इसे लेकर तमाम लोगों को संदेह है, क्योंकि बिरादरी के लोग सांसद की कार्य शैली से नाराज भले हों पर मोदी और योगी के नाम पर और इस बार रालोद का साथ होने से भाजपा को ही वोट देने की बात कहते नजर आते हैं। लेकिन बातचीत में कहते हैं कि भाजपा को जाटों के बाद ब्राह्मणों और क्षत्रियों के साथ वैश्यों का वोट बहुतायत में मिलता है। इस बार बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी होने से मौजूदा सांसद चाहर को पसीना बहाना पड़ रहा है।

अदावत भले नई नजर आए पर बात पुरानी है...

भाजपा के मौजूदा सांसद राजकुमार चाहर और भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल की अदावत करीब 10 साल पुरानी है। जानकारों का कहना है कि इसकी नींव 2014 के लोकसभा चुनाव में पड़ी थी। चौधरी बाबूलाल भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे थे। उनका आरोप है कि उस समय राजकुमार चाहर ने उनके विरोध में कागारौल में पंचायत की थी। लेकिन इसके बाद भी वे सांसद बने थे। बाद में यह अदावत तब और सुलग उठी जब 2019 में चौधरी बाबूलाल की जगह पार्टी ने राजकुमार चाहर को प्रत्याशी बना दिया। बाबूलाल इसीलिए कहते रहे हैं कि उनका विरोध प्रत्याशी से है। राजकुमार चाहर के अलावा किसी भी समाज के प्रत्याशी के लिए वे तन, मन और धन से समर्थन करेंगे। उनका विरोध पार्टी से नहीं, सिर्फ प्रत्याशी राजकुमार चाहर से है। पार्टी यहां किसी दूसरे को उतारेगी तो वे और उनका बेटा विरोध नहीं करेंगे।

- इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार 2022 में विधानसभा का चुनाव खेरागढ़ से लड़ चुके हैं। सिकरवार की छवि और छाप लोगों में ठीक है। क्षत्रिय समाज में उनकी लोकप्रियता बेहतर है। उधर, बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा फतेहपुर सीकरी के उदैंरा गांव के रहने वाले हैं। वह ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं। उन्होंने भी विधानसभा का चुनाव लड़ा था। विपक्ष के दोनों प्रत्याशी जातिगत आंकड़ों में भाजपा प्रत्याशी की बिरादरी जाट समुदाय से संख्या में भारी नजर आते हैं। ऐसे में दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने क्षेत्र में ताकत झोंक रखी है।

- 2019 की ही तरह 2014 के चुनाव में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। चौधरी बाबूलाल चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। उन्होंने बसपा की सांसद सीमा उपाध्याय को करीब पौने दो लाख मतों से शिकस्त दी थी। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता रहे अमर सिंह ने भी राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर कांग्रेस के समर्थन से चुनाव लड़ा था, लेकिन वह चौथे स्थान पर रहे थे। सपा प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहा था।

ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य का तमगा पर जाट मतदाता लिखते जीत की पटकथा

- इस सीट को ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य माना जाता है। यहां करीब तीन लाख ब्राह्मण और इतने ही क्षत्रिय मतदाता होने का अनुमान है। जाट मतदाता ढाई लाख के आसपास बताए जाते हैं। इसके बाद दलित समाज में जाटब विरादरी का दो लाख तक वोट है, जिसका बड़ा हिस्सा परंपरागत रूप से बसपा के साथ रहता है। लोधी मतदाता 1.40 लाख तो मुस्लिम मतदाता 85 हजार माना जाता है। जाट समुदाय का वोट लोग यहां निर्णायक मानते हैं।

जालौन-गरौठा : यहां 1984 से बंद पड़ा कांग्रेस का खाता

अदी शेख पुखरायां (कानपुर देहात)

अमृत विचार। जालौन-गरौठा भोगनीपुर लोकसभा सुरक्षित सीट पर इस वक्त भाजपा का कब्जा है, लेकिन कभी यह सीट कांग्रेस की मानी जाती थी। इस सीट पर कांग्रेस की उपस्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक हुए 16 लोकसभा चुनावों में 7 बार कांग्रेस को जीत मिली है। लेकिन 1984 के बाद कभी इस सीट पर कांग्रेस का खाता नहीं खुल सका है। इस बार जालौन-गरौठा सीट से भाजपा ने मोदी सरकार में मंत्री और पांच बार के सांसद भानू प्रताप वर्मा को ही उतारा है। बसपा ने सुरेश चंद्र को मैदान में उतारा है। वह बसपा बुंदेलखंड के प्रभारी रह चुके हैं। सपा से नारायण दास अहिरवार चुनाव लड़ रहे हैं।

आजादी के बाद यहां सबसे पहले चुनाव 1952 में हुआ था। जिसमें कांग्रेस के लोटनराम पहले सांसद बने थे। इसके बाद 1957 में हुए लोक सभा चुनाव में इसी परिवार के लच्छीराम ने जीत दर्ज कर कांग्रेस का दबदबा बनाया। 1962 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामसेवक ने बाजी मारी। हैट्रिक लगाते हुए चैधरी रामसेवक 1967 और 1971 में भी सांसद चुने गए। इमरजेंसी के आक्रोश की आग के बाद इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा टूटा और पहली बार 1977 के चुनाव में कांग्रेस को इस सीट पर हार मिली। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर लड़े रामचरण यहां से सांसद चुने गए। इसके बाद 1980 और 1984 के चुनावों में यहां पर कांग्रेस ने एक बार फिर वापसी की और दोनों बार यहां से कांग्रेस के नाथूराम व लच्छीराम ने चुनाव जीता।1989 में यहां जनता दल ने खाता खोला और जीत दर्ज की।फिर इस सीट पर दोबारा कभी कांग्रेस ने वापसी नहीं की। हालांकि 1991 के चुनाव में जनता दल से भाजपा ने यह सीट छीन ली और बीजेपी के गया प्रसाद कोरी सांसद बने।1996 और 1998 दोनों ही चुनावों में यहां भाजपा ही जीती और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। 1999 में यहां तख्ता पलट हुआ और बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक पूरी नहीं करने दी लेकिन साल 2004 के चुनाव में एक बार फिर से बीजेपी ने वापसी की और भानु प्रताप सिंह ने जीत दर्ज की। वर्ष 2009 में यहां पहली बार सपा ने खाता खोला और घनश्याम अनुरागी चुनाव जीते, लेकिन 2014 में फिर से ये सीट भाजपा के खाते में गई और भानु प्रताप सिंह सांसद चुने गए। भानु प्रताप वर्मा ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को 2,87,202 वोटों से हराकर इस सीट पर कब्जा किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भानू प्रताप वर्मा ने एक बार फिर इस सीट पर विजय हासिल की।

कांग्रेसियों की चुप्पी को मुफीद मान रही भाजपा

फर्रुखाबाद सीट

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय और सपा से डॉ. नवल किशोर मैदान में
- भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे हैं मुकेश राजपूत

अमृत विचार: फर्रुखाबाद संसदीय सीट पर इस बार पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद या उनके परिवार का कोई सदस्य मैदान में नहीं है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी सपा के हिस्से में यह सीट आई है। पार्टी ने यहां से डॉ. नवल किशोर को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय पर विश्वास जताया है। भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत जहां हैट्रिक लगाने के लिए कसरत कर रहे हैं तो सपा- बसपा उनकी जीत रोकने के लिए चक्रव्यूह भेदने में जुटी हुई हैं। यहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की चुप्पी को भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है।

भाजपा ने पहली बार इस सीट पर 1996 में कब्जा किया था। राम मंदिर लहर में साक्षी महाराज जीते थे। 1998 के चुनाव में भी उन्हें जीत मिली, लेकिन 1999, 2004 और 2009 में यह सीट भाजपा नहीं जीत पायी। मोदी लहर में 2014 में भाजपा के खाते में यह सीट गई तो 2019 में भी मुकेश राजपूत लगातार दूसरी बार जीते। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो भाजपा का पलड़ा इस सीट पर भारी है। पार्टी ने चार विधानसभा जीतीं हैं तो उसकी सहयोगी अपना दल के हिस्से में एक सीट आई थी। अब भाजपा पिछले चुनावों का न सिर्फ जीत की हैट्रिक बनाना चाहती है बल्कि उसकी कोशिश है कि जीत का अंतर भी बड़ा हो।

हमने चुना सांसद

मतदान का फैसला तो चार जून को आएगा, लेकिन बुलंदशहर के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद बाहर निकली महिलाओं और युवाओं ने कुछ इस अंदाज में उत्साह का प्रदर्शन किया मानो उन्होंने मतदान का अधिकार जीत लिया।

रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पत्नी चारु के साथ मथुरा में किया मतदान।

मथुरा में साधु- संतों ने भी मतदान किया। अमृत विचार

इटावा लोकसभा क्षेत्र | वर्ष 1999 से 2009 तक सपा इटावा लोकसभा सीट पर लगातार तीन बार कर चुकी है जीत दर्ज

मुलायम के घर में दिलचस्प हुई भाजपा की हैट्रिक रोकने की लड़ाई

इटावा। इटावा लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का गृह जिला होने के चलते इटावा के नतीजों को सैफई परिवार की साख से जोड़ा जाता है। इस बार भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद रामशंकर कठेरिया को ही मैदान में उतारा है। सपा ने जितेंद्र दोहरे को सीट वापस लाने और भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी दी है। बसपा ने हाथरस की पूर्व सांसद सारिका सिंह को टिकट देकर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है।

वर्ष 1999 से 2009 तक सपा ने यहां लगातार तीन बार जीत दर्ज की। हालांकि 2014 में भाजपा ने सपा के जीत का सिलसिला तोड़ा और 2019 में भी जीत का सिलसिला कायम रखा। बसपा यहां केवल 1991 में तब जीती थी, जब उसके संस्थापक कांशीराम उम्मीदवार थे। इस चुनाव में मुलायम ने भी उनका साथ दिया था।

भाजपा लगा रही पूरा जोर

भाजपा इटावा सीट पर कमल खिलाने के लिएपूरा जोर लगा रही है। सैफई में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सभा के बाद इटावा में 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह की सभा की तैयारी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जसवंत नगर में पहले ही सभा कर चुके हैं। इटावा में अनुमानित जातिगत आंकड़ों की बात करें तो दलित वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। इसके अलावा यादव, लोधी और शाक्य वोटर भी चुनाव में अहम भूमिका निभाते हैं। यहां दलित वोटर करीब 4.50 लाख, ब्राह्मण वोटर 2 लाख 50 हजार, यादव मतदाता 2 लाख 25 हजार, लोधी 1 लाख 20 हजार, शाक्य 1 लाख 25 हजार, पाल बघेल 1 लाख 10 हजार, अल्पसंख्यक वोटरों की संख्या करीब 1 लाख 25 हजार है।

भाजपा प्रत्याशी की पत्नी ने निर्दलीय उतरकर चर्चाओं को दिया जन्म : भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया के खिलाफ उनकी पत्नी मृदुला कठेरिया ने नामांकन करा दिया है। मृदुला ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा है। उनका कहना है कि इस बार नामांकन वापस लेने के लिए पर्चा नहीं भरा है। पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। मृदुला कठेरिया ने कहा कि जनतंत्र, प्रजातंत्र और लोकतंत्र में सभी लोग स्वतंत्र हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी मृदुला ने निर्दलीय नामांकन किया था, लेकिन उस समय उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया था। भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया आगरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर हैं। वह आगरा लोकसभा सीट से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें इटावा से चुनावी मैदान में उतारा और रामशंकर तीसरी बार सांसद बने थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को करीब 65 हजार मतों से शिकस्त दी थी।

दलित उपजाति धानुक समुदाय से आने वाले राम शंकर कठेरिया को 2014 में भाजपा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया था। वह मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं।

18 लाख से ज्यादा मतदाताओं में 25 हजार पहली बार देंगे वोट: इटावा लोकसभा में कुल 18 लाख 23 हजार 732 मतदाता हैं। इनमें 9 लाख 81 हजार 602 पुरुष मतदाता और 8 लाख 42 हजार 97 महिला मतदाता हैं। नए मतदाता जो पहली बार वोट डालेंगे, उनकी संख्या 25 हजार 367 है। 14 हजार 763 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के 14 हजार 808 वरिष्ठ मतदाता हैं।

इलेक्शन बायस्कोप

मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा हर तरह से प्रयास हो रहा है, इसी क्रम में राजधानी के काकोरी विकास खंड क्षेत्र में स्थित बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरुक किया । अमृत विचार

आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक 1,21,70,187 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामले में कार्रवाई की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों से 74,24,648 व निजी स्थानों से 47,45,539 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,13,466, पोस्टर के 34,35,430, बैनर के 20,91,697 व अन्य 10,84,055 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,43,341, पोस्टर के 21,82,652 बैनर के 11,72,845 व अन्य 7,46,701 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 99 एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कांग्रेस को आज भी चुभती है वो हार

रायबरेली ही नहीं, न्यायालय में भी इंदिरा को राजनारायण से मिली थी शिकस्त

दिलीप सिंह, रायबरेली

- 55, 202 मतों से हार गई थीं चुनाव

अमृत विचार। कांग्रेस के गढ़ रायबरेली को समझना इतना आसान नहीं है। यही वजह है कि अभी तक कांग्रेस की ओर से यहां पर प्रत्याशी नहीं घोषित किया जा सका है। इसकी वजह कहीं ना कहीं पूर्व में यहां पर हुए उठापटक और वर्तमान में सांसद बनने के बाद सोनिया गांधी की दूरी को भी देखा जा रहा है। इसके कारण पार्टी पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरना चाह रही है। कारण जो भी हो, लेकिन आज भी गांधी परिवार और कांग्रेस को 1977 में राजनारायण से मिली शिकस्त सालती है।

जी हां, हम बात कर रहे है उस चुनाव कि जब एक अप्रत्याशित परिणाम सामने आया था। 1977 वह साल था जब पहली बार कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा था। जीत का आश्वस्त हर किसी को जब पता चला कि लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रायबरेली में हार का सामना करना पड़ा तो दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर हो गए। उन्हें 55,202 मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

इस चुनाव में इंदिरा गांधी को सिर्फ 1,22,517 मत मिले थे, जबकि विपक्ष में उतरे राजनारायण पर स्थानीय जनता ने विश्वास जताया। उन्होंने 1,77,719 मत हासिल किया। यही वजह रही कि अपने जीवन में इंदिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक बार हारीं वह भी अपने गढ़ से।

राजनारायण ने लगाया था धांधली का आरोप

ऐसी बात नहीं है कि राजनारायण और इंदिरा गांधी का कोई पहली बार चुनाव में मुकाबला हुआ था। 1971 के चुनाव में इसी रायबरेली में इंदिरा गांधी ने राजनारायण को भारी मतों से हरा दिया था। तब संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे राजनारायण को भरोसा था कि वे जीतेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। परिणाम देखकर उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया। इसके बाद चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए राजनारायण ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। यहां पर इंदिरा जी के खिलाफ निर्णय आया।

1980 के चुनाव में जीत के बाद जिले से बनाई दूरी

1977 लोकसभा चुनाव में राजनारायण से मिली शिकस्त ने इंदिरा गांधी को पूरी तरह से झकझोर दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस को आजादी के बाद सबसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। उस हार के महज तीन साल बाद ही 1980 में हुए चुनाव में जनता ने एक बार फिर कांग्रेस पर विश्वास जताया। इस चुनाव में रायबरेली की जनता ने इंदिरा गांधी को भारी मतों से जीत दिलाई थी। उन्हें 58 .30 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके बावजूद उन्होंने रायबरेली सीट से त्यागपत्र दे दिया था।

इंडी गठबंधन को जनता ने शून्य पर बोल्ड कर दिया : स्वतंत्र देव

अमृत विचार, लखनऊ : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दावा किया है कि भ्रष्टाचारी और आतताई गठबंधन को इस चरण में भी जनता ने शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया है। हाथी, हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है।

शुक्रवार को उप्र. भाजपा मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। यहां स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के पक्ष में चली लहर दूसरे चरण में और भी पुष्ट हो गई है। वहीं, जेपीएस राठौर ने कहा कि 2014 और 2019 की तरह फिर से पश्चिम यूपी और ब्रज में कमल का फूल खिलेगा और आने वाले चरणों में भाजपा को जनसमर्थन और भी पुष्ट होता जाएगा। हम 80 की 80 सीटों को जीतने में सफल रहेंगे।

इलाहाबाद में दो उत्तराधिकारियों के बीच मुकाबला

- पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर भाजपा का है कब्जा
- अपनी जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी
- 1984 में इसी लोकसभा सीट से संसद पहुंचे थे अमिताभ बच्चन

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश की लोकसभा की 80 सीटों में इलाहाबाद सीट का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। इस बार प्रदेश के दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों के बीच चुनावी जंग की बिसात बिछी है। एक ओर भाजपा ने मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा का टिकट काटकर पूर्व राज्यपाल व विधान सभा अध्यक्ष रहे भाजपा के कद्दावर नेता स्व. केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी चुनावी मैदान में उतारा है। तो दूसरी ओर सपा के बड़े नेताओं में शुमार एवं पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्जवल रमण सिंह इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है। दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों ने इस चुनाव को रोचक बना दिया है। भाजपा इस बार इस सीट से चुनावी सिक्सर मारने के लिए पिच पर तैयार दिख रही है। तो दूसरी ओर उज्ज्वल रमण भी मजबूत दावा पेश करते हुए कह रहे हैं कि इस बार लोगों का हाथ कांग्रेस के साथ है। ऐसे में इस सीट पर दो उत्तराधिकारियों के बीच सीधे युद्ध होता नजर आ रहा है।

प्रयागराज में वोटिंग छठें चरण में 25 मई को होनी है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। पार्टियों की ओर से स्टार प्रचारकों का भी जमघट आने वाले समय में लगेगा। 25 मई को क्षेत्र की जनता अपना नया सांसद चुनने के लिए मतदान करेगी और 4 जून को फैसला आएगा कि जनता ने किसके दावों और वादों पर अपना विश्वास जताया है। प्रयागराज प्रदेश का सर्वाधिक आबादी वाला जिला है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 59,54,390 है। जिले में जनसंख्या घनत्व 1,086 निवासी प्रति वर्ग किलोमीटर है। 2001-2011 के दशक में यहां जनसंख्या वृद्धि दर 20.6 प्रतिशत रही। लिंगानुपात 1000: 901 है। साक्षरता दर 72.3 प्रतिशत है। जिले में कुल12 विधानसभा सीटें हैं। यह फूलपुर और इलाहाबाद के अलावा भदोही संसदीय सीट का हिस्सा हैं।

नीरज त्रिपाठी

उज्जवल रमण सिंह

2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट पर 14 उम्मीदवार मैदान में थे, भाजपा की ओर से रीता बहुगुणा जोशी को मैदान में उतारा गया। जोशी के सामने समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र सिंह पटेल मैदान में थे।

रीता बहुगुणा जोशी को चुनाव में 4,94,454 वोट मिले जबकि राजेंद्र पटेल के खाते में 3,10,179 वोट आए। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे योगेश शुक्ला को महज 3,1,953 वोट ही मिले। एकतरफा मुकाबले में रीता बहुगुणा जोशी ने 184,275 मतों के अंतर से जीत हासिल की। इससे पहले 2014 के संसदीय चुनाव में बीजेपी को मोदी लहर का फायदा इलाहाबाद सीट पर भी मिला। बीजेपी के टिकट पर श्यामाचरण गुप्ता ने सपा के सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को कड़े संघर्ष में 62,009 मतों से हरा दिया।

अमिताभ को देना पड़ा था त्यागपत्र

1984 में राजीव गांधी ने अपने मित्र अभिनेता अमिताभ बच्चन को चुनाव मैदान में उतारा था। उस चुनाव में अमिताभ बच्चन के फिल्मी करिश्मे के सामने हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज नहीं टिक सके। हालांकि बोफोर्स विवाद में नाम आने के बाद अमिताभ बच्चन ने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया। 1988 के उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह जीत गए।

नाम बदल गया

2017 से पहले तक प्रयागराज जनपद इलाहाबाद के नाम से प्रसिद्ध था। योगी राज में शहर का नाम बदला तो यह प्रयागराज लोकसभा सीट बन गया। अंग्रेज जमाने से ही राजनीति के गढ़ रहे इलाहाबाद लोकसभा सीट 1952 में अस्तित्व में आया।

यहां से जीत कर बने प्रधानमंत्री

- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर , पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र, भाजपा के त्रिमूर्तियों में से एक डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे नेताओं को जीताकर लोकसभा में भेजा है। फिल्मी जगत के महानायक अमिताभ बच्चन भी 1984 में इसी लोकसभा से चुनकर संसद पहुंचे थे।

विधानसभा का ब्योरा

इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीट हैं। इलाहाबाद दक्षिणी , कोराव, बारा, मैजा और करछना है। जिसमें कोराव और बारा विधानसभाएं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। मेजा विधानसभा सीट सपा के कब्जे में है। शहर दक्षिणी को छोड़कर बाकी चारों विधानसभा जमुनापार क्षेत्र की है। जिसमें ज्यादातर मतदाता ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं।

उम्मीदवार के दावे और वादे

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब, युवा, महिलाओं के लिये किये गये विकास और कल्याणकारी योजनाओं के चलते अपनी जीत दावा कर रहे है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह मंहगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर मतदाताओं में खासकर युवा वर्ग को अपनी ओर खीचने की जोर-आजमाईश कर रहे हैं।

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
रीता बहुगुणा जोशी	4,94,454
राजेंद्र सिंह पटेल	3,10,179
योगेश शुक्ला	31,953
गिरिधर गोपाल त्रिपाठी	10,403

2014 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	श्यामाचरण गुप्ता	3,13,772
सपा	कुँवर रेवती रमण सिंह	2,51,763
बसपा	केशरी देवी पटेल	1,62,073
कांग्रेस	नंद गोपाल गुप्ता नंदी	1,02,453



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	श्री प्रकाश/पुरुषोत्तम टंडन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957, 62	लालबहादुर शास्त्री	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	हरि कृष्ण शास्त्री	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	हेमवती नंदन बहुगुणा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	जनेश्वर मिश्र	जनता पार्टी
1984	अमिताभ बच्चन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1988 (उप चुनाव)	विश्वनाथ प्रताप सिंह	निर्दलीय
1989	जनेश्वर मिश्र	जनता दल
1991	सरोज दुबे	जनता दल
1996, 98, 99	मुरली मनोज जोशी	भारतीय जनता पार्टी
2004, 09	रेवती रमण सिंह	समाजवादी पार्टी
2014	श्यामाचरण गुप्त	भारतीय जनता पार्टी
2019	रीता बहुगुणा जोशी	भारतीय जनता पार्टी

2014 नोटा	2019 नोटा
3,624	7,625

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
सपा	कुँवर रेवती रमण सिंह	2,09,431
बसपा	अशोक कुमार वाजपेयी	1,74,511
भाजपा	योगेश शुक्ला	60,983
कांग्रेस	श्याम कृष्ण पांडे	33,027

2024

कुल मतदाता	- 16,93,443
पुरुष	- 9,27,964
महिला	- 7,65,288
अन्य	- 191



अपनी ढपली अपना राग


आपका वोट उन विषधरों को नहीं जाना चाहिए जो लोग भारत माता जय जय कार करने में संकोच करते हों।
- योगी आदित्यनाथ


भाजपा से सौदा करके अखिलेश यादव चुनाव हार रहे हैं, 2014, 2017 में चुनाव हारे, 2019 में भी हार गए।
-असदुद्दीन ओवैसी


कब्जा करने वाले सपाई गुण्डे कहते थे, जितना बड़ा सपा का झण्डा उतना बड़ा सपा का गुण्डा।
-ब्रजेश पाठक


कन्नौज अब भी सपा का ही गढ़ है। वो उसकी पहली और आखिरी जीत थी, उसे पागलखाने भेजना चाहिए।
-रामगोपाल यादव

उन्हें पिछड़े, दलित और मुसलमान का सौ प्रतिशत वोट चाहिए, लेकिन उनका सम्मान नहीं चाहिए।
-पल्लवी पटेल

कैसरगंज में कायम है बेनी बाबू का रिकॉर्ड

एक ही पार्टी से लगातार चार बार जीता लोकसभा चुनाव

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार। कैसरगंज सीट कई ऐतिहासिक पलों को सजाए हुए हैं। दिवंगत बेनी प्रसाद वर्मा की बेटी गोंडा से चुनाव लड़ रही है, लेकिन चर्चा बेनी प्रसाद वर्मा की न हो, इसके बिना लोक सभा चुनाव अधूरा है। बहराइच के कैसरगंज सीट से बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से निरंतर चार बार चुनाव लड़ा और उन्हें जीत हासिल हुई। इसी सीट से बेडनानापुर की राजमाता ने भी स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी। बेनी बाबू ने लगातार एक ही पार्टी से जीत को जो रिकार्ड बनाया वह अभी तक कायम है, मौजूदा सांसद हालाकि यहां से लगातार तीन बार जीत चुके हैं लेकिन उनको यह सफलता एक बार सपा और दो बार भाजपा के सहारे मिली है, और इस बार अभी तक भाजपा से उनके प्रत्याशी बनाए जाने पर ऊहापोह कि स्थिति है, ऐसे में अभी बेनी बाबु का रिकार्ड टूटता नजर नहीं आ रहा है

बहराइच जिले के कैसरगंज सीट में कैसरगंज और पयागपुर विधान सभा के साथ गोंडा जिले की तीन विधान सभा क्षेत्र की सीट शामिल है। कैसरगंज से अभी किसी भी पार्टी ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। लेकिन इस सीट की प्रदेश और देश में अलग ही पहचान है।

इस सीट से बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा ने चार बार लगातार लोकसभा चुनाव जीतकर रिकार्ड कायम किया है। बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और मुलायम सिंह यादव के पुराने साथी थे। कुर्मी और क्षत्रिय बाहुल्य सीट पर समाजवादी पार्टी ने वर्ष 1996 में बेनी प्रसाद वर्मा को कैसरगंज सीट से चुनाव मैदान में उतार दिया। बेनी प्रसाद वर्मा को जनता ने सिर आंखों पर बैठाते हुए जीत दर्ज कराई। इसके बाद बेनी प्रसाद वर्मा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर वर्ष 1998, 1999 और वर्ष 2004 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज की। इसके बाद सपा ने वर्ष 2009 के चुनाव में बृज भूषण शरण सिंह को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज किया। इस सीट से महसी तहसील के बेडनापुर राज घराने की माता बसंत कुंवर बा ने भी वर्ष 1962 में हुए चुनाव में स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी।

भाजपा लगा सकती है जीत की हैट्रिक

कैसरगंज के वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने वर्ष 2009 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से जीत दर्ज की थी इसके बाद उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से जीत दर्ज की। भाजपा के प्रत्याशी ने अगर इस बार जीत दर्ज की तो पार्टी की हैट्रिक हो जाएगी।

समाजवादी पार्टी से कर लिया था किनारा

2008 में मुलायम से नाराज होकर बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से किनारा कर लिया था। बेनी प्रसाद वर्मा अपने बेटे के लिए 2007 के लोकसभा चुनाव में टिकट चाहते थे, लेकिन अमर सिंह की वजह से बेनी के बेटे राकेश वर्मा को टिकट नहीं मिल पाई। इसी वजह से नाराज बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी छोड़ दी और समाजवादी क्रांति दल बनाया। इसके बाद 2008 में वह कांग्रेस में शामिल हो।

वर्ष 2009 के चुनाव में बृजभूषण सिंह ने तोड़ा तिलिस्म

केंद्रीय मंत्री बने बेनी बाबू

बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा को लोग प्यार से बाबू जी के नाम से पुकारते हैं। बेनी प्रसाद वर्मा ने लगातार चार बार कैसरगंज सीट से चुनाव जीता इसके बाद उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गोंडा से भी जीत दर्ज की। केंद्र में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था।

धीमा मतदान कराया ताकि मुस्लिम मतदाता वोट न डाल सकें: राजेंद्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा है कि दूसरे चरण के चुनाव में भी ईवीएम खराबी की पहले की तरह कई जगहों से खबरें आई हैं। उन्होंने कहा कि, गाजियाबाद में सत्ता पक्ष के इशारे पर धीमा मतदान कराया गया ताकि मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में वोट न डाल सके।

सपा नेता के मुताबिक, लोकसभा क्षेत्र मेरठ में भाजपा नेता बूथ संख्या 329 पर जबरन फर्जी मतदान कराते मिले। गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के बूथ संख्या 113 व 120 पर भाजपा प्रत्याशी की पत्नी पार्टी का पटका पहनकर मतदाताओं पर भाजपा के पक्ष में मतदान का दबाव डाल रही थी। अमरोहा में पुलिस समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को धमकाकर भगाती रही। राजेन्द्र चौधरी ने कहा, सपा द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों को तत्काल सभी शिकायतों से अवगत कराकर उनसे तत्काल आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा की गई है।

चुनावी चक्कर

- इन वोटर्स के लिए राष्ट्रीय मसले नहीं क्षेत्रीय समस्याएं बड़ी :

लोकसभा चुनाव में जहां राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों, वायदों को लेकर मतदाताओं को ललचा रहे हैं वहीं, तमाम मतदाता ऐसे भी हैं जिन्हें राष्ट्रीय मसलों से नहीं अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से मतलब है। ऐसे मतदाता किसी भी राजनीतिक दल के चक्कर में नहीं फंस रहे। ताजा उदाहरण मथुरा का है। जहां गांव बंडपुरा के मतदाताओं ने शाम देर तक मतदान बहिष्कार किया। दरअसल, यहां ग्रामीणों ने मूलभूत समस्याओं के विरोध में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया। यहां तक कि, ग्रामीणों को मनाने चुनाव आयोग के अधिकारीगण तक पहुंच गए। लेकिन वे भी काफी देर पंचायत करने के बाद भी ग्रामीणों को समझा नहीं सके। ग्रामीणों का कहना था कि, गांव में आजादी के बाद से आज तक सांसद, विधायक निधि या किसी विभाग ने कोई विकास नहीं कराया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने इसके उदाहरण में माइनर की सफाई, जर्जर पटरी, गांव की सड़क, नाली, जर्जर विद्युत तार, पेयजल की समस्या जैसे उदाहरण दिए। ग्रामीणों का कहना है कि चाहे कोई भी चुनाव हो नेता आते हैं और बड़े-बड़े वायदे करते हैं, चुनाव जीतते ही उनका अपने वायदों से कोई सरोकार नहीं रह जाता, जब ऐसे मुकर जाते हैं तो हम भी मतदाता है हम भी अपने अधिकार को जानते है, हमारी कोई नहीं सुनेगा तो हम भी किसी की नहीं सुनेंगे।

पूर्वोत्तर राज्यों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा गठबंधन की 25 में 20 से अधिक सीटें जीतने की कोशिश

कनेक्टिविटी से टी और टूरिज्म बढ़ा मिटी दिलों की दूरी

पर्वतों, नदियों, पहाड़ों, झीलों और चाय के बागानों के साथ हरियाली से सम्पन्न भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य वाले पूर्वोत्तर के सेवन सिस्टर्स समेत आठ राज्यों में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में 2-2 सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में लोकसभा की एक-एक सीट है। पहले चरण में यहां 14 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है।

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: दूसरे चरण में शुक्रवार को असम में पांच सीटों के साथ मणिपुर और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर वोट डाले गए। अब असम की शेष बची चार सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पूर्वोत्तर न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से, तो भाजपा के 10 साल के शासन में यहां आया बदलाव अब जमीन पर नजर आता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के इस हिस्से में सड़क, रेल और हवाई यात्रा की कनेक्टिविटी पहले से काफी बढ़ गई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। मणिपुर की हिंसा को छोड़ दें तो पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठन समझौता कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। बीते दस वर्षों में 11 शांति समझौतों पर दस्तखत हुए हैं। एक आंकड़े के मुताबिक 2014 से अब तक करीब 10 हजार विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया है। पूर्वोत्तर में असम सहित कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन (टूरिज्म) और चाय (टी) का बड़ा योगदान है, तो इस दिशा में भी कनेक्टिविटी बेहतर होने का लाभ मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान भी टी और टूरिज्म उद्योग से जुड़े मुद्दों का जोर रहा। भाजपा ने चाय बागान, टूरिज्म और कनेक्टिविटी की दिशा में किए गए काम गिनाकर आगे का विजन सामने रखा और कहा कि आज पूर्वोत्तर पीएम मोदी के कारण ही देश के बाकी हिस्से से दूरी मिटाकर दिल से जुड़ गया है। पार्टी को इसी के बूते पूरा भरोसा है कि पिछली बार से और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

असम में सीटों के नए परिसीमन से पड़ सकता नतीजों पर असर

- पूर्वोत्तर के सबसे बड़े राज्य असम जहां से लोकसभा की 14 सीटें आती हैं, को पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है। इस राज्य की पहचान चाय के बागान हैं। बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे देश इस राज्य की सीमा से जुड़े हैं। इस बार राज्य में परिसीमन के बाद लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों के समीकरण बदल चुके हैं। लोकसभा की 14 में दो सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। सीटों के नए परिसीमन का असर चुनाव नतीजों में देखने को मिल सकता है। असम में 2014 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें और साल 2019 के चुनाव में नौ सीटें जीती थीं। कांग्रेस दोनों बार के चुनाव में 3-3 सीटें जीतने में ही सफल हो पाई थी। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ 2014 के चुनाव में तीन सीटें जीतने के बाद 2019 में एक सीट पर ही सिमट गई थी। राज्य में दूसरे चरण में शुक्रवार को दर्रांग-उदलगुरी, डिफू, करीमगंज, सिलचर, नागांव में वोट डाले गए हैं। अब सात मई को कोकराझार, धुबरी, बारपेटा और गुवाहाटी लोकसभा सीट पर मतदान होना है।
- 2024 का लोकसभा चुनाव राज्य में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही यहां सक्रिय क्षेत्रीय दलों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि भाजपा अपनी स्थिति में और सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, तो कांग्रेस की कोशिश वोट प्रतिशत में सुधार करके ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाने की है। इस बार असम की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। तीन सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में परिसीमन के बाद कलियाबोर सीट खत्म होकर नई सीट काजीरंगा बनाई गई थी। कलियाबोर सीट खत्म होने से वहां के सांसद कांग्रेस के गौरव गोगोई को जोरहाट जाना पड़ा। जहां उनका कड़ा मुकाबला भाजपा सांसद तपन कुमार गोगोई से हुआ है। डिब्रूगढ़ में सर्वादानंद सोनोवाल और लुरिनज्योति के बीच सीधी टक्कर हुई। यहां से भाजपा ने सांसद रामेश्वर तेली की जगह केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को मैदान में उतारा था।

त्रिपुरा में मोथा पार्टी का समर्थन मिलने से इस बार भी भाजपा खिला सकती कमल

- त्रिपुरा में भाजपा ने सीपीएम को 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद साल 2019 में लोकसभा चुनाव में दोनों लोकसभा सीटें भी जीत ली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखना चाहती है। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। इससे भाजपा का प्रभाव बढ़ गया है। इसका असर शुक्रवार को पूर्वी त्रिपुरा की सीट पर मतदान में नजर भी आया। दोनों सीटों पर कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। लेकिन जानकार भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा की जीत तय मान रहे हैं।

असम में एक फीसदी वोट कम मिलने पर कांग्रेस के हाथ से निकल गईं छह सीटें

- असम में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 36 प्रतिशत था, तब पार्टी को सात सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 35.40 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन उसके हाथ तीन सीट ही आई थीं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने नौ सीटें जीतीं और 36.05% वोट शेयर प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 35.44% वोट शेयर के साथ एक बार फिर तीन सीटों पर सीमित रह गई। अन्य दो सीटों पर बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा कर लिया।

किरन रिजिजू के सामने नबाम तुकी नहीं बनते नजर आए चुनौती

- अरुणाचल प्रदेश की दो सीटों में से 2014 में भाजपा और कांग्रेस एक-एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा करने में सफल रही। भाजपा की कोशिश इस बार भी 2019 का परिणाम दोहराने की है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्व और पश्चिम दो सीटें हैं। यहां पूर्व से तापिर गाओ व पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों ने इस बार भी चुनाव लड़ा है। रिजिजू के खिलाफ कांग्रुस ने पिछला चुनाव हारने वाले नबाम तुकी को ही उतारा तो तापिर गाओ का सामना कांग्रेस के बोसीराम सिरम से हुआ है। यहां विधानसभा चुनाव के लिए भी साथ में वोट पड़े हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा की दोनों सीटों पर फिर से जीत की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

36.05 % 2019 के चुनाव में असम भाजपा को मिले वोट और सीटें थीं नौ

35.44 % वोट शेयर के साथ कांग्रेस के हाथ आई थी केवल तीन सीटें

7.8 % वोट मिले थे बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ को

किरन रिजिजू।

गौरव गोगोई।

अगाथा संगमा।

25 पूर्वोत्तर राज्यों में कुल लोकसभा सीटें

19 एनडीए गठबंधन ने 2019 में जीती थीं

कांग्रेस की जमीन पर भाजपा का आधार आधा दर्जन राज्यों से हाथ हुआ था साफ

- कांग्रेस का ग्राफ पूर्वोत्तर में लगातार गिरता जा रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को यहां की 13 सीटों पर जीत मिली थी जबकि 2019 में वह चार सीटों पर सिमट गयी। इसके दूसरी ओर भाजपा जिसने 2009 में सिर्फ चार सीटें जीती थी वह 2019 में 14 सीटों के आंकड़े पर पहुंच गई। 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में आने वाली 9 लोकसभा सीटों से उसका सफाया हो गया।

मेघालय व नागालैंड में राजग गठबंधन को किया मजबूत

- भाजपा की कोशिश मेघालय की दोनों सीटें राजग के खाते में लाने की है। इसके लिए सीएम कॉनराड संगमा को कमान सौंप दी गई थी। मेघालय में कोनार्ड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी 2014 और 2019 में शिलांग में कांग्रेस को मात देने में नाकाम रही थी। भाजपा ने दोनों सीटें एनपीपी को दी हैं। इसी तरह नागालैंड की एक सीट भाजपा ने अपने राजग सहयोगी नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी (एनडीपीपी) के हवाले कर दी थी।
- 2019 में भी यह सीट एनडीपीपी के पास थी। इस बार भी उसकी जीत के आसार बताए जा रहे हैं। यहां एनडीपीपी से डॉ. चुम्बेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर ने किस्मत आजमाई है।

मणिपुर में भाजपा को हो सकती थोड़ी मुश्किल

- हिंसा से प्रभावित मणिपुर में भाजपा ने इस बार फिर 2019 के फॉर्मूले को अपनाते हुए इनर मणिपुर से से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काटकर राज्य में मंत्री बसंत सिंह को उतारा था। आउटर मणिपुर सीटभाजपा ने अपनी सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट को दी है। 2014 में मणिपुर की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीती थी, पर 2019 में पासा पलट गया था। इनर मणिपुर में वोट पड़ चुके हैं। आउटर मणिपुर में शुक्रवार को वोट डाल गए हैं। यहां इस बार भाजपा कांग्रेस की चुनौती में फंस सकती है। इसकी वजह यह है कि मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं। जिसका सकारात्मक असर देखने में आ रहा है।

सिक्किम सीट पर त्रिकोणात्मक संघर्ष, मिजोरम में नई पार्टी के हाथ लग सकती बाजी

- मिजोरम में लोकसभा चुनाव में भी नई और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हरा दिया था। इसी तरह सिक्किम की इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा का मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल व सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से हुआ है। त्रिकोणात्मक संघर्ष में मोर्चा की स्थिति मजबूत बताई जा रही है। सिक्किम में विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं।

हिमंता बिस्वा सरमा हैं महत्पूर्ण कड़ी

- भाजपा ने पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर में लगातार अपना आधार मजबूत किया है। इस काम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीखे तेवर और धारदार बयानों के साथ हिंदुत्व को खुले समर्थन ने उन्हें असम या पूर्वोत्तर से बाहर दूसरे राज्यों में भी भाजपा का स्टार प्रचारक बना दिया है। आज हिमंता बिस्वा सरमा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी पहचान बनती जा रही है।

हम भी हैं जोश में... चुन ली नई सरकार

राजस्थान में कड़ी धूप के बीच इन महिलाओं ने उत्साह से मतदान किया और बूथ के बाहर परिचय पत्र और अंगुली दिखाई।

वोट डालने के लिए नाव से आना पड़ा तो क्या हुआ। असम के दर्रांग जिले में गाशबरी गांव की महिलाओं ने जमकर वोट डाले।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास गैस सिलेंडर लेकर बेंगलुरू में समर्थकों के साथ वोट डालने पहुंचे।

दिग्गज भाजपा नेता रविशंकर को चुनौती दे पाएंगे डॉ. अंशुल

पटना। पटना साहिब लोकसभा सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता रविशंकर के सामने कांग्रेस के टिकट पर उतरे लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉ. अंशुल अभिजीत कड़ी चुनौती पेश कर पाएंगे, इसे लेकर जानकार संदेह जता रहे हैं। कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद इस सीट पर दो दिन पहले ही डॉ. अंशुल का नाम घोषित किया है। पटना साहिब लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण के आधार पर कायस्थों का दबदबा है जिनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। कायस्थों के बाद यहां यादव और राजपूत वोटर सबसे ज्यादा हैं। पिपटना साहिब लोकसभा सीट 2009 में बनी थी। यहां पहला चुनाव फिल्मी स्टारों के बीच हुआ। भाजपा ने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा तो कांग्रेस ने अभिनेता शेखर सुमन पर दांव लगाया। जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मौका दिया, तो जवाब में कांग्रेस ने भोजपुरी फिल्म के अभिनेता कुणाल को उतारा। लेकिन इस बार भी जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। उन्हें 4,85,905 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कुणाल ने 2,20,100 मत पाए। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने शत्रुघ्न सिन्हा को यहां से टिकट नहीं दिया, तो कांग्रेस ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार शत्रुघ्न सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के रवि शंकर जीते। उन्हें 6,07,5067 और शत्रुघ्न सिन्हा को 3,22,849 मत मिले।

लोकतंत्र का पर्व, मतदान का गर्व

यह नजारा महाराष्ट्र राज्य के थाणे जिला का है, यहां स्कूली छात्र-छात्राओं ने चुनाव आयोग की कम मतदान की चिंता कम करने के लिए आगे निकल कर मतदाता जागरूकता के लिए अनोखा कार्यक्रम किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने स्कूल के मैदान में 'आई वोट फार श्योर' लिखकर लोगों से मतदान अवश्य करने का नारा बुलंद किया।

बिलासपुर संसदीय सीट | भाजपा और कांग्रेस के बीच हमेशा होता आया मुख्य मुकाबला, लगातार चार जीतने का रिकार्ड पुन्नू लाल के नाम

बिलासपुर में 26 साल से लगातार खिल रहा कमल

चुनाव डेस्क

छत्तीसगढ़ प्रांत की बिलासपुर संसदीय सीट पर हर बार मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता है। बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो करती है पर इसमें सफल नहीं हो पाती। उसके उम्मीदवार 50 हजार वोटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाते हैं। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ है। 1996 से लगातार यहां के मतदाता भाजपा की बयार में ही बह रहे हैं।

सूबे में सत्ता किसी भी दल की रही हो लेकिन यहां के मतदाताओं ने कभी भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। यही वजह है कि भाजपा भी इस किले को बचाए रखने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। इस संसदीय क्षेत्र में निर्णायक भूमिका अनुसूचित जाति और जनजाति के मतदाताओं की होती है। बसपा ने इस सीट से अश्विनी रजक को मैदान में उतारा है। वे मुकाबले को त्रिकोणीय तो बनाना चाहते हैं पर कितना कामयाब होंगे यह वक्त ही बताएगा।

2019 में भाजपा के अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को हराया था। अब अरुण सवा छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। वह इसी संसदीय क्षेत्र की लोरमी विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। तोखन साहू लोरमी सीट से विधायक रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव से है।

देवेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पार्टी में ही उनका विरोध हो रहा है।

हालांकि आंतरिक कलह को शांत करने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। जबकि भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू को जीत दिलाने के लिए पूरी भाजपा एकजुट होकर मैदान में उतर गई है। यहां तक कि उप मुख्यमंत्री भी रात दिन एक किए हुए हैं। भाजपा के लोग यहां के आदिवासी और दलित मतदाताओं को यह बताने में जुटे हुए हैं कि उनकी ही पार्टी आदिवासियों के हित को ध्यान में रखती है। उच्च पदों पर उन्हें बैठाने को तत्पर रहती है। इसके साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और और मोदी की गारंटी को भी भुनाया जा रहा है।

आठ में से छह विस सीटों पर भाजपा काबिज

- संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की 8 सीटें हैं। इनमें से छह सीटों पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी व सतनामी समाज के मतदाताओं की बहुलता है तो मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 70 फीसद आबादी एससी समाज की है। ये दोनों ही सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। ऐसे में भाजपा का पूरा जोर यहां के मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने की है। कांग्रेस भी विधानसभा में साथ आए दलित और आदिवासी मतदाताओं को हर हाल में अपने पाले में बनाए रखना चाहती है।

आठ बार बने भाजपा के सांसद

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा आठ बार बार जीती है। पहली बार पार्टी का खाता 1989 में खुला था। तब रेशम लाल जांगड़े इस सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो भाजपा यह सीट हार गई थी। लेकिन 1996 में भाजपा के पुन्नू लाल मोहले यहां से जीते तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा वे लगातार चार बार यहां से सांसद बने। 2009 में भाजपा ने दिलीप सिंह जुदेव को मैदान में उतारा तो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी रेणू जोगी को हराया। 2014 में पार्टी ने लखन लाल साहू को मैदान में उतारा। वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2019 भी पार्टी जीती।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
रामपुर : शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	83600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55450-55650
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	73,550
सोना रवा	73,400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,300
चांदी (999)	83,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,850
चांदी आभूषण	82,550
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	73000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72000
सिल्वर (पक्की)	814 (अनुमानित)

लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 4500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000

पांच दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स धड़ाम

बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 609.28 और निफ्टी 150.40 अंक गिरा

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में पांच सत्रों से जारी तेजी के बाद शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 609 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। बीते पांच दिनों में सूचकांकों में 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर

सेंसेक्स में 641.83 अंक की बढ़ोतरी हुई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पांच दिनों की तेजी से बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी थी। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल बढ़ने से बदलाव दिखा। सेंसेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत गिरावट रही। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया।

अमेरिकी आर्थिक आकड़ों ने बाजार को किया प्रभावित

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक और एनएसई निफ्टी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पहुंचा था।

अदालत का विमान पंजीकरण रद करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया। अदालत ने कहा कि डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद करने

- विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में किया है आवेदन

संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

अदालत ने कहा कि पट्टेदारों को लागू नियमों और कानूनों के तहत विमान निर्यात करने की अनुमति है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने तीन मई 2023 से अपनी विमान सेवाएं रोक दी थीं।

2024-25 में जीडीपी 6.6% होने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2% की सीमा में रहने का अनुमान था। डेलॉयट ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि 2024-25 में 6.6% और उसके अगले वर्ष 6.75% पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि अर्थव्यवस्था में 2025 में समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर होगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं।

चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.1% रहने का अनुमान

नई दिल्ली। आर्थिक शोध संस्थान राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1% रहने का अनुमान जताया है। संस्थान ने एक्स पर लिखा कि केंद्र करों में उछाल और राजस्व व्यय में कमी से राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर है। 2023-24 में केंद्र से महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय हस्तांतरण से राज्यों में पूंजीगत व्यय वृद्धि मजबूत है। एशियाई विकास बैंक और फिच रेटिंग्स ने 7% तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

विदेशी मुद्रा भंडार 640 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर था। रिजर्व बैंक से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया।

लघु बैंकों से नियमित बनने के लिए मांगे आवेदन

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ होनी चाहिए।

बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। आरबीआई ने शेयरधारिता के संदर्भ में कहा कि पात्र एसएफबी के लिए चिह्नित प्रवर्तक होने की कोई अनिवार्यता नहीं है। पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रवर्तक, यदि कोई हैं, नियमित बैंक में तब्दील होने पर प्रवर्तक के रूप में बने रहेंगे।

आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा

मुंबई। आरबीआई ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा। आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। कई एलएसपी ऋण उत्पादों के एग्रीगेटर के तौर पर भी काम करते हैं। उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है।

राष्ट्रीय

एक नजर

आतिशबाजी से लगी आग में छह की मौत

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में शुक्रवार की रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार घटना पर शोक व्यक्त किया है। कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों को समुचित इलाज का निर्देश दिया है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गई। दरभंगा डीएम राजीव रोशन ने बताया कि बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

हाईकोर्ट ने विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका रद की

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यूपी (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है।

गुरुग्राम में सौतेले पिता ने सात महीने की बच्ची को पटक कर मार डाला

गुरुग्राम। गुरुग्राम के नाथूपुर गांव के पास झुग्गी में सात महीने की बच्ची की उसके सौतेले पिता ने कथित तौर पर फर्श पर पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि डीएलएफ फेज -3 पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय विजय साहनी के रूप में की गई है, जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। उसने बताया कि घटना गुरुवार रात नाथूपुर पहाड़ी इलाके के पास झुग्गी बस्ती में हुई, जहां आरोपी की पत्नी उसके भाई और सात महीने की बच्ची के साथ रह रही थी। आरोपी ने पत्नी से झगड़ा दिया और सात महीने की सौतेली बेटी को फर्श पर पटक दिया। बच्ची को नजदीकी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अदालत ने मुआवजा देने के आदेश का पालन न करने पर एसडीएम की कुर्सी कुर्क की

विदिशा (मप्र)। विदिशा जिले की अदालत ने उप-विभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) की कुर्सी और अन्य आधिकारिक चल संपत्तियों को कुर्क किया है। एसडीएम ने पिछले साल के अदालत के आदेश का पालन नहीं किया था, जिसमें पांच लोगों को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। इन पांचों की जमीन 2011 में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। दिसंबर 2023 में एक किसान सहित इन पांच लोगों ने सिरोंज में जिला अदालत का रुख किया था। पांचों ने दावा किया कि उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया गया है। शुकवार को एक वकील और याचिकाकर्ता कपिल त्यागी ने कहा कि जिला न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम ने मार्च 2024 में सरकारी अधिकारियों को आदेश को लागू करने का आखिरी मौका दिया। आदेश का पालन न होने पर न्यायाधीश ने 23 अप्रैल को निर्देश दिया कि सिरोंज के एसडीएम हर्षल चौधरी के कार्यालय में कुर्सी, अन्य फर्नीचर और कंप्यूटर सहित चल संपत्ति को कुर्क किया जाए। उन्होंने बताया कि अगर हमें अब भी मुआवजा नहीं मिलता है, तो हम प्रतिवादियों की अचल संपत्ति को कुर्क करने की मांग करते हुए याचिका दायर करने जा रहे हैं।

बड़ी संख्या में युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया: मोदी

26 हजार नौकरियां रद होने के मामले में टीएमसी की कट और कमीशन नीति से हुआ नुकसान

मालदा, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद प. बंगाल में 26,000 नौकरियां रद होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की कट और कमीशन नीति से नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब घोटालों का पर्याय बन गई है।

मोदी ने मालदा में चुनावी रैली में युवाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए ऋण तक लिया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इसका बोझ पड़ रहा है। केंद्र युवाओं के

मुंगेर में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा भुगतने के लिए जनता विवशा

लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है। हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया से हुई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की 25,753 नियुक्तियों को रद करने का सोमवार को आदेश दिया था तथा चयन प्रक्रिया को अमान्य एवं अवैध करार दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ के घोटाले।

मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को सुप्रीम कोर्ट का तमाचा

अररिया-मुंगेर। प्रधानमंत्री ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और गठबंधन को न संविधान और न लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में बूथ और मतपत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि देश के मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उनको बर्दाश्त नहीं हुआ। आज दो घंटे पहले ही कोर्ट ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं।

मोदी घबरा गए हैं, उनकी आंखों से जल्द निकलेंगे आंसू : राहुल

विजयपुरा, ,एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी में मौजूदा चुनावों में भाजपा की संभावनाओं को लेकर घबराहट के लक्षण नजर आ रहे हैं। गांधी ने मोदी पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप मोदी का भाषण सुनें। वह घबराये हुए हैं। कुछ ही दिनों में उनकी आंखों से आंसू निकलने की संभावना है।

कांग्रेस नेता ने जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार ने जहां कुछ लोगों को अरबपति बनाया, वहीं कांग्रेस करोड़ों

लोगों को लखपति बनायेगी। गांधी ने गरीबी, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इन मामलों पर चुप हैं और केवल चीन और पाकिस्तान जैसे मुद्दों तथा दर्शकों से तालियां बजाने या मोबाइल फोन की रोशनी दिखाने का अनुरोध करने जैसे प्रतीकात्मक संकेतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

भाजपा नौकरी खाने वाली पार्टी : ममता

पिंगला। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह नौकरी खाने वाली पार्टी है और 26,000 शिक्षकों की आजीविका छीनने की साजिश के लिए राज्य के लोग उसके नेताओं को माफ नहीं करेंगे। ममता घाटल में पार्टी उम्मीदवार देव के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भाजपा के साथ माकपा और कांग्रेस पर भी हमला बोला तथा दोनों दलों को राज्य में भाजपा की आंख और कान बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने आदमखोर बाघों के बारे में सुना होगा, लेकिन क्या आपने नौकरी खाने वाली भाजपा के बारे में सुना है?

महापौर चुनाव स्थगित किए जाने पर एमसीडी सदन में हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव को गुरुवार रात स्थगित कर दिया गया था।

भाजपा पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए। ओबेरॉय सदन में देरी से पहुंचीं। आप पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास नारेबाजी की और बाद में, सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और उसे दलित विरोधी कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। सदन में पहुंचने के बाद महापौर ओबेरॉय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर संविधान की हत्या करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप

- कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगाए नारे
- पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव हुए थे रद

लगाया। महापौर ने निगम सदन की बैठक अगली कार्यवाही तक के लिए स्थगित कर दी। एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के पदों के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को स्थगित करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं और वह अपने संवैधानिक रूप से बाध्य कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं। राजनिवास द्वारा सक्सेना की ओर से एक पत्र जारी करने के बाद नगर निगम ने महापौर चुनाव स्थगित कर दिया।

संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार, गोला-बारूद

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को प. बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से

- तृणमूल नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों के ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ी है कार्रवाई

उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि हमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जमा कर रखने की खुफिया जानकारी मिली थी। विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कुल 12 हथियार और डिब्बों में विस्फोटक भरे मिले। अभियान अभी भी जारी है। घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि घर में इतनी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक क्यों रखे थे। घर को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, जिसे मछली पालन के लिए उपयोग होने वाले जल निकायों के बीच बनाया गया था। केंद्रीय बल घर के बाहर मेटल डिटेक्टरों से जांच कर रही हैं कि कहीं और हथियारों व गोला-बारूद को दबाकर तो नहीं रखा गया है। एक रोबोटिक उपकरण का भी है। ईडी की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखालि में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि संदेशखालि में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं।

रवि किशन की बेटी होने का दावा कर रही महिला की डीएनए परीक्षण अर्जी खारिज

मुंबई, एजेंसी

मुंबई की अदालत ने गोरखपुर के भाजपा सांसद रवि किशन पर डीएनए परीक्षण कराने के अनुरोध को लेकर 25 वर्षीया महिला की अंतरिम अर्जी शुक्रवार को खारिज कर दी।

याचिकाकर्ता ने अपना यह दावा साबित कराने के लिए डीएनए परीक्षण के आदेश देने का अनुरोध किया था कि अभिनेता से नेता बने रवि किशन उसके जैविक पिता हैं। शिनोवा नामक महिला ने यहां दीवानी अदालत में वाद दायर किया था और यह घोषित करने की अपील की थी कि वह रवि किशन की बेटी है तथा अपर्णा सोनी के साथ सांसद के संबंधों से उसका जन्म हुआ था। अंतरिम उपाय के तौर पर दायर किए वाद में शिनोवा के इस दावे को साबित करने के लिए डीएनए परीक्षण का भी अनुरोध किया गया था कि रवि किशन ही उसके पिता हैं। यह वाद वकील अशोक सरोगी और जय यादव के मार्फत दायर किया गया है। अदालत ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।

बारामूला में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर, दो सैनिक घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों और सुरक्षा बलों में दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में शुक्रवार को दो आतंकी मारे गए, जबकि दो सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में गुरुवार को शुरू हुई थी। रात में शांति के बाद शुक्रवार सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ स्थल के पास गुरुवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था। सेना के अधिकारी ने बताया कि इलाके से आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान जारी है।

आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस	राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स
दोपहर 3:30 बजे	शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	09	430
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल)	09	342

जॉनी-शशांक ने बौना कर दिया 262 का लक्ष्य

पंजाब ने रचा इतिहास कोलकाता को आठ विकेट से हराया, बेयरस्टो ने बनाए नाबाद 108 रन

कोलकाता, एजेंसी

जॉनी बेयरस्टो नाबाद (108), शशांक सिंह नाबाद (68) और प्रभसिमरन सिंह (54) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को आईपीएल के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया है। पंजाब की यह नौ मैचों में तीसरी जीत है। पंजाब किंग्स की टीम ने टी-20 इतिहास में अभी तक से बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए यह जीत हासिल की है। पंजाब की टीम ने 24 छक्के लगाए। वहीं कोलकाता की ओर 18 छक्के लगे।

262 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की जॉनी बेयरस्टो और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए छह ओवर में 93 रन जोड़े। प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में 54 रन बनाए। उन्हें सुनील नारायण ने रनआउट किया। राइली रुसो 16 गेंदों में 26 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 48 गेंदों में आठ चौके और नौ छक्के लगाते हुए नाबाद 108 रनों की पारी खेली। वहीं शशांक सिंह ने भी आतिशी अंदाज में 28 गेंदों में दो चौके और आठ छक्के जड़ते हुए नाबाद 68 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। कोलकाता की ओर से एक मात्र विकेट सुनील नारायण को मिला। यह आईपीएल के एक मैच में पहली बार हुआ है जब चारों सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया है। कुलमिलाकर यह पुरुषों के टी-20 मुकाबले 11वीं बार ऐसा हुआ है।

ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरे कोलकाता के फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने चौके और छक्को की बारिश करते हुए पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। सॉल्ट (75) और नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स 262 रनों का लक्ष्य दिया।

कोलकाता 261/ 6

20 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल साल्ट बो करन	75	37	6/6
सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर	71	32	9/4
वेंकटेश अय्यर रन आउट	39	23	3/2
आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप	24	12	2/2
श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप	28	10	1/3
रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल	5	4	1/0
रमनदीप सिंह नाबाद	6	3	0/1

गेंदबाजी : सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

पंजाब 262/2

18.4 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
प्रभुसिमरन सिंह रन आउट नारायण	54	20	4/5
जॉनी बेयरस्टो नाबाद	108	48	8/9
रिले रोसौव कैच श्रेयस बो नारायण	26	16	1/2
शशांक सिंह नाबाद	68	28	2/8

गेंदबाजी : चमीरा 3-0-48-0, हर्षित 4-0-61-0, अनुकूल 2-0-36-0, नारायण 4-0-24-1, वरूण 3-0-46-0, रसेल 2-0-36-0, रमनदीप 0.4-0-9-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	8	5	3	10	+0.972
हैदराबाद	8	5	3	10	+0.577
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
दिल्ली	9	4	5	8	-0.386
गुजरात	9	4	5	8	-0.974
पंजाब	9	3	6	6	-0.187
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
बेंगलुरु	9	2	7	4	-0.721

खेल डायरी

सेंथिल, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में

नई दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12,000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।

सिफत कौर ओलंपिक चयन ट्रायल में जीती

नई दिल्ली। सिफत कौर सामरा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया।

नौकायन में नेत्रा को दूसरा ओलंपिक कोटा

नई दिल्ली। नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नेत्रा 67 नेट अंक हासिल कर ओवरऑल लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' के अंतर्गत नौकाचालकों में शीर्ष पर रहकर कोटा हासिल किया।

ब्राजील की मार्टा ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की

ब्राजिलिया। ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

शुभंकर शर्माजापान में कट में प्रवेश से चूके

गोटेम्बा (जापान)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

लॉस एंजिलिस में अदिति की खराब शुरुआत

लॉस एंजिलिस। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

अगर तदर्थ समिति वापस आई तो फिर लगेगा प्रतिबंध : यूडब्ल्यूडब्ल्यू

नई दिल्ली, एजेंसी

कुश्ती की विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने शुक्रवार को भारत पर फिर से प्रतिबंध लगाने और उसके पहलवानों को अगले महीने होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर करने की धमकी दी, अगर खेल को चलाने के लिए तदर्थ समिति को फिर से लाया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जिसमें कहा गया कि उन परिस्थितियों को बताया जाए जिसके कारण राष्ट्रीय कुश्ती संस्था को चलाने के लिए तदर्थ समिति को भंग करना पड़ा।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) को लिखे एक पत्र में अपना रुख दोहराया कि वे किसी भी देश के राष्ट्रीय संघ के संचालन में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने डब्ल्यूएफआई को अपने ईमेल में लिखा, डब्ल्यूएफआई को खेल मंत्रालय द्वारा इसके मामलों की निगरानी के लिए एक तदर्थ समिति लाने की धमकी दी गई है।

उन्होंने डब्ल्यूएफआई को इस कदम के गंभीर प्रभावों की याद दिलाई जिसमें आगामी ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों को खतरे में डालना शामिल है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू कानून और ओलंपिक चार्टर के अनुसार राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता के सिद्धांत को बनाए रखने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहेंगे।

मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल

मैड्रिड। रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।

गत चैंपियन सबालेंका मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

गत चैंपियन और दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस के पहले दौर में माग्डा लिनेटे को शिकस्त दी। एलीना रिबाकिना ने लुसिया ब्रोंजेटी को मात दी जबकि अमेरिका की एशलिन क्रुजर ने इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। नाओमी ओसाका ने लियुडमिला सैमसोनोवा को हराया।

दीपिका सेमीफाइनल में पहुंची तीरंदाजों के चार पदक पक्के

शंघाई, एजेंसी

मां बनने के बाद शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दीपिका कुमारी ने जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दीपिका ने जियोन को 6.4 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा।

इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और

लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

लाहौर। न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई।

पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और 46 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 45 गेंदों में सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुए। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'' रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरूष टीम की नजर

चेंगडू (चीन), एजेंसी

भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना

है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा यह वर्ष कठिन होगा।

बॉलीवुड हलचल

करण की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।

दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

तैयारी जीत की — आत्मविश्वास से ओतप्रोत है दिल्ली, राजस्थान को भारी पड़ सकती है लखनऊ की बल्लेबाजी

दिल्ली के सामने खराब फार्म से जूझ रही मुंबई

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं।

वहीं, मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।

लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे रॉयल्स

लखनऊ। फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

स्याही वाली उंगली दिखाओ, फ्री में डोसा खाओ

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में मतदाताओं को लड्डू बांटते स्थानीय व्यवसायी।

चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग लगातार अभियान चलाता है, जिससे अधिक से अधिक लोग वोट करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाएं।

अब बेंगलुरु में स्थानीय व्यावसायिक संगठनों ने इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनोखी पहल की शुरुआत की है। इसके तहत शहर में मतदान करने वाले मतदाताओं को वोट देने पर मक्खन डोसा फ्री में खिलाए, अलग-अलग रेस्तरां के बाहर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं को मुफ्त डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य उत्पादों पर छूट दी गई। इनमें से कुछ रेस्तरां लोकसभा चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं को या तो मुफ्त में खाना दे रहे हैं या फिर बिल में छूट की पेशकश कर रहे हैं। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट में से 14 पर शुक्रवार को मतदान हुआ, जिनमें बेंगलुरु साउथ, सेंट्रल, नॉर्थ और ग्रामीण लोकसभा सीट भी शामिल हैं। यहां नृपतुंगा मार्ग पर स्थित निसर्ग ग्रांड होटल ने 'वोट माडी, ऊटा माडी' (वोट डालें और भोजन करें) अभियान के तहत मतदान करने वाले मतदाताओं को अपनी 'स्याही लगी उंगली' दिखाने पर मुफ्त बटर डोसा, लड्डू और जूस दिया। बीबीएचए के अध्यक्ष पीसी राव ने पिछले लोकसभा चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बेंगलुरु में मतदान केवल 54 प्रतिशत (औसत से काफी कम) रहा था जबकि शहर में शिक्षित और युवा मतदाताओं की अच्छी संख्या है लेकिन तब भी बहुत कम मतदान हुआ था। उन्होंने कहा, इसलिए हमने इस अनूठी पहल की घोषणा की।

द. भारत में जल संकट, 17% घटा जलाशयों का स्तर

नई दिल्ली, एजेंसी

गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत जल संकट का सामना कर रहा है। भीषण गर्मी में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी)ने गुरुवार को चिंताजन रिपोर्ट जारी की है, जिसमें जलाशयों के भंडारण स्तर की कमी को दर्शाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य रूस से दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य में चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। दक्षिणी क्षेत्र में 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

इसके विपरीत पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं, में पिछले साल और दस साल के औसत की तुलना में जल भंडारण स्तर में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है।

75 फीसदी भारतीयों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ 4% संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लैंकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है। इस इंडेक्स के हिसाब से 76% भारतीयों के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का 80 से 90% हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है।

23 जलाशयों की कुल क्षमता 39 फीसदी

आयोग ने कहा कि इस क्षेत्र में, 20.430 बीसीएम की कुल भंडारण क्षमता वाले 23 निगरानी जलाशयों में अभी 7.889 बीसीएम पानी है, जो उनकी कुल क्षमता का 39 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि (34 प्रतिशत) और दस साल के औसत (34 प्रतिशत) की तुलना में सुधार का संकेत है।

कुशल सिंचाई के द्वारा जल बचाने की जरूरत

भारत के कुल फसल उत्पादन का 90% हिस्सा 3 प्रमुख फसलों- धान, गन्ना और गेहूं का है। देश के अधिकांश किसान सतही सिंचाई का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें जल उपयोग की दक्षता 35% ही होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर सिंचाई जल का दक्षता से उपयोग किया जाए, तो 20% पानी को बचा सकते हैं।

एक नजर

पाक में चौक का नाम भगत सिंह रखने पर सरकार ने मांगा समय

लाहौर। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने शुक्रवार को शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के नाम पर रखने के मुद्दे पर हाईकोर्ट से और समय देने की मांग की। लाहौर हाईकोर्ट के न्यायाधीश शम्स महमूद मिर्जा, भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान की एक याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिका में शादमान चौक का नाम बदलकर भगत सिंह के नाम पर रखने के अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के लिए प्रांतीय और जिला सरकार के तीन शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी। अब पंजाब सरकार के महाधिवक्ता इमरान ने अदालत से कहा कि चौक बदलने को लेकर सरकार को और समय दिया जाना चाहिए।

तेलंगाना: परीक्षा परिणाम से आहत 7 विद्यार्थियों ने की आत्महत्या

हैदराबाद। परीक्षा में असफलता के कारण पिछले 48 घंटों में पूरे तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एग्जामिनेशन ने 24 अप्रैल को प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के परिणाम घोषित किए थे। महबुबाबाद के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, जिले के एक गांव में एक छात्रा ने अपने आवास पर फांसी लगा ली तो दूसरी ने कुएं में छलांग लगा दी। (पूर्वी क्षेत्र) के पुलिस उपायुक्त आर गिरिधर ने कहा कि सुल्तानबाजार के एक छात्र अपनी जान दे दी। वहीं शहर के नल्लाकुंटा के एक लड़का रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। मंचेरियल जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तीन छात्रों ने परीक्षा में असफल होने के कारण अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या कर ली है।

श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी

कोलंबो। श्रीलंका के जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए चौबीस भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को भारत वापस भेज दिया गया है। इससे दो दिन पहले भी पांच भारतीय मछुआरों के एक समूह को भारत भेजा गया था। अब चौबीस भारतीय मछुआरे श्रीलंका से स्वदेश वापस लौटे हैं। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा सभी मछुआरे कोलंबो से सवार हुए हैं और वर्तमान में अपने घर जा रहे हैं।

वियतनाम के संसद प्रमुख का इस्तीफा

हनोई। वियतनाम में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के बीच राष्ट्र की संसद के प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार 21 अप्रैल को व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद और शक्ति का दुरुपयोग करने के आरोप में उनके सहायक फाम थाई हा को गिरफ्तार किया गया था। इसके कुछ दिनों बाद संसद प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने भी इस्तीफा दे दिया है। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी ने ह्यू के स्वैच्छिक इस्तीफे को स्वीकार कर लिया। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स में यह नहीं कहा गया कि उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि ह्यू ने पार्टी के नियमों का उल्लंघन किया था।

डिजिटल से मजबूत हुई विकास की बुनियाद

यूएन में समावेशी बदलाव का यूएनजीए अध्यक्ष ने दिया भारत का उदाहरण, भारत के विकास में आई तेजी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की है। भारत की तरक्की का उदाहरण देते हुए डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत का विकास इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सामाजिक परिवर्तन और प्रगति का वाहक है और अगर समावेशी तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो ये सभी को समान अवसर मुहैया करा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने महासभा के 78वें सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'इस साल जनवरी में उन्होंने भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचा का व्यापक विस्तार हुआ है और इससे लाखों लोग, जो पहले आर्थिक व्यवस्था से बाहर थे, उन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से वित्तीय स्वतंत्रता और समृद्धि हासिल हुई है।' उन्होंने कहा 'जिस तरह से आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे की जरूरत है, उसी तरह से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सामाजिक परिवर्तन और प्रगति के वाहक के रूप में उभरा है। इसे समावेशी तरीके से लागू करके सभी को समान अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। फ्रांसिस ने कहा कि केवल सात वर्षों में भारत ने अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से अपने नागरिकों के लिए 80 प्रतिशत से अधिक वित्तीय समावेशन हासिल किया है, जो कि दुनिया भर में सभी डिजिटल लेनदेन का 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है। डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था ने कई समस्याओं को खत्म कर दिया है। नागरिक स्टैक जैसे मॉडल दक्षिण एशिया के सभी देशों में लागू होने चाहिए। इससे लोगों को सशक्त बनाने में, विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी सम्मेलन में मौजूद यूएन की स्थायी सदस्य रूचिरा कंबोज और अमिताभ कांत।

सम्मिलित प्रयासों से समावेशी दुनिया बना सकते हैं: अमिताभ

हमारा मानना है कि हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से एक समावेशी और समृद्ध दुनिया बना सकते हैं। सम्मेलन को भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद दुनिया ने कर्ज, जलवायु परिवर्तन, ईंधन और फर्टिलाइजर की चुनौतियां देखी हैं। यूरोप और मध्य पूर्व में संघर्ष हो रहे हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक उम्मीद की किरण है कि डिजिटल तकनीक से हम साथ-साथ विकास कर सकते हैं। कांत ने कहा कि डीपीआई की मदद से कमजोर वर्गों, महिलाओं और छोटे और मध्यम उद्योगों को मदद मिलती है और बिना इसके सतत समावेशी विकास संभव नहीं है।

भारत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में वैश्विक नेता बना

डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि दुनिया की तीन अरब आबादी ने कभी भी इंटरनेट का उपयोग नहीं किया है। ऐसे में अंतर सरकारी स्तर पर इस डिजिटल विभाजन को खत्म करने और एक तिहाई आबादी को डिजिटल बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में वैश्विक नेता बन गया है।

भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में सभी की सहभागिता

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा अन्य देशों को भी प्रेरित करे और सभी इससे सीख लें और अपनी डिजिटल प्राथमिकताएं तय करें। संयुक्त राष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने मिलकर नागरिक स्टैक : डिजिटल बुनियादी ढांचा, नागरिकों को लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समावेशी विकास और सभी को समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे की मदद से भारत में हो रहे विकास को साझा किया। सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि भारत ने ऐसी नीति बनाई है, जिससे डिजिटल क्रांति का सभी को लाभ मिले। वैष्णव ने कहा कि इस दृष्टिकोण ने ही इंडिया स्टैक को जन्म दिया, जो कि डिजिटल टूल्स का गुलदस्ता है और जो सभी के लिए उपलब्ध है। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास असल मायनों में सरकार, निजी क्षेत्र, गैर लाभकारी संस्थाएं आदि सभी की सहभागिता का नतीजा है।

बाइक पर स्टंट करता पकड़ा स्पाइडर कपल, काटा चालान

नई दिल्लीर। दिल्ली में 19 वर्षीय एक युवती और एक युवक को स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और बिना हेलमेट बाइक चलाने मामले में पुलिस ने पकड़ा और उनका चालान काट दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान आदित्य (20) और अंजलि (19) के रूप में हुई है, जो नजफगढ़ के रहने वाले हैं।

सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और दिल्ली की 'अर्बन एक्सटेंशन रोड-2' पर बिना नंबरप्लेट वाली बाइक पर बगैर हेलमेट के स्टंट करता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच करने के बाद युवक और युवती के खिलाफ बिना हेलमेट, लाइसेंस, बिना नंबर प्लेट की बाइक चलाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

सेवा विवाद: केंद्रीय कानून के विरुद्ध दिल्ली सरकार की याचिका को सूचीबद्ध करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्रीय कानून के खिलाफ अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने के दिल्ली सरकार के अनुरोध पर गौर करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना और निर्दोष पीड़ित बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार करना सबसे गंभीर प्रकार की मानसिक क्रूरता है। दिल्ली हाईकोर्ट ने तलाक की अर्जी खारिज करते हुए टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा कि क्रूरता का शिकार महिला हुई है, पुरुष नहीं। अदालत ने कहा कि जीवनसाथी पर लगाए गए विश्वासघात के निंदनीय, निराधार आरोप और यहां तक कि बच्चों को भी नहीं बख्शना, अपमान और क्रूरता का सबसे खराब रूप होगा, जो व्यक्ति के लिए तलाक मंजूर नहीं करने के लिए पर्याप्त है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना कृष्ण बंसल की पीठ ने कहा कि तलाक की याचिका खारिज करने वाली कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देने संबंधी व्यक्ति की अपील में कोई दम नहीं है। पीठ ने कहा कि पति पत्नी के खिलाफ लगाये गये अपने किसी भी आरोप को साबित नहीं कर पाया है और उसने आत्महत्या करने की धमकी देने और आपराधिक मामलों में फंसाने के बारे में अस्पष्ट आरोप लगाए हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि विवाह एक ऐसा संबंध है जो आपसी विश्वास पर फलता-फूलता है और एक मधुर संबंध में कभी भी किसी की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाई जाती।

पतंग उत्सव

पेरिस : फ्रांस के बर्क-सुर-मेर का आकाश इन दिनों रंगों से भरा दिखाई दे रहा है। वजह- अंतर्राष्ट्रीय पतंग उत्सव। इसमें देश-विदेश के पतंगबाज और कलाकार शामिल हो रहे हैं। 28 अप्रैल तक चलने वाले इस पतंग उत्सव में इस बार 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं। ● एजेंसी

गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस ने युवक पर चलाईं गोलियां, भारतवंशी की मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका में एक 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की सैन एंटोनियो में पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक को अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मारने और एक महिला पर गंभीर हमले के मामले में पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची थी। जहां उसकी गोलीमार कर हत्या कर दी।

बेक्सर काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने कहा कि पिछले वीकेंड पर पुलिस के साथ विवाद के दौरान 21 अप्रैल को टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में कई गोलियां लगने से सचिन कुमार साहू की मौत हो गई। सचिन कुमार साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा सचिन पर दो अधिकारियों को टक्कर मारने व अपने रूममेट पर हमला करने का आरोप था। उन्होंने कहा आगे की जांच जा रही है।

● दो पुलिस अधिकारी व रूममेट को टक्कर मारने का था आरोप, यूपी का रहने वाला था मृतक सचिन साहू

भारतीय के लिए सुरक्षित है अमेरिका

नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक सुरक्षित देश है और यह भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करता है। उन्होंने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता को आश्वासन दिया कि जब तक वे अमेरिका में है, तो उनके बच्चे हमारे बच्चे हैं। जनवरी से अब तक अमेरिका में भारतीय मूल के आधा दर्जन छात्रों की हत्या के सवाल पर उन्होंने कहा-हम अमेरिका में भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करते हैं। अमेरिका में अनेक संसाधन मौजूद हैं, जो छात्रों को तैयारी करने में मदद कर सकते हैं।

भारतीय-रूसी कंपनियों को मिली श्रीलंका के हंबनटोटा की जिम्मेदारी

कोलंबो। श्रीलंकाई सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत और रूस की कंपनियां हंबनटोटा में मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगी। बता दें कि कि इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दुनिया का सबसे खाली हवाई अड्डा करार दिया गया था। अब सरकार के प्रवक्ता बंडुला गनवार्डेना ने कहा कि 9 जनवरी को श्रीलंकाई कैबिनेट की बैठक हुई।

इसमें नेताओं द्वारा अपने अपने पक्ष रखे गए और इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए। कैबिनेट द्वारा भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए मटाला अतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

चुनावी फायदे के लिए पाकिस्तान को न घसीटें भारतीय राजनेता

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय नेताओं से आग्रह किया कि वे चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदे के लिए अपने भाषणों में उसे न घसीटें। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि उनका देश जम्मू-कश्मीर को लेकर भारतीय नेताओं के सभी दावों को खारिज करता है।

उन्होंने कहा, भारतीय नेता चुनावी कारणों से भारत के लोकलुभावन सार्वजनिक विमर्श में पाकिस्तान को घसीटने की अपनी प्रवृत्ति बंद करें। बलोच ने कहा, हम जम्मू-कश्मीर पर अनुचित दावे करने वाले भारतीय नेताओं के भड़काऊ बयानों में चिंताजनक रूप से वृद्धि देख रहे हैं। पाकिस्तान इन दावों को खारिज करता है। अति-राष्ट्रवाद से प्रेरित, यह भड़काऊ बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और संवेदनशीलता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है।

विज्ञान वैज्ञानिकों को मिली सफलता, इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता है

चंद्रमा पर गड्ढे से पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह का रहस्य उजागर

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर बने गड्ढे व पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह के बीच संबंध का पता लगाने की बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसका नाम 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह है। इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था। दरअसल कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह व चंद्रमा के सुदूर भाग में स्थित विशाल गड्ढे की कहानी बड़ी रोचक है।

यह गड्ढा 21 किमी चौड़ा है। और चंद्रमा के सुदूर भाग पर स्थित है। नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर कैमरे ने इस गड्ढे की तस्वीर ली है। इस गड्ढे का मिलान 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह से किया गया तो पता चला कि यह गड्ढा इसी क्षुद्रग्रह के कारण बना है। कालांतर में यह क्षुद्रग्रह चंद्रमा से टकराया होगा और वापस अंतरिक्ष में छिटक गया। इसके बाद अपनी कक्षा में घूमने लगा। इस क्षुद्रग्रह के बारे में पूर्व में कहानियां भी लिखी गयी हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसे कभी पृथ्वी का अर्ध उपग्रह भी माना जाता था। यह चंद्रमा की तरह कक्षीय अवधियों में पृथ्वी के करीब रहता है और आने वाली कई शताब्दियों तक इसकी कक्षा स्थिर बनी रहेगी।

सूर्य के चारों ओर इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा के साथ समकालिक है। इसके बारे में 2021 में स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से इसका पता लगा लिया था। खगोलविदों ने नेचर एस्ट्रोनॉमी में इस नए शोध को प्रकाशित किया है। चंद्रमा में इस दूर के गड्ढे नाम जिओर्डानो ब्रूनो है। 16वीं सदी के इतालवी दार्शनिक, कवि, ब्रह्माण्ड संबंधी सिद्धांतकार और गूढ़विद्या पर इसका नाम पर रखा गया है। नासा समेत कई देशों के वैज्ञानिकों के सामूहिक शोध से इस रहस्य का खुलासा हुआ।

चंद्रमा पर बना गड्ढा।

तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा करेगा नमूने एकत्र

2025 में लॉन्च होने वाला चीनी तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा के नमूने एकत्र करेगा। बाद में वापस पृथ्वी में लाएगा। दूसरा मिशन नासा का एन इ ओ सर्वेक्षक अंतरिक्ष दूरबीन को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इन दोनों मिशन के अध्ययन से इस क्षुद्रग्रह कामो'ओलेवा के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाएगा।

फिलिस्तीन समर्थित प्रदर्शन के दौरान भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली भारतीय मूल की एक छात्रा समेत दो विद्यार्थियों को परिसर में फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और उनके परिसर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है। अचिंत्य शिवलिंगन कोयंबटूर में जन्मी और कोलम्बस में पली-बढ़ी हैं। विवि की एक प्रवक्ता ने बताया कि अचिंत्य को विवि परिसर में प्रवेश से रोक दिया गया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने गुरुवार सुबह करीब सात बजे मैककॉश के प्रांगण में फिलिस्तीन के समर्थन में टेंट लगाकर डेरा डाल लिया। विवि की चेतावनी के बाद प्रिंसटन के दो विद्यार्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया और टेंट को हटा दिया गया, लेकिन अन्य प्रदर्शनकारियों ने धरना जारी रखा।

तिब्बत की स्वायत्तता की मांग पर बातचीत से चीन का इनकार

बीजिंग, एजेंसी

● चीन बोला- दलाई लामा के प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे...न कि भारत में बैठे निर्वासित अफसरों से

चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह केवल दलाई लामा के प्रतिनिधियों से बात करेगा, न कि भारत में स्थित निर्वासित तिब्बती सरकार के अधिकारियों से। साथ ही दलाई लामा की तिब्बत की स्वायत्तता की लंबे समय से लंबित मांग पर बातचीत से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन निर्वासित तिब्बती सरकार और चीनी सरकार के बीच पर्दे के पीछे बातचीत की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

वांग ने कहा कि चीन धर्मशाला स्थित निर्वासित तिब्बती सरकार को अलगाववादी गुट मानता है। यह पूरी तरह से चीनी संविधान और कानूनों के खिलाफ है, यह अवैध है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश ने इसे मान्यता नहीं दी है। बता दें, तिब्बत की निर्वासित सरकार के राजनीतिक प्रमुख पेन्पा त्सेरिंग ने गुरुवार को धर्मशाला में पत्रकारों के से कहा था कि पिछले साल से हमारे बीच पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है, लेकिन हमें तत्काल कोई अपेक्षा नहीं है। वांग ने कहा कि दलाई लामा के समूह के वार्ता को दो बुनियादी सिद्धांत हैं। पहला, निर्वासित सरकार या तथाकथित प्रशासनिक प्रतिनिधियों के बजाय दलाई लामा के प्रतिनिधियों से बात करेंगे। दूसरा, बातचीत व्यवस्था पर होगी, न कि तिब्बत की स्वायत्तता को लेकर, जो दलाई लामा की मुख्य मांग है।